


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-29 अंक : 220 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु. 2 2081 शनिवार, 2 नवंबर-2024

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ✻ पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

## जम्मू-कश्मीर के बडगाम में आतंकी हमला

**यूपी के दो युवकों को गोली मारी, 12 दिन पहले 7 लोगों की हत्या हुई थी**

श्रीनगर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर के बडगाम के मजहामा गांव में आतंकियों ने दो गैर कश्मीरी लोगों को गोली मारी दी। दोनों घायलों को अस्पताल में एडमिट कराया गया है। घायलों की पहचान सुफियान और उस्मान के रूप में हुई है। दोनों यूपी में सहारनपुर के रहने वाले हैं। ये बडगाम में जल जीवन प्रोजेक्ट में काम कर रहे थे। पिछले 12 दिनों में जम्मू-कश्मीर में गैर कश्मीरी लोगों पर यह दूसरा हमला है। 20 अक्टूबर को गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में आतंकियों ने 7 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इनमें एक डॉक्टर की पहचान शहनवाज अहमद के तौर पर हुई थी।

### सरदार पटेल की जयंती पर केवड़िया में मोदी ने कहा

# एक हैं तो सेफ हैं



केवड़िया, 1 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती और एकता दिवस के मौके पर गुजरात के केवड़िया पहुंचे। उन्होंने कहा- कभी हम स्कूल-कॉलेज में एकता के गीत गाते थे कि हिंद देश के निवासी सभी जन एक हैं, रंग-रूप, भेष-भाषा चाहे अनेक हैं।

पीएम ने कहा कि आज कोई अगर कोई कहता है कि एक हैं तो सेफ हैं तो कुछ लोग इसे गलत बताने लगते हैं। इन लोगों को देश की एकता अखर रही है। हमें ऐसी प्रवृत्ति से पहले से भी ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। इसके अलावा पीएम ने आतंकवाद, अलगाववाद, नक्सलवाद, विदेश नीति समेत 8 मुद्दों को जिक्र किया। इससे पहले पीएम ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित की और एकता दिवस की शपथ दिलाई। उन्होंने एकता परेड देखी, जिसमें 9 राज्यों और 1 केंद्रशासित प्रदेश की पुलिस, 4 केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, एनसीसी और एक मार्चिंग बैंड की 16 मार्चिंग टुकड़ियां शामिल हुईं।

**कुछ लोग एक हैं तो सेफ हैं के नारे को गलत बता रहे :**

कुछ लोग अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। वे भारत को चोट पहुंचाने में जुटे हैं। वे चाहते हैं कि दुनिया में भारत की गलत छवि उभरे। ये लोग भारत की सेनाओं को टारगेट करने में लगे हैं। मिस इन्फॉर्मेशन कैंपेन चलाए जा रहे हैं। ये लोग जात-पात के नाम विभाजन करने में लगे हैं।

कभी हम स्कूल-कॉलेज में एकता के गीत गाते थे- हिंद देश के निवासी सभी जन एक हैं, रंग-रूप, भेष-भाषा चाहे अनेक हैं। आज कोई अगर कह दे कि एक हैं तो उसे फेक कहते हैं। अगर कोई कहता है कि एक हैं तो सेफ हैं तो इसे गलत बताते हैं। इन लोगों को देश की एकता अखर रही है। हमें ऐसी प्रवृत्ति से पहले से भी ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है।

**अर्बन नक्सलवाद को हमें पहचानना होगा :**

कुछ लोग भारत के जन-जन के बीच देश के तोड़ने के काम कर रहे हैं। अर्बन नक्सलियों के गठजोड़ को हमें पहचानना होगा। आदिवासियों को गुमराह करने वाला नक्सलवाद कमजोर पड़ा तो अर्बन नक्सलवाद बढ़ गया। हमें मुंह पर नकाब पहनने वाले लोगों को पहचानना होगा। आज हालत ये हो गई है कि एकता का बात करना गुनाह बताया जाने लगा है।

**हम वन नेशन वन इलेक्शन पर काम कर रहे :**

बीते 10 साल में भारत ने विविधता में एकता में जीने के हर प्रयास में सफलता पाई है। आज वन नेशन, वन आइडेंटिटी यानी आधार की चर्चा दुनियाभर में हो रही है। हमने वन नेशन, वन टैक्स सिस्टम बनाया। हमने वन नेशन, वन ग्रिड की संकल्पना पूरी की। हमने आयुष्मान भारत के रूप में वन नेशन, वन इंश्योरेंस की सुविधा देश को दी है। अब हम वन नेशन, वन इलेक्शन पर काम कर रहे हैं। यह भारत के लोकतंत्र को मजबूती देगा। इससे भारत विकास की नई गति और समृद्धि प्राप्त करेगा।

**भारत सेक्युलर सिविल कोड की तरफ बढ़ रहा :**

आज भारत सेक्युलर सिविल कोड की तरफ बढ़ रहा है। इसके मूल में सरदार साहब की बात ही हमारी प्रेरणा है। अलग-अलग वर्गों में जो शिकायत का भाव रहता है, वो दूर होगा। देश में एकता का संकल्प सिद्ध करेगा। आजादी के 7 दशक बाद एक देश, एक संविधान का सपना पूरा हुआ। 70 साल तक बाबा साहेब अंबेडकर का संविधान पूरे देश में लागू नहीं हुआ था। कई लोगों ने संविधान का अपमान किया था। जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 दीवार बनकर खड़ा था, ये विकास से वंचित रखता था। इसे हमेशा के लिए जमीन में गाड़ दिया गया है। जम्मू-कश्मीर में पहली बार मुख्यमंत्री में भारत के संविधान की शपथ ली है। ये भारत के संविधान निर्माताओं को संतोष देता होगा।

**जम्मू-कश्मीर ने अलगाव के एजेंडे को खारिज किया :**

जम्मू-कश्मीर की जनता ने अलगाव के एजेंडे को खारिज कर दिया है। आज आतंकियों को पता है कि भारत को नुकसान पहुंचाया तो भारत छोड़ेगा नहीं। नॉर्थईस्ट में विश्वास से समझौते किए और सालों का झगड़ा खत्म किया। नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा से लंबे समय से चल रही अशांति खत्म की है।

### 'भारत एक इंच जमीन से भी समझौता नहीं कर सकता'

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशस्त्र बलों के साथ दिवाली मनाने की अपनी परंपरा को इस बार भी जारी रखा। पीएम मोदी ने इस बार गुजरात में कच्छ जिले के सर क्रीक में इस बार दिवाली मनाई। यह जगह भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक स्थित है। इस बार पीएम मोदी ने दिवाली के मौके पर देशवासियों के साथ ही पड़ोसी मुल्कों को भी संदेश दिया। पीएम ने भारत की सुरक्षा को लेकर सेना की ताकत के साथ ही भारत की मजबूत रणनीति की भी बानगी पेश की।

पीएम मोदी ने कहा कि भारत अपनी सीमा की एक 'इंच' जमीन से भी समझौता नहीं कर सकता। साथ ही लोगों को देश की रक्षा के लिए अपनी सेना की ताकत पर विश्वास है। उन्होंने भारत के शत्रु जब भारतीय सशस्त्र बलों की ओर देखते हैं तो उन्हें अपने बुरे मंसूबों का अंत दिखाई देता है। पीएम ने इस तरह से सेना के मनोबल को फिर मजबूत किया।

भारत के लोगों को लगता है कि उनका देश आपके कारण सुरक्षित है, दुनिया जब आपको देखती है, तो उसे भारत की ताकत दिखाई देती है और जब दुश्मन आपको देखता है, तो उसे बुरे मंसूबों का अंत दिखाई देता है। जब आप जोश में दहाड़ते हैं, तो आतंक के आका कांप जाते हैं।

# जम्मू-कश्मीर यूटी के स्थापना दिवस का एनसी-कांग्रेस ने बहिष्कार किया

### एलजी बोले- इन्होंने संविधान की शपथ ली, अब बहिष्कार कर रहे, यह दोहरा चरित्र है



श्रीनगर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर यूनियन टैरेटरी के 5वें स्थापना दिवस पर गुरुवार को श्रीनगर में ऑफिशियल इवेंट आयोजित किया गया था, जिसमें सत्ताधारी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के विधायकों ने बहिष्कार किया। कांग्रेस और एनसी ने कहा कि वे जम्मू-कश्मीर को यूनियन टैरेटरी नहीं मानते हैं। जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द स्टेटहुड मिलना चाहिए। इसे उपराज्यपाल मनोज सिन्हा दोनों पार्टियों का दोहरा चरित्र बताया है। एलजी ने कहा कि कांग्रेस और एनसी के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर यूटी के विधायकों के रूप में संविधान की शपथ ली है। फिर वे ऑफिशियल इवेंट का बहिष्कार कैसे कर सकते हैं। एक तरफ वे शपथ लेकर विधायक बने, दूसरी तरफ आधिकारिक कार्यक्रम का बहिष्कार कर रहे हैं। यह इनका दोहरा चरित्र दर्शाता है।

दरअसल, 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था।

**स्थापना दिवस के बहिष्कार पर 3 नेताओं के बयान :**

> **सीएम उमर अब्दुल्ला :** जम्मू-कश्मीर लंबे समय तक केंद्र शासित प्रदेश नहीं रहेगा। हम अपना राज्य का दर्जा वापस लेंगे। हम बिजली, सड़क, पानी और रोजगार की जरूरतों को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। अगर हमारी पहचान कुछ नहीं है, तो इन विकास कार्यों का कोई मतलब नहीं है।

> **पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती :** यह स्थापना दिवस नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के लिए काला दिवस है। यह विकास का नहीं, बल्कि अधिकारों से दूर रखने की निशानी है। यह तब तक काला दिवस ही रहेगा जब तक राज्य का दर्जा नहीं मिल जाता।

> **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष तारीक कर्रा :** जम्मू-कश्मीर में कोई भी संवेदनशील व्यक्ति, जो केंद्र शासित प्रदेश और राज्य के बीच का अंतर समझता है, वह कभी भी इस दिन को नहीं मनाएगा। कांग्रेस ने कभी भी अपने दिल में जम्मू-कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश के रूप में मान्यता नहीं दी और हम राज्य के दर्जे के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल (एलजी) को भेजा गया था। एलजी मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद गृह मंत्रालय को भेज दिया था।

**जम्मू-कश्मीर को राज्य के दर्जे की कानूनी प्रक्रिया...**

> जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुर्नगठित किया गया था। इसलिए पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए संसद में एक कानून पारित कर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव करना होगा। यह बदलाव संविधान की धारा 3 और 4 के तहत होंगे।

> राज्य का दर्जा देने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में नए कानूनी बदलावों का अनुमोदन जरूरी होगा, यानी संसद से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलना जरूरी है। मंजूरी के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी के बाद जिस दिन राष्ट्रपति इस कानूनी बदलाव की अधिसूचना जारी करेंगे।

# छठ पूजा पर होगी छुट्टी

### दिल्ली एलजी ने आतिशी को लिखा पत्र, सीएम ने सात नवंबर को घोषित किया सार्वजनिक अवकाश



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर सात नवंबर को दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह किया था, इस पर मुख्यमंत्री आतिशी ने ट्वीट कर जानकारी दी कि मुझे यह बताते हुए खुशी है कि दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है कि लाक नवंबर को छठ के त्यौहार की छुट्टी होगी, ताकि सभी पूर्वांचली भाई-बहन धूम-धाम से छठ का त्यौहार मना सकें।

बता दें कि सात नवंबर को छठ पर्व है और इसको ध्यान में रखकर राज्यपाल सार्वजनिक छुट्टी घोषित किए जाने की फाइल जल्द से जल्द भेजने को लेकर आतिशी को पत्र लिखा था। पत्र में उपराज्यपाल ने लिखा था, कुछ ही दिनों में हम छठ मना रहे होंगे। आस्था का यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है, जिसमें तीसरा दिन जब अस्ताचल सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया जाता है, सबसे महत्वपूर्ण है। इस साल सात नवंबर को पड़ने वाला यह दिन पहले से प्रतिबद्ध अवकाश के रूप में घोषित है। मेरा आग्रह है कि सरकार सात नवंबर को पूर्णकालिन अवकाश के रूप में घोषित करे और इससे संबंधित फाइल शीघ्रातिशीघ्र प्रेषित की जाए।

## अहमदाबाद में कचरे से बनेगी बिजली

### केंद्रीय गृह मंत्री ने 375 करोड़ से बने प्लांट का किया उद्घाटन

अहमदाबाद, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अहमदाबाद में कचरे से अब बिजली बनाई जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अहमदाबाद में 15 मेगावाट के बिजली संयंत्र का उद्घाटन किया। राज्य सरकार ने बताया कि 375 करोड़ की लागत से अहमदाबाद के पिपलाज गांव में पीपीपी मॉडल पर प्लांट का निर्माण कराया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और स्वास्थ्य मंत्री रुशिकेश पटेल ने 15 मेगावाट के प्लांट का उद्घाटन किया। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने प्लांट का दौरा करके अधिकारियों से संचालन के बारे में जानकारी एकत्र की। राज्य सरकार के मुताबिक प्लांट से जहां एक ओर बिजली का उत्पादन होगा, वहीं दूसरी ओर शहर को साफ रखने और प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी। इस प्लांट में प्रतिदिन शहर के एक हजार मीट्रिक टन कचरे से 15 मेगावाट बिजली बनाई जाएगी।

**रोज निकलता है हजारों एमटी कूड़ा :**

अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) हर दिन शहर से हजारों मीट्रिक टन कचरा पिराना डंप साइट पर डंप करता है। डंप स्थल पर लग रहे शहरी कचरे के ढेर के निपटाने के लिए नगर निगम ने अब एक कदम आगे बढ़ाया है।

**ऐसे काम करेगा प्लांट :**

प्लांट रिवर्स ग्रेट फायरिंग का उपयोग करके कचरे को जलाकर भाप उत्पन्न करेगा। इसके बाद भाप का उपयोग बिजली पैदा करने के लिए किया जाएगा। इसकी ग्रिड में आपूर्ति की जाएगी। इस सुविधा से शहर में काफी प्रदूषण कम होगा।

# ईसी ने खुद को क्लीन चिट दी

### हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने फिर चुनाव आयोग को घेरा



मल्लिकार्जुन खड़गे
कांग्रेस अध्यक्ष

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने एक बार फिर हरियाणा विधानसभा चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग को घेरा है। कांग्रेस ने कहा कि आयोग ने हरियाणा चुनाव से संबंधित उसकी शिकायतों पर स्पष्टीकरण देने के बजाय गोल-मोल जवाब दिए। इतना ही नहीं उसने ईसी पर खुद को ही क्लीन चिट देने के भी आरोप लगाए।

**कांग्रेस ने क्या कहा?**

कांग्रेस ने कहा, हरियाणा चुनाव को लेकर हमारी शिकायतें स्पष्ट थीं, निर्वाचन आयोग ने पहले की तरह ढुलमुल रवैया अपनाते हुए शिकायतों को रफा-दफा किया। पार्टी ने तंज कसते हुए कहा कि कोई आश्चर्य की बात नहीं है, चुनाव आयोग ने खुद को क्लीन चिट दी। हरियाणा चुनाव से संबंधित शिकायतों पर इसके जवाब का लहजा अहंकार भरा था। कांग्रेस ने आगे कहा, चुनाव आयोग का यह लक्ष्य है कि वह अपने तटस्थ स्वरूप को पूरी तरह खत्म करना चाहता है तो वह इस दिशा में जबरदस्त रूप से आगे बढ़ रहा है।

**चुनाव आयोग दे चुका है आरोपों पर जवाब :**

इससे पहले चुनाव आयोग ने हरियाणा चुनाव में किसी भी तरह की अनियमितता के कांग्रेस के आरोपों को निराधार, गलत और तथ्यहीन बताकर खारिज कर दिया है। आयोग ने कांग्रेस पार्टी को चुनाव दर चुनाव निराधार आरोपों से दूर रहने के लिए भी लिखा है।



राजीव कुमार
मुख्य चुनाव आयुक्त

इसके साथ ही चुनाव आयोग ने बीते एक साल के पांच ऐसे विशिष्ट मामलों का हवाला भी दिया है। आयोग ने इन मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को बिना किसी सबूत के चुनावी कार्यों पर आदतन हमलों से बचना चाहिए।

चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी को लिखे गए पत्र में 'सामान्य' संदेह का दावा कर हवा बनाने का आरोप लगाया। इस संदर्भ में आयोग ने कांग्रेस को सख्ती के साथ भविष्य में निराधार आरोपों से बचने का परामर्श भी दिया है।

## पेंशनर्स को 1 दिसंबर से पहले जमा करना होगा ये डॉक्यूमेंट

### वरना अटक सकती है पेंशन

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। रिटायर्ड सरकारी कर्मचारियों को पेंशन का लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ दस्तावेज जमा करवाने होंगे। पेंशन हासिल करते रहने के लिए उन्हें लाइफ सर्टिफिकेट या जीवन प्रमाण सर्टिफिकेट देना होगा। ऐसा करने के बाद ही उन्हें पेंशन मिलती रहेगी। दस्तावेज जमा करने वाले खिड़की 1 नवंबर से खुल जाएगी और 30 नवंबर को बंद हो जाएगी। हालांकि 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले लोगों के लिए लाइफ सर्टिफिकेट या 'जीवन प्रमाण पत्र' को जमा करने की खिड़की 1 से 30 नवंबर तक जारी रहेगी।

ये स्पेशल प्रोविजन सरकार की तरफ से जारी किया गया है और ज्यादा उम्र वाले पेंशनर्स के लिए कुछ ज्यादा समय दिया गया है। हालांकि सभी के लिए खिड़की 30 नवंबर तक ही खुली रहेगी।

**कैसे कर सकते हैं ऑनलाइन जमा-**

> पेंशन का लाभ प्राप्त करने वाले यूजर्स आसानी से आधार फेस आरडी ऐप्स और जीवन प्रमाण का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसकी मदद से वह अपना फेस, फिंगरप्रिंट और आईआरआईएस बायोमेट्रिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

> ऐसे करने के लिए आपको एंड्रॉयड स्मार्टफोन का इस्तेमाल करना होगा और उसमें 5एमपी का फ्रंट कैमरा होना चाहिए।

> ध्यान रहे कि आपका आधार नंबर पेंशन जारी करने वाली अथॉरिटी के साथ अपडेटेड हो।

> गूगल प्ले स्टोर पर जाकर 'आधफेसआरडी' और 'जीवन प्रमाण फेस ऐप' डाउनलोड कर सकते हैं।

> ऑपरेटर की ऑथेंटिकेशन को पूरा करना होगा और इसके लिए आपको ऑपरेटर का फेस स्कैन करना होगा।

> यहीं पर आपको पेंशनर की अन्य डिटेल दर्ज करनी होगी और फोटो लेने के बाद सभी डिटेल दर्ज करनी होगी।

> अंत में आपको जीवन प्रमाण पत्र डाउनलोड करने वालाक एक लिंक भेज दिया जाएगा।

>14

# लद्दाख के डेमचोक सेक्टर में फिर शुरू हुई भारत-चीन की सेनाओं की गश्त



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और चीन के बीच तनाव कम होता नजर आ रहा है। दोनों ही देशों ने लद्दाख स्थित वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से सेनाओं को पीछे हटाने के वादे को हाल ही में पूरा किया। इसी कड़ी में गुरुवार को भारत-चीन की सेनाओं के बीच दिवाली पर मिठाइयों का भी आदान-प्रदान हुआ। शुक्रवार को दोनों देशों ने सीमाई समझौते का पालन करते हुए गश्त भी शुरू कर दी है। बताया गया है कि अभी दोनो देशों की सेनाओं ने इस गश्त को डेमचोक सेक्टर में शुरू किया है। हालांकि, आने वाले दिनों में देपसांग सेक्टर में भी भारतीय और चीनी सैनिकों की गश्त शुरू हो सकती है।

**अरुणाचल में चीन सीमा पर पहुंचे किरेन रिजिजू :**

इस बीच केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक वीडियो पोस्ट किया है। इसमें उन्होंने कहा कि वह अरुणाचल प्रदेश के बुमला में सेना के जवानों के साथ दिवाली मनाने पहुंचे थे। यहां चीनी सेना के जवानों से बात करने और इन्फ्रास्ट्रक्चर को देखकर हर किसी को भारत के सीमाई इलाकों के विकास पर गर्व होगा।

**पूर्वी लद्दाख में तनाव कम होने की उम्मीद :**

पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर सैनिकों के पीछे हटने और गश्त के दोबारा शुरू होने को दोनों देशों के बीच चार साल से अधिक समय से जारी गतिरोध को खत्म करने की दिशा में एक बड़ी सफलता के तौर पर देखा जा रहा है। जून 2020 में गलवां घाटी में हुई झड़प के बाद पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर टकराव की स्थिति थी और भारत-चीन संबंध निचले स्तर पर पहुंच गए थे।

**21 अक्टूबर को भारत चीन के बीच सीमा समझौते का हुआ था एलान :**

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने 21 अक्टूबर को दिल्ली में एलान किया कि पिछले कई हफ्तों से चल रही बातचीत के बाद भारत और चीन के बीच एक समझौते को अंतिम रूप दिया गया है और इससे 2020 में उठे मुद्दों का समाधान निकलेगा। पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त और सैनिकों के पीछे हटने पर समझौते को अंतिम रूप दिया गया, जो चार साल से चल रहे गतिरोध को खत्म करने की दिशा में एक बड़ी सफलता है।

**पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति ने किया था स्वागत :**

इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच रूस के कजान में ब्रिक्स सम्मेलन से इतर मुलाकात में इस समझौते को लेकर चर्चा भी हुई थी। मुलाकात में पीएम मोदी ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गतिरोध वाले इलाकों से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर भारत-चीन में बनी सहमति का स्वागत किया था। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय वार्ता तंत्र को फिर शुरू करने के निर्देश दिए थे, जिसे 2020 में हुई सैन्य झड़प के बाद प्रभावित हुए संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है।

## बिहार के रहने वाले आरके सिंह ने रक्षा सचिव का पदभार संभाला

### 1989 बैच के हैं आईएएस अधिकारी



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मोदी सरकार ने अगस्त में राजेश कुमार सिंह (आरके सिंह) को नया रक्षा सचिव नियुक्त किया था। अरमानी गिरधर के रिटायर होने के बाद आज आरके सिंह ने नए रक्षा सचिव का कार्यभार संभाल लिया है।

**दो साल तक संभालेंगे ये पद :**

आरके सिंह का दो सालों तक कार्यकाल होगा। उन्होंने साउथ ब्लॉक में कार्यभार संभाला हैं, जहां मंत्रालय स्थित है। बता दें कि बिहार के रहने वाले आरके सिंह केरल कैडर के 1989 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

**20 अगस्त को मिली थी रक्षा सचिव नामित की जिम्मेदारी :**

रक्षा सचिव बनने से पहले वह रक्षा मंत्रालय में ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्यूटी (रक्षा सचिव नामित) का कार्यभार संभाल रहे थे। रक्षा मंत्रालय में रक्षा सचिव नामित की यह तैनाती उन्हें इसी वर्ष 20 अगस्त को मिली थी। एक नवंबर को कार्यभार संभालने से पहले राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में शहीद नायकों को पुष्पांजलि अर्पित की और श्रद्धांजलि दी।

**क्या बोले आरके सिंह?**

उन्होंने कहा, देश, मातृभूमि की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमारे बहादुर सैनिकों का सदैव ऋणी रहेगा। हमारे जवानों की असाधारण बहादुरी और बलिदान भारत को एक सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए हमें शक्ति देते हैं व ये बलिदान हमारे प्रेरणा स्रोत हैं।

# पद्मश्री अर्थशास्त्री डॉ. बिबेक देबरॉय का निधन

**पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष थे; सभी पुराणों का अंग्रेजी में अनुवाद किया**



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष डॉ. बिबेक देबरॉय का शुक्रवार को निधन हो गया। वे 69 साल के थे। एम्स दिल्ली की ओर से जारी बयान में कहा गया उन्हें आंतों से जुड़ी बीमारी (इंटेस्टाइन इन्फेक्शन) था। सुबह करीब 7 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित देबरॉय नीति आयोग के सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने नई पीढ़ी के लिए सभी पुराणों का अंग्रेजी में आसान अनुवाद लिखा था।

डॉ. देबरॉय की प्रारंभिक शिक्षा कोलकाता के नरेन्द्रपुर में रामकृष्ण मिशन स्कूल में हुई। इसके बाद उच्च शिक्षा उन्होंने कोलकाता के प्रेसीडेंसी कॉलेज, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज से पूरी की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- डॉ. बिबेक देबरॉय जी एक प्रखर विद्वान थे। वे अर्थशास्त्र, इतिहास, संस्कृति, राजनीति, अध्यात्म और अन्य विविध क्षेत्रों में पारंगत थे। अपने कार्यों के माध्यम से उन्होंने भारत के बौद्धिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी। सार्वजनिक नीति में अपने योगदान के अलावा उन्हें हमारे प्राचीन ग्रंथों पर काम करने और उन्हें युवाओं के लिए सुलभ बनाने में भी आनंद आता था। जयराम रमेश ने कहा कि बिबेक देबरॉय बेहतरीन अर्थशास्त्री थे। उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर काम किया। उनके पास स्पेशल स्किल थी, जिससे उनके लिखे आर्टिकल और किताबों से मुश्किल इकोनॉमिक मुद्दों को लोग आसानी से समझ लेते थे।

जयराम रमेश ने लिखा कि देबरॉय को संस्कृत के सच्चे ज्ञाता के रूप में याद किया जाएगा। उनके ट्रांसलेशंस में महाभारत के 10 खंड, रामायण के 3 खंड और भागवत पुराण के 3 खंड शामिल हैं। उन्होंने भगवद्गीता और हरिवंश का भी ट्रांसलेशन किया।

जयराम रमेश ने कहा, 'मैं बिबेक देबरॉय को लगभग चार दशकों से जानता था। हम सभी तरह के विषयों पर बातचीत करते थे। हाल ही में, मैंने उन्हें दो किताबें भेजी थीं, जिनके बारे में मुझे पता था कि वे उन्हें पसंद करेंगे। उन्हें हमेशा याद किया जाएगा।'

देबरॉय ने अपने आर्टिकल लिखा था कि हमारा मौजूदा संविधान काफी हद तक साल 1935 के भारत सरकार अधिनियम पर आधारित है। 2002 में संविधान के कामकाज की समीक्षा के लिए गठित एक आयोग ने रिपोर्ट सबमिट की थी, लेकिन यह आधा-अधूरा प्रयास था। हमें पहले सिद्धांतों से शुरुआत करनी चाहिए, जैसा कि संविधान सभा की बहस में हुआ था।

देबरॉय ने आर्टिकल में आगे लिखा- साल 2047 के लिए भारत को किस संविधान की जरूरत है? संविधान में कुछ संशोधनों से काम नहीं चलेगा। अब हमें ड्रॉइंग बोर्ड पर वापस जाना चाहिए और पहले सिद्धांतों से शुरू करना चाहिए। इस पर बात करनी चाहिए कि संविधान की प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, न्याय, स्वतंत्रता और समानता जैसे शब्दों का अब क्या मतलब है। हमें लोगों को, खुद को एक नया संविधान देना होगा।

# दिवाली की रात दिल्ली का एक्यूआई 400 पार

## बैन के बावजूद चले पटाखे, देश के सबसे प्रदूषित 10 शहरों में 9 यूपी के

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली की हवा एक बार फिर जहरीली हो गई है। यहां टाइम एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई ) देर रात 400 के पार चला गया। 1 नवबंर को सुबह करीब 6 बजे दिल्ली एक्यूआई 391 दर्ज किया गया। देश के 10 सबसे प्रदूषित शहरों की बात करें तो इनमें 9 उत्तर प्रदेश के हैं। यूपी के संभल में एक्यूआई सबसे ज्यादा 388 दर्ज किया गया। दिल्ली में दीपावली के दिन (31 अक्टूबर) शाम 5 बजे रियल टाइम एक्यूआई 186 रिकॉर्ड किया गया था। यानी 10-12 घंटों में ही हवा सामान्य से बेहद खराब कैटेगिरी में चली गई। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 1 जनवरी 2025 तक पटाखों को बैन किया था। पटाखे बनाने, उन्हें स्टोर करने, बेचने और इस्तेमाल पर रोक है। इनकी ऑनलाइन डिलीवरी पर भी रोक लगाई गई थी, फिर भी आतिशबाजी हुई।

दिल्ली का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स 200 पार होने के बाद 14 अक्टूबर को दिल्ली एनसीआर में ग्रैप-1 लागू कर दिया गया था। इसके तहत होटलों और रेस्तरां में कोयला और जलाऊ लकड़ी के उपयोग पर बैन है। कमीशन ऑफ एयर क्वॉलिटी मैनेजमेंट ने एजेंसियों को पुराने पेट्रोल और डीजल गाड़ियों (बीएस -III पेट्रोल और बीएस-IV डीजल) के संचालन पर सख्त निगरानी के आदेश दिए हैं। आयोग ने एजेंसियों से सड़क बनाने, रेनोवेशन प्रोजेक्ट और मेन्टेनेन्स एक्टिविटीज में एंटी-स्मॉग गन, पानी का छिड़काव और डस्ट रिपेलेंट तकनीकों के उपयोग को बढ़ाने के लिए भी कहा है।

# दिल्ली में चाचा-भतीजे की हत्या नाबालिग ने पहले पैर छुए

## फिर शूटर से 5 राउंड फायरिंग करवाई; 10 साल का बच्चा घायल



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के शाहदरा इलाके में दिवाली सेलिब्रेशन के दौरान 40 साल के शख्स आकाश शर्मा और उनके भतीजे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसमें उनके 10 साल का बेटा भी घायल हुआ, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसके मुताबिक, एक 16 साल का लड़का स्कूटी से एक शूटर के साथ आकाश के घर पहुंचा। उसने पहले आकाश के पैर छुए फिर दिवाली की बधाई दी। इसके बाद नाबालिग आरोपी के साथ स्कूटी पर आए शख्स ने आकाश पर 5 राउंड फायरिंग की। इस गोलीबारी में आकाश, उनका भतीजा ऋषभ शर्मा (16) और उनका बेटा कृष शर्मा (10) घायल हुआ। अस्पताल में डॉक्टरों ने आकाश और भतीजे ऋषभ को मृत घोषित कर दिया। कृष का फिलहाल इलाज चल रहा है।

गोलीबारी के बाद दोनों आरोपी स्कूटी से भाग गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाबालिग आरोपी ने आकाश को पैसे उधार दिए थे, जिसे आकाश लौटा नहीं रहा था। पुलिस ने केस दर्ज कर नाबालिग को हिरासत में ले लिया है। घटना की पूरी फुटेज सीसीटीवी में कैद हुई, इसी सबूत के आधार पर पुलिस ने नाबालिग आरोपी को गुरुवार देर रात को हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी 17 दिन से हत्या की प्लानिंग कर रहा था। हिरासत में लिए गए नाबालिग और के खिलाफ पहले भी क्राइम के मामले दर्ज है। आकाश की पत्नी ने कहा कि वह हमलावरों को जानती है।

# पंजाबी सिंगर के घर फायरिंग करने वाला कनाडा में गिरफ्तार



पंजाबी गायक एपी ढिल्लों। फाइल फोटो।



गैंगस्टर रोहित गोदारा, जिसने फायरिंग के बाद जिम्मेदारी ली थी।

**कैनेडियन पुलिस बोली- साथी भारत फरार; लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर ने ली थी जिम्मेदारी**

जालंधर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाबी सिंगर एपी ढिल्लों के घर के बाहर फायरिंग के मामले में कनाडा पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। कनाडा पुलिस का मानना है कि इस मामले में फरार चल रहा दूसरा आरोपी भारत भाग गया है। यह घटना करीब 2 महीने पहले 2 सितंबर को हुई थी। तब से कनाडा पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान विन्निपेग के 25 वर्षीय अबजीत किंगरा के रूप में हुई है। आरोपी अभिजीत किंगरा को ओंटारियो से गिरफ्तार किया गया है। उसे शुक्रवार को ओंटारियो की अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने कहा कि दूसरे संदिग्ध का गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। दूसरे आरोपी की पहचान 23 वर्षीय विक्रम शर्मा के रूप में की गई है, जो विन्निपेग में रहता था लेकिन पुलिस को अब लगता है कि वह भारत में है।

**फायरिंग का वीडियो हुआ था वायरल**

एपी ढिल्लों का घर वैंकूवर इलाके में है। उनके घर पर फायरिंग का वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो के मुताबिक, एक शूटर ने गेट के बाहर से 11 गोलियां चलाईं। उसने काले कपड़े पहने हुए थे। लॉरेंस गैंग ने इसकी जिम्मेदारी ली। गैंग के गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट भी किया। 9 अगस्त को सिंगर एपी ढिल्लों का गाना 'ओल्ड मनी' बॉलीवुड स्टार सलमान खान के साथ रिलीज हुआ था। फायरिंग को इसी से जोड़कर देखा गया था।

सिंगर के घर पर फायरिंग करने के बाद लॉरेंस गैंग के कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली। जिसमें लिखा, 'राम राम जी सभी भाइयों को। 1 सितंबर की रात कनाडा में 2 जगह पर फायरिंग हुई है। एक विक्टोरिया आइलैंड और वुडब्रिज टोरंटो में। दोनों वारदातों की जिम्मेदारी मैं रोहित गोदारा (लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप) लेता हूं।'

कौन है गैंगस्टर रोहित गोदारा

रोहित गोदारा के खिलाफ 35 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें से ज्यादातर मामले राजस्थान में हैं। गोदारा के खिलाफ राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में मामले दर्ज हैं। रोहित लॉरेंस गैंग को हर तरह के हथियार मुहैया कराने में अहम कड़ी है। एजेंसियों और पंजाब पुलिस की जांच में यह बात सामने भी आई है। रोहित गोदारा ने 5 दिसंबर 2023 को राजस्थान में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी भी ली थी। रोहित पर सीकर में गैंगस्टर राजू तेहट की हत्या का भी आरोप है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में भी रोहित गोदारा का नाम सामने आया था।

14 अप्रैल की सुबह 5 बजे सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने फायरिंग की गई थी। दो बाइक पर आए हमलावरों ने 4 राउंड फायरिंग की थी। फायरिंग के वक्त सलमान अपने घर में थे। फायरिंग की जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के अनमोल बिश्नोई, गोल्डी बराड़ और रोहित गोदारा ने ली थी। सलमान के घर फायरिंग करने वाला शूटर विशाल उर्फ कालू रोहित गोदारा गैंग का है।

पंजाब के सिंगर सिद्धू मूसेवाला की 29 मई 2022 को मानसा जिले के जवाहरके गांव में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसकी जिम्मेदारी लॉरेंस गैंग के गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने ली थी। पंजाब सरकार के मुताबिक इस मामले में अब तक 29 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है, दो आरोपी एनकाउंटर में मारे गए और 5 को भारत के बाहर से लाया जाना है। इसके लिए राज्य सरकार केंद्र और दूसरी एजेंसियों के संपर्क में है।

# ब्राह्मण से ठाकुर बने शियाबोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी

**बोले- योगी की वजह से नहीं बना, नरसिंहानंद संघ को गाली देते हैं...यह पसंद नहीं**

लखनऊ, 1 नवंबर (एजेंसियां)। शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व चेयरमैन वसीम रिजवी ने एक बार फिर से अपना नाम बदल लिया। उन्होंने जितेंद्र नारायण त्यागी से अपना नाम बदलकर ठाकुर जितेंद्र सिंह सेंगर कर लिया है। उन्होंने अपना नया नाम दीवाली के मौके पर मोबाइल से भेजे गए बधाई संदेश में लिखा है।

इससे पहले रिजवी ने साल 2021 में इस्लाम छोड़कर सनातन धर्म अपनाया था। धर्म बदलने के बाद उनका नया नाम जितेंद्र नारायण सिंह त्यागी हो गया था। जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर नरसिंहानंद गिरि ने उन्हें सनातन धर्म ग्रहण कराया था।

इस बारे जितेंद्र नारायण ने कहा कि वह गाजियाबाद के यति नरसिंहानंद के माध्यम से हिंदू धर्म में शामिल हुए थे। इसके बाद से आईडी में नाम सही न होने के कारण उन्हें कई मौकों पर दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने कहा- यति नरसिंहानंद, जो खुद त्यागी परिवार से आते हैं, उन्होंने मुझे एडाप्ट करने का लेटर देने का वादा किया था। लेकिन, उन्होंने लेटर नहीं दिया। वह टालते रहे और बहाने बनाते रहे। इसी के चलते 2 साल पहले हमने यति नरसिंहानंद से अपने संबंध तोड़ लिए। जितेंद्र उर्फ वसीम बताते हैं- यति की कई बातें मेरे विचारों से मेल नहीं खातीं। मसलन वह आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद को गालियां देते थे, जिसके लिए मैं उन्हें मना करता था।

**कौन हैं प्रभात कुमार सिंह सेंगर?**

जितेंद्र का कहना है- कानपुर देहात के रहने वाले प्रभात सिंह सेंगर से मेरी पुरानी जान-पहचान है। प्रभात सिंह हरिद्वार स्थित गुरुकुल कांगडी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और डीन हैं। प्रभात ने अपने परिवार में शामिल करने का प्रस्ताव दिया। इसके लिए मैंने उन्हें अपनी सहमति दे दी। जितेंद्र ने कहा- प्रभात की मां यशवंत कुमारी सेंगर ने अपनी ओर से हलफनामा देकर मुझे अपना बेटा बनाया है। उन्होंने कहा है कि उनकी संपत्ति में



मेरा कोई अंश या हस्तक्षेप नहीं होगा। यानी प्रभात, जो अभी तक मेरे मित्र थे, अब मेरे भाई हो गए हैं।

इस बारे में जब प्रभात कुमार सिंह सेंगर से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि हां, उनके परिवार ने जितेंद्र नारायण को अपने परिवार में शामिल किया है। 11 अक्टूबर को उनके बेटे की रिंग सेरेमनी थी। उसमें जितेंद्र को भी आमंत्रित किया गया था। वहीं पर परिवार के सभी लोगों के सामने जितेंद्र नारायण को परिवार में शामिल करने का प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी ने अपनी सहमति जताई। उन्होंने बताया कि वह जितेंद्र को बीते डेढ़ दो साल से जानते हैं, जब वे गंभीर डिप्रेशन का शिकार थे।

कहां हो रही थी दिक्कत?

जितेंद्र ने बताया- आईडी पर नाम सही न होने के कारण मुझे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। यहां तक कि सभी आईडी में मेरा नाम वसीम रिजवी ही है। उस नाम को बदलने में कठिनाई हो रही थी। इसके चलते मुझे हवाई यात्रा और ट्रेन से यात्रा करने में दिक्कत आ रही थी। साथ ही सर्टिफिकेट और बैंक खातों के संचालन में दिक्कत हो रही थी। अब नाम बदलने के बाद सारी प्रक्रिया नए सिरे से करनी होगी।

जितेंद्र नारायण से जब पूछा कि कहीं आपने मुख्यमंत्री की जाति की वजह से यह जाति तो नहीं अपनाई? इस पर उन्होंने कहा कि नहीं। मैं जब हिंदू धर्म में शामिल हुआ, उस वक्त भी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ही थे। अगर मुझे ऐसा कुछ करना होता, तो उसी समय कर लेता।

महामंडलेश्वर नरसिंहानंद गिरि ने बताया कि वसीम रिजवी 5 नवंबर, 2021 को मंदिर में आए थे। उसी दिन उन्होंने कह दिया था कि मृत्यु के बाद उनके शव का अंतिम संस्कार हिन्दू रीति-रिवाज से किया जाए। इसके लिए उन्होंने जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर नरसिंहानंद गिरि को अधिकृत भी कर दिया था। बाकायदा उस दिन वसीम रिजवी मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना करके भी गए थे।

वसीम रिजवी मूल रूप से लखनऊ के निवासी हैं। साल-2000 में वह लखनऊ के मोहल्ला कश्मीरी वार्ड से सपा के नगरसेवक चुने गए। 2008 में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सदस्य और फिर बाद में चेयरमैन बने। वसीम रिजवी ने कुरान से 26 आयतों को हटाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी जो खारिज हो गई। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को लेकर वसीम रिजवी पर जुर्माना भी लगाया था।

# हरियाणा में पानी के टैंकर में लड़की की लाश मिली

## ड्राइवर को चुन्नी देख पता चला; पिता बोले- दिवाली के पहले अचानक गायब हुई थी




फरीदाबाद, 1 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के फरीदाबाद में दिवाली (31 अक्टूबर) के दिन नगर निगम द्वारा सड़कों पर पानी छिड़काव करने के लिए लगाए गए प्राइवेट टैंकर में लड़की की लाश मिली। मृतका की पहचान एसजीएम नगर की रहने वाली मुस्कान (17) के रूप में हुई है। युवती एक दिन पहले घर से लापता हुई थी।

पुलिस के मुताबिक नगर निगम का एक टैंकर NIT 3 नंबर तिकोना पार्क के पास खड़ा रहता है। गुरुवार को सेक्टर 12 खेल परिसर में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम था। मैदान में पानी का छिड़काव करके ड्राइवर टैंकर को दोबारा पानी भरने के लिए बड़ौली गांव के पास ट्यूबवेल पर पहुंचा। यहां पानी के पाइप में चुन्नी फंसी हुई मिली। जब ड्राइवर ने टैंकर पर चढ़कर देखा तो अंदर लड़की की लाश पड़ी हुई थी। इसके बाद ड्राइवर ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर FSL की टीम भी मौके पर पहुंची। टैंकर को काटकर युवती की लाश बाहर निकाली गई।

मुस्कान के पिता उस्मान ने बताया कि बेटी पिछले काफी दिनों से किसी बात को लेकर डिप्रेशन में थी। कई बार उससे पूछने की कोशिश की, लेकिन कुछ नहीं बताती थी। देर रात करीब 9:30 बजे बिना बताए घर से निकल गई और उसके बाद घर वापस नहीं लौटी। उन्होंने पड़ोसियों और रिश्तेदारी में उसकी तलाश की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं लगा। रात में ही मुस्कान के लापता होने की सूचना पुलिस दे दी।

आज सुबह पुलिस का फोन आया कि सेक्टर 9 बाइपास के पास टैंकर के अंदर डेडबॉडी मिली है, आप पहचान करने के लिए आ जाओ। पहचान की तो बॉडी मुस्कान की थी। बेटी पानी के टैंकर के अंदर कैसे पहुंची और उसकी मृत्यु कैसे हुई, इसकी जांच होनी चाहिए।

हत्या के एंगल पर भी हो रही जांच

कोतवाली थाना प्रभारी महावीर कुमार ने बताया कि डिप्रेशन के कारण लड़की घर से बाहर निकल गई थी, लेकिन यह जांच का विषय है कि लड़की की बॉडी पानी के टैंकर के अंदर कैसे पहुंची। हत्या के एंगल से भी जांच की जा रही है। बीपीटीपी थाना प्रभारी पूनम हुड्डा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। इसमें हत्या का भी एंगल देखा जा रहा है। जिस टैंकर में महिला की डेडबॉडी मिली है, वह टैंकर एनआईटी तीन नंबर तिकोना पार्क के पास खड़ा रहता है।

# राहुल 6 नवंबर से महाराष्ट्र में इलेक्शन कैंपेन शुरू करेंगे

**मुंबई में विपक्ष कॉमन गारंटी जारी करेगा, शरद पवार और उद्धव ठाकरे मौजूद रहेंगे**

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 6 नवंबर से महाराष्ट्र में विपक्षी खेमे के चुनाव प्रचार की कमान संभालेंगे। इस दिन वे मुंबई में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) की एक संयुक्त रैली में शामिल होंगे। रैली में एनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना चीफ उद्धव ठाकरे मौजूद रहेंगे। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बताया कि तीनों नेता कॉमन गारंटी भी जारी करेंगे। वहीं बारामती में मीडिया से बातचीत में शरद पवार ने कहा कि 6 नवंबर को मुंबई से विपक्ष का चुनाव अभियान शुरू होगा। एमवीए लोगों का समर्थन हासिल करने के लिए एक कॉमन मिनिमम प्रोग्राम भी जारी करेगा।



पवार बोले- 10-12 सीटों पर विपक्ष के बीच फ्रेंडली फाइट

पवार ने राज्य की कुछ सीटों पर विपक्ष के नेताओं के फ्रेंडली फाइट होने पर कहा-केवल 10-12 सीटें ऐसी हैं, जहां एमवीए के दो उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हम अगले कुछ दिनों में समाधान ढूंढ लेंगे और मुद्दे को सुलझा लेंगे।

शिवसेना के राज्य सभा सांसद संजय राउत ने गुरुवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधा। राउत ने कहा- राज ठाकरे अपने बेटे अमित ठाकरे के पॉलिटिकल करियर के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह की प्रशंसा कर रहे हैं।

राउत ने कहा कि ठाकरे कभी प्रधानमंत्री मोदी और शाह को महाराष्ट्र में आने से रोकने की बात करते थे। आज अचानक ऐसा क्या हुआ कि वे उनकी तारीफ कर रहे हैं। हम समझ सकते हैं कि उनके बेटे माहिम से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके अपने बेटे के भविष्य की चिंता सता रही है।

महाराष्ट्र में 288 विधानसभा सीटें हैं। महा विकास अघाड़ी के बीच सीटों के बंटवारे का मामला अभी भी साफ नहीं हुआ है।

# महाराष्ट्र चुनाव- घाटकोपर ईस्ट से बीजेपी उम्मीदवार सबसे अमीर

## पराग शाह 3,383 करोड़ के मालिक; 5 साल में संपत्ति 575% बढ़ी



मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव के लिए कुल 7,995 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इनमें घाटकोपर ईस्ट से भाजपा प्रत्याशी पराग शाह सबसे अमीर कैंडिडेट हैं। चुनावी हलफनामे में उन्होंने बताया कि उनके पास 3383.06 करोड़ रुपए की संपत्ति है। उनके पास 2 करोड़ रुपए कैश है।

पराग 2019 में पहली बार घाटकोपर ईस्ट सीट से 2019 में विधायक बने थे। तब उनकी संपत्ति 550.62 करोड़ थी। 5 सालों में उनकी संपत्ति में 575% की बढ़ोतरी हुई है। इससे पहले साल 2017 के BMC चुनाव में उन्होंने अपनी संपत्ति 690 करोड़ रुपए की बताई थी।

पराग शाह रियल स्टेट कंपनी मिकी ग्रुप के अध्यक्ष भी हैं, वे इसे 25 साल से चला रहे हैं।

उनकी कंपनी गुजरात के कई शहरों और चेन्नई में रियल स्टेट का काम देखती है।

# लॉरेंस का छोटा भाई अनमोल गैंग का नया मास्टरमाइंड

**सलमान के घर फायरिंग, सिद्दीकी मर्डर की साजिश रची; कनाडा से दे रहा किलिंग ऑर्डर**



जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अब तक पर्दे के पीछे रहकर काम कर रहे अनमोल बिश्नोई ने लॉरेंस गैंग की कमान पूरी तरह से अपने हाथ में ले ली है। मुंबई में बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर 'गैलेक्सी अपार्टमेंट' के बाहर फायरिंग और हाल ही में महाराष्ट्र के एनसीपी नेता और सलमान के करीबी बाबा सिद्दीकी की मर्डर इन्वेस्टिगेशन तो यही इशारा कर रही है। अनमोल बिश्नोई लॉरेंस का सगा छोटा भाई है। इन्वेस्टिगेशन में सामने आया है कि उसी के इशारे पर टारगेट आइडेंटिफाई कर धमकी भरे कॉल किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, लॉरेंस गैंग में नए गुर्गों की भर्ती से लेकर हर बड़ी वारदात की प्लानिंग तक को अनमोल खुद ही अंजाम दे रहा है।

# भारत-चीन बॉर्डर पर सैनिकों ने एक-दूसरे को मिठाई बांटी

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और चीन की सेना ने गुरुवार को दीपावली के अवसर पर एक-दूसरे को मिठाई बांटी। पूर्वी लद्दाख में हॉट स्प्रिंग्स, काराकोरम पास, दौलत बेग ओल्डी, कोंग्कला और चुशुल-मोल्डो से लगे लाइन ऑफ कंट्रोल पर दोनों देशों के अफसरों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और दीपावली की बधाई दी।

इससे पहले बॉर्डर पर देपसांग और



डेमचोक में दोनों सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया 30 अक्टूबर को पूरी हुई। पेट्रोलिंग को लेकर जल्द ही ग्राउंड कमांडर के अधिकारियों के बीच बातचीत होगी।

अरुणाचल के तवांग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा- हमारी कोशिश होगी कि मामले को डिसइंगेजमेंट से आगे बढ़ाया जाए, लेकिन इसके लिए हमें थोड़ा और इंतजार करना होगा।

**सुविचार:** गुस्सा और आंधी दोनों एक समान होते हैं, शांत होने पर पता चलता है नुकसान कितना हुआ है.!

## सटीक और व्यापक सर्वेक्षण किया जाना चाहिए : दाना किशोर

### प्रधान सचिव नगर निगम ने प्रगणकों को संबोधित किया



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य नगर शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव एम दाना किशोर ने सुझाव दिया है कि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण सौ प्रतिशत सटीकता के साथ व्यापक रूप से आयोजित किया जाना चाहिए।

खैरताबाद जोन में होने वाले व्यापक घर-घर परिवार सर्वेक्षण को लेकर शुक्रवार को बंजारा हिल्स स्थित गौरी शंकर सामुदायिक भवन में पर्यवेक्षकों और प्रगणकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य नगर निगम शहरी विकास विभाग के प्रमुख सचिव शामिल हुए। इस मौके पर मुख्य सचिव एम दानाकिशोर ने कहा कि 6 नवंबर से शुरू होने वाले सर्वेक्षण में विभिन्न समुदाय के लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बिना किसी गलती के सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाना चाहिए। बड़े क्षेत्र में सर्वेक्षण करने के लिए 21 हजार प्रगणकों का उपयोग किया जा रहा है। सर्वे में आरपी भी शामिल है। उन्होंने कहा कि सशस्त्र तरीके से सर्वेक्षण करने के लिए प्रत्येक 10 प्रगणकों पर एक पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। यदि कोई शंका हो तो उन्हें पर्यवेक्षकों से संपर्क कर समाधान करना चाहिए। कहा जा रहा है कि एक व्यापक सर्वेक्षण के जरिए आखिरकार सरकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने नगर निगम अधिकारियों को सुझाव दिया कि प्रत्येक प्रगणक को फील्ड स्तर पर सर्वेक्षण करने से पहले जेरोक्स सर्वेक्षण दस्तावेजों के साथ अभ्यास करना चाहिए ताकि सर्वेक्षण का विवरण सटीक रूप से दर्ज किया जा सके और तभी उन्हें पूरी समझ होगी। कार्यक्रम में अतिरिक्त आयुक्त (झील) के. शिवकुमार नायडू, जोनल आयुक्त अनुराग जयंती और अन्य ने भाग लिया।

## मिलावटी मोमोज के मामले में 6 गिरफ्तार

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बंजारा हिल्स रोड नंबर 10 स्थित एक स्टॉल से मोमोज खाने के बाद एक महिला की मौत और कई अन्य के अस्पताल में भर्ती होने के बाद पुलिस ने मोमोज स्टॉल चलाने वाले छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया। मृतक महिला के परिवार की शिकायत के बाद बंजारा हिल्स पुलिस ने अलमास, साजिद हुसैन, मोहम्मद रईस, मोहम्मद शारुख, मोहम्मद हनीफ और मोहम्मद राजिक को गिरफ्तार कर लिया, जो सभी खैरताबाद के निवासी हैं और मूल रूप से किशन गंज, जिला बिहार के रहने वाले हैं।

28 अक्टूबर को पुलिस को शिकायत मिली कि सिंगाड़ी बस्ती निवासी रेशमा बेगम अपनी बेटी के साथ बाजार गई थी और घर लौटते समय वहां एक स्टॉल से मोमोज खरीदे। परिवार ने मोमोज खाए और अगली सुबह उन्हें दस्त और उल्टी होने लगी। उन्हें निम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य को इलाज के लिए ले जाया गया।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि अरमान, साजिद हुसैन और शाहरुख तथा अन्य ने मोमोज में मिलावट की, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जटिलताएं पैदा हुईं और मौत हो गई।

बंजारा हिल्स डिवीजन के सहायक पुलिस आयुक्त एस. वेंकट रेड्डी, पुलिस निरीक्षक के.एम. राघवेंद्र, पुलिस निरीक्षक एस.एम. बशीर अहमद, पुलिस उपनिरीक्षक वी. रामबाबू और बंजारा हिल्स पुलिस उपनिरीक्षक पी. रविंदर की प्रत्यक्ष निगरानी में गिरफ्तारियां की गईं।

## दिवाली की आतिशबाजी से खतरनाक हुई हवा

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार को हैदराबाद की सुबह की हवा में दिवाली के जश्न की झलक दिखी, शहर में प्रदूषण की घनी चादर छाई रही क्योंकि भव्य उत्सव के बाद शहर की वायु गुणवत्ता में काफी गिरावट आई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में तेज वृद्धि देखी गई है। शुक्रवार को सुबह 8 बजे तक प्रमुख क्षेत्रों में एक्यूआई का स्तर 'मध्यम' और 'खराब' श्रेणी के भीतर दर्ज किया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में यह खतरनाक 'बहुत खराब' सीमा के करीब पहुंच गया। बोल्लारम में एक्यूआई 162 दर्ज किया गया जो चिंताजनक है तथा ईसीआईएल कपरा में यह 188 तक पहुंच गया, जो शहर में सबसे अधिक है, इसे मध्यम श्रेणी में रखा गया है तथा यह खराब के करीब पहुंच गया है।



कोम्पल्ली में एक्यूआई 184 रहा, जबकि सनतनगर और जू पार्क क्रमशः 159 और 153 के साथ बहुत पीछे नहीं रहे। रामचंद्रपुरम (148), कोकापेट (148), नचाराम (122) और न्यू मालकपेट (114) जैसे अन्य क्षेत्रों में संवेदनशील आबादी के लिए एक गंभीर परिदृश्य देखने को मिला। इस बीच, गुरुवार की रात को प्रदूषण के स्तर में खतरनाक वृद्धि देखी गई, जैसा कि विभिन्न इलाकों में शाम के एक्यूआई रीडिंग से पता चलता है। रात 10 बजे तक, जू पार्क का एक्यूआई 153 तक पहुंच गया था, सनतनगर में शाम को इसका स्तर 95 था, लेकिन इसमें उतार-चढ़ाव देखा गया, तथा रात बढ़ने के साथ पाटनचेरु का स्तर 114 से थोड़ा कम होकर 98 पर आ गया।

जू पार्क में दोपहर 1 बजे एक्यूआई 148 से बढ़कर रात 10 बजे तक 153 हो गया, ईसीआईएल कापरा में दोपहर 117 से शुरू होकर रात तक 164 तक पहुंच गया। पच्चाबोलारम में स्थिति दोपहर के समय 116 के एक्यूआई से बदलकर देर शाम 105 के स्तर पर पहुंच गई। कोम्पल्ली में नाटकीय वृद्धि देखी गई, जहां दोपहर 1 बजे एक्यूआई 81 दर्ज किया गया तथा रात 10 बजे तक यह 129 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नचाराम और कोकापेट जैसे क्षेत्रों में भी यही रुझान देखने को मिला। दिवाली के बाद शहर का प्रदूषण स्तर चिंताजनक है, लेकिन भारत के कुछ सर्वाधिक प्रदूषित शहरी केंद्रों की तुलना में इसका प्रभाव अपेक्षाकृत मध्यम है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, गुरुवार को हैदराबाद में औसत एक्यूआई 99 दर्ज किया गया, जिसे संतोषजनक श्रेणी में रखा गया। हालांकि, दिल्ली जैसे शहरों में स्थिति कहीं ज़्यादा भयावह थी, जहां एक्यूआई 328 था, जो इसे बहुत खराब श्रेणी में रखता है।

## दूषित भोजन खाने से 30 छात्र बीमार

कुमराम भीम आसिफाबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वानकीडी मंडल केंद्र में आदिवासी कल्याण विभाग द्वारा संचालित एक सरकारी छात्रावास से जुड़े स्कूल में गुरुवार को कथित तौर पर दूषित भोजन खाने से 30 छात्र बीमार हो गए। रात 10 बजे खाना खाने के बाद छात्रों ने पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत की। उन्हें तुरंत वानकीडी मंडल मुख्यालय के एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया। तीन को छोड़कर 27 छात्रों को छुट्टी दे दी गई। तीनों छात्रों का इलाज आसिफाबाद के जिला मुख्यालय अस्पताल में चल रहा है।

छात्रों ने आरोप लगाया कि भोजन को अस्वच्छ परिस्थितियों में पकाया जा रहा है, जबकि पीने के पानी की सुरक्षा नहीं की जा रही है और पानी की टंकी को महीने में एक बार साफ किया जाता है। उन्होंने कहा कि खाद्य विषाक्तता की ऐसी ही घटनाएं पहले भी हुई हैं, लेकिन रिपोर्ट नहीं की गई हैं।

## हशीश तेल की तस्करी का भंडाफोड़

### तीन ड्रग तस्करों को किया गया अरेस्ट



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद विशेष अभियान की बालानगर टीम ने बालानगर पुलिस के साथ मिलकर ओडिशा से हैदराबाद तक हशीश तेल की तस्करी का भंडाफोड़ किया और तीन ड्रग तस्करों को गिरफ्तार कर 2.59 लीटर हशीश तेल जब्त किया। विशेष सूचना पर कार्रवाई करते हुए बालानगर एसओटी टीम के अधिकारियों ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बालानगर में शोभना बस स्टॉप के पास नलगोंडा जिले के रहने वाले तीन संदिग्धों सबावत सुमन, रामावथ लालू और केथवथ विजय कुमार को गिरफ्तार किया। ओडिशा के जालपुट शहर का एक संदिग्ध किरण फरार है।

पुलिस के अनुसार, सुमन को इससे पहले 2021 में आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली की गोलूगोंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया था और विशाखापट्टनम जेल में रहते हुए

### 2.59 लीटर हशीश तेल जब्त

उसकी मुलाकात किरण से हुई थी।

जेल से रिहा होने के बाद, सुमन ने गांजा/हशीश तेल की तस्करी की योजना बनाई और अन्य साथियों को भी इसमें शामिल कर लिया। 27 अक्टूबर को सुमन और रामावथ पुलिस चेकिंग और टोल गेट से बचने के लिए बाइक से आंध्र प्रदेश के पडेरू गए और किरण से 2.59 लीटर हशीश ऑयल की डिलीवरी ली। वापसी में, विजय कुमार के मार्गदर्शन में वे एक ग्राहक के लिए शोभना बस स्टॉप पर थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया।

## तेज रफ्तार पोर्शे कार ने केबीआर पार्क के कंपाउंड ग्रिल को मारी टक्कर



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के केबीआर पार्क के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित हो जाने से अफरातफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, पोर्शे कार के चालक ने पार्क के पास वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार कंपाउंड ग्रिल से टकराकर रुक गई। इस घटना से राष्ट्रीय उद्यान के निकट दहशत फैल गई और पुलिस घटना की जांच के लिए मौके पर पहुंच गई।

## 7 करोड़ के निवेश धोखाधड़ी में संदिग्ध गिरफ्तार

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है, जो धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात में शामिल था और उसने उच्च प्रतिशत लाभ के साथ रिटर्न के नाम पर निर्दोष लोगों से 7 करोड़ रुपये की राशि एकत्र की थी। संदिग्ध की पहचान विज्जी जगदीश चंद्र प्रसाद के रूप में हुई है, जो काकीनाडा, एपी का निवासी है। उसने दीपांकर बर्मन के साथ मिलकर एक योजना बनाई और अच्छे उच्च ब्याज रिटर्न का वादा करते हुए योजनाएं शुरू कीं। उनकी योजनाओं में निवेश की गई राशि पर प्रति वर्ष 120 प्रतिशत लाभ आदि शामिल थे।

उच्च रिटर्न की आड़ में, दोनों ने हैदराबाद और आस-पास के इलाकों में पीड़ितों से लगभग 7 करोड़ रुपये एकत्र किए। जुलाई 2024 तक कई महीनों तक राशि एकत्र करने के बाद, संदिग्धों ने अपना व्यवसाय बंद कर दिया, एकत्र की गई राशि वापस करने में विफल रहे और पीड़ितों को धोखा दिया। दीपांकर बर्मन को गुवाहाटी शहर में दर्ज इसी तरह के अपराध में असम पुलिस ने गिरफ्तार किया था। साइबराबाद ईओडब्ल्यू पुलिस ने लोगों को धोखाधड़ी योजनाओं के प्रति सचेत रहने और धोखेबाजों का शिकार न बनने की सलाह दी।

## बिजली गिरने से महिला की मौत

मंचेरियल, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। दांडेपल्ली मंडल के दमनपेट गांव में गुरुवार को अपने खेत में बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक की पहचान नागव्वा (31) के रूप में हुई है। बिजली गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के समय वह अपनी कपास की फसल में खरपतवार निकाल रही थी। उसके दो बेटे हैं।

## दिवाली के जश्न के कारण आंखों की चोटों में वृद्धि



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पिछले 24 घंटों में 35 बच्चों सहित लगभग 50 लोगों ने दिवाली समारोह के दौरान लगी विभिन्न प्रकार की आंखों से संबंधित चोटों के इलाज के लिए सरकारी सरोजिनी देवी नेत्र अस्पताल में आवेदन किया है। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश मरीजों का उपचार बाह्य रोगी विभाग में चल रहा है, जबकि कुछ की सर्जरी होनी है। 50 घायलों में से 9 लोगों को गुरुवार को दिवाली मनाते समय आंखों में गंभीर चोटें आईं, जबकि बाकी मरीजों को शुक्रवार को अस्पताल के ऑपरेशन विंग में मामूली चोटों के लिए उपचार दिया जा रहा है।

## तेलंगाना में व्यापक जाति जनगणना भविष्य की कल्याणकारी नीतियों को आकार देगी : पोन्नम

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने लोगों से राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे जाति सर्वेक्षण में सहयोग करने और इसे सफल बनाने का आह्वान किया है।

शुक्रवार को लोगों को संबोधित करते हुए एक पत्र में पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि देश में अपनी तरह का पहला सर्वेक्षण, राज्य सरकार द्वारा एक प्रतिष्ठित परियोजना के रूप में किया जा रहा है और एकत्र किए गए डेटा न केवल भविष्य की योजनाओं के कार्यान्वयन में सहायता करेंगे, बल्कि सभी तेलंगाना निवासियों के लिए "मेगा स्वास्थ्य जांच" के समान एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में भी काम करेंगे। पोन्नम ने कहा, मैं प्रत्येक नागरिक से इस ऐतिहासिक सर्वेक्षण के लिए सटीक जानकारी प्रदान करने में सक्रिय रूप से भाग लेने और गणनाकर्ताओं के साथ सहयोग करने का आग्रह करता हूं।

## रेलवे ने एआरपी को 120 दिनों से घटाकर 60 दिन किया

### टिकट होर्डिंग की संभावना कम होने के आसार

### अग्रिम आरक्षण अवधि नियम लागू

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय रेलवे ने 1 नवंबर, 2024 से अग्रिम आरक्षण अवधि को यात्रा की तारीख को छोड़कर मौजूदा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन कर दिया है। रेल मंत्रालय ने वास्तविक यात्रियों को बढ़ावा देने के लिए भारतीय यात्रियों द्वारा ट्रेन बुकिंग के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि (एआरपी) में इस बदलाव की घोषणा की है। इस फैसले से रेलवे बोर्ड को भारत में रेल यात्रा की वास्तविक मांग की दृश्यता में सुधार करने में मदद मिलेगी। यह देखा जा रहा था कि 61 से 120 दिनों के लिए किए गए लगभग 21 प्रतिशत आरक्षण रद्द हो रहे थे। इसके अलावा, पांच प्रतिशत यात्री न तो अपने टिकट रद्द कर रहे थे और न ही वे यात्रा कर रहे थे। यह प्रवृत्ति भी निर्णय के पीछे के कारकों में से एक थी, जो भारतीय रेलवे को पीक सीजन के दौरान विशेष ट्रेनों की बेहतर योजना बनाने में मदद करेगी। इस निर्णय का उद्देश्य वास्तविक यात्रियों के लिए टिकट उपलब्धता में सुधार करना और रद्दीकरण और नो-शो की घटनाओं को कम करना है, जिसके परिणामस्वरूप आरक्षित बर्थ की बर्बादी होती है। उभरते आरक्षण रुझानों और यात्रियों की यात्रा की अनिश्चितता के आधार पर, भारतीय रेलवे अपनी एआरपी नीति में बदलाव करता रहता है। ताज एक्सप्रेस और गोमती एक्सप्रेस जैसी कुछ दिन की एक्सप्रेस ट्रेनें अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा का पालन करना जारी रखेंगी। विदेशी पर्यटकों के लिए 365-दिन की एआरपी सीमा अपरिवर्तित रहेगी। 31 अक्टूबर, 2024 से पहले 120-दिन की एआरपी के तहत की गई सभी मौजूदा बुकिंग वैध रहेंगी। 60 दिनों के नए एआरपी से परे किए गए आरक्षण अभी भी रद्द करने के लिए पात्र होंगे। कम एआरपी के साथ, यात्रियों को अब एक बार फिर अपनी यात्रा योजनाओं में बेहतर स्पष्टता होगी, जिससे वर्तमान 21 प्रतिशत रद्दीकरण दर कम हो जाएगी। अग्रिम आरक्षण अवधि के इस महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय को पिछली बार 1 जनवरी, 2015 से 60 दिनों से संशोधित कर 120 दिन कर दिया गया था। सुदूर अतीत में, 1 सितंबर, 1995 से 31 जनवरी, 1998 के दौरान, यह अवधि 30 दिनों जितनी कम थी। नई नीति का उद्देश्य यात्रियों द्वारा टिकट रद्द किए बिना न आने की समस्या से निपटना है, जिसके कारण अक्सर प्रतिरूपण और धोखाधड़ी होती है। भारतीय रेलवे सभी यात्रियों से इस परिवर्तन के बारे में सूचित करने का आग्रह करता है और सुचारू यात्रा योजना सुनिश्चित करने के लिए संशोधित एआरपी के भीतर जल्दी बुकिंग को प्रोत्साहित करता है। 60-दिवसीय बुकिंग विंडो से टिकट होर्डिंग की संभावना कम होने की संभावना है, जिससे वास्तविक यात्रियों के लिए अधिक टिकट उपलब्ध होंगे।

## महंगी होने जा रही शराब

### 10 से 15 प्रतिशत की हो सकती है वृद्धि

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार कथित तौर पर अपने राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए शराब की कीमतें बढ़ाने पर विचार कर रही है। सरकार शराब की कीमतों में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है, जिसमें सभी प्रकार की शराब, साधारण, मध्यम और प्रीमियम पर 20 प्रतिशत की बाहरी सीमा होगी। सूत्रों का कहना है कि सरकार के 2024-25 के बजट अनुमान में आबकारी से 25,617.53 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने का अनुमान लगाया गया था, लेकिन वास्तविक संग्रह में 2,000 करोड़ रुपये की कमी आई है, इसलिए इस कमी ने राजस्व बढ़ाने के उपायों की सख्त जरूरत पैदा कर दी है। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान, जबकि राज्य सरकार ने 17,482.19 करोड़ रुपये की राजस्व आय का अनुमान लगाया था, उसने वास्तव में 18,470.45 करोड़ रुपये एकत्र किए।

सूत्रों की मानें तो इस बार 2,000 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे के साथ सरकार शराब की कीमतों में बढ़ोतरी के बिना लक्ष्य तक पहुंचने की उम्मीद नहीं कर रही है। इसलिए, लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कीमतों में बढ़ोतरी को सबसे तात्कालिक उपायों में से एक माना जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि दर निर्धारण समिति जल्द ही अपनी सिफारिशें देगी जिसके बाद मूल्य वृद्धि पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार बीयर की कीमत में 20 रुपये और चौथाई बोतल शराब की कीमत में कम से कम 20 से 70 रुपये तक की वृद्धि करने की योजना बना रही है। पूरी बोतल शराब की कीमत में 70 से 300 रुपये तक की वृद्धि होने की संभावना है।

पिछले पांच सालों में यह तीसरी बार है जब शराब की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है और पिछले साल दिसंबर में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा की गई यह पहली बढ़ोतरी है। पिछले साल विधानसभा चुनाव से पहले तत्कालीन बीआरएस सरकार ने शराब की कीमतों में मामूली कमी की थी। पता चला है कि राज्य में संचालित सभी शराब बनाने वाली कम्पनियों ने आबकारी समिति के समक्ष कीमतों में कम से कम 20-25 प्रतिशत की वृद्धि करने का प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें कहा गया है कि उनके परिचालन खर्च में भारी वृद्धि हुई है और 2021 से कीमतों में वृद्धि नहीं की गई है।

**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, DHANDHALYA RATANBAN , Mother of HAV DHANDHALYA JATINKUMAR MAHASHANKAR BHAI R/O: C/2178,ST.NO.3, BHAGVATI PARK, KALIYABID, BHAVNAGAR, GUJRAT - 364002, have changed my name from DHANDHALYA RATANBAN to DHANDHALA RATANBEN MAHASHANKARBHAI and my DOB is 06-09-1960 vide Affidavit dt.1-11-2024 duly Sd.by P.RAVEENDRANATH ADV & NOTARY

I, MAHASHANKAR BHA, Father of HAV DHANDHALYA JATINKUMAR MAHASHANKAR BHAI R/O: C/2178,ST.NO.3, BHAGAVATIPARK, KALIYABID, BHAVNAGAR, GUJRAT - 364002, have changed my name from MAHASHANKAR BHA to DHANDHALA MAHASHANKARBHAI DALPATBHAI and my DOB is 02-11-1958 vide Affidavit dt.1-11-2024 duly Sd.by P.RAVEENDRANATH ADV & NOTARY

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

**पूर्व तट रेलवे**

नीलामी कैटलॉग नं.: WAT-ADVT-MA-005

(1) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-244531-1-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन लिंक नं. 18311/18312 विशाखापट्टनम-बनारस-विशाखापट्टनम द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 20803/20804 विशाखापट्टनम-गांधीधाम-विशाखापट्टनम साप्ताहिक एक्सप्रेस हेतु 02 रेक के लिए ट्रेन इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(2) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-141653-2-24-2 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन नं. 18573/18574 विशाखापट्टनम-भगत की कोठी-विशाखापट्टनम साप्ताहिक एक्सप्रेस में 01 रेक के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(3) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-174740-1-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन लिंक नं. 22801/22802 विशाखापट्टनम-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-विशाखापट्टनम साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस एवं 22809/22810 विशाखापट्टनम-पारादीप-विशाखापट्टनम साप्ताहिक सुपर फास्ट एक्सप्रेस हेतु 01 रेक के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(4) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-129368-2-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन नं. 12861/12862 विशाखापट्टनम-महबूबनगर-विशाखापट्टनम सुपर फास्ट एक्सप्रेस के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(5) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-131760-3-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन लिंक नं. 22869/22870 विशाखापट्टनम-एमजीआर चेन्नई सेंट्रल-विशाखापट्टनम सुपर फास्ट साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 18503/18504 विशाखापट्टनम-साईनगर शिर्डी-विशाखापट्टनम साप्ताहिक एक्सप्रेस में 01 रेक के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(6) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-131881-2-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन लिंक नं. 18567/18568 विशाखापट्टनम-कोल्लम जं.-विशाखापट्टनम साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 20815/20816 विशाखापट्टनम-टाटा-विशाखापट्टनम साप्ताहिक एक्सप्रेस के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(7) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-177665-1-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन लिंक नं. 18513/18514 विशाखापट्टनम-किरंदुल-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस एवं 18529/18530 विशाखापट्टनम-दुर्ग-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस में 02 रेक के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(8) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-128700-2-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन लिंक नं. 17488/17487 विशाखापट्टनम-तिरुपति-विशाखापट्टनम तिरुमाला एक्सप्रेस एवं 18517/18518 विशाखापट्टनम-कोरबा-विशाखापट्टनम कोरबा एक्सप्रेस के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(9) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-169780-1-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन लिंक नं. 22819/22820 भुवनेश्वर-विशाखापट्टनम-भुवनेश्वर इंटरसिटी एक्सप्रेस एवं 18511/18512 कोरापुट-विशाखापट्टनम-कोरापुट द्वि-साप्ताहिक इंटरसिटी एक्सप्रेस में 04 रेक के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

(10) लॉट नं./वर्ग: ADVT-Int-131905-3-24-1 (Advertising-Train Interior)
विवरण : ट्रेन लिंक नं. 20807/20808 विशाखापट्टनम-अमृतसर जं.-विशाखापट्टनम सुपरफास्ट एक्सप्रेस एवं 20811/20812 विशाखापट्टनम-हजूर साहिब नान्देड-विशाखापट्टनम सुपरफास्ट एक्सप्रेस के लिए ट्रेन के इंटीरियर में विनाइल स्टिकर के माध्यम से नन डिजिटल (Non Digital) विज्ञापन का प्रदर्शन।

लॉट प्रारम्भ होने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.11.2024 को 1100 बजे (सभी क्रम सं. हेतु)।

लॉट बंद होने की तिथि एवं समय : दिनांक 06.11.2024 को 1130 बजे (क्रम सं. 1 हेतु), 1140 बजे (क्रम सं. 2 हेतु), 1150 बजे (क्रम सं. 3 हेतु), 1200 बजे (क्रम सं. 4 हेतु), 1210 बजे (क्रम सं. 5 हेतु), 1220 बजे (क्रम सं. 6 हेतु), 1230 बजे (क्रम सं. 7 हेतु), 1240 बजे (क्रम सं. 8 हेतु), 1250 बजे (क्रम सं. 9 हेतु), 1300 बजे (क्रम सं. 10 हेतु)।

न्यूनतम वृद्धि : 0.2%, लॉट स्थिति : ड्राफ्ट कैटलॉग में नया।

संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in में उपलब्ध है।

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक / वाल्टियर

PR-687/P/24-25

# दिवाली की रात मुजफ्फरपुर में 18 घर जले

## आग बुझने से पहले दमकल का पानी खत्म, भोजपुर में पटाखा जलाने में 60 लोग झुलसे

पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। दिवाली की रात मुजफ्फरपुर में एक साथ 18 घर जल गए। राहत की बात ये रही कि किसी तरह से के जान का नुकसान नहीं हुआ, लेकिन लाखों की संपत्ति खाक हो गई। वहीं औरंगाबाद में पटाखा जलाने के दौरान 10 लोग झुलस गए।

मोतिहारी में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में आग लग गई तो वहीं बेगूसराय में हार्डवेयर की दुकान जल गई। आग बुझाने से पहले ही दमकल गाड़ी में पानी खत्म हो गया। इधर गया में प्लास्टिक के सामान वाला गोदाम धू-धू कर जल गया।



मुजफ्फरपुर में दिवाली की रात करीब 18 घर जल गए। आग एक घर में शॉर्ट-सर्किट की वजह से लगी थी। जो देखते-देखते काफी फैल गई। लपटों ने काफी विकराल रूप ले लिया था। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले काफी नुकसान हो चुका था। अनुमान लगाया जा रहा कि करीब 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, लेकिन देरी से आने की वजह से घर जलकर राख हो गए। लोगों ने किसी तरह से अपने मवेशियों को बचाया। घटना कटरा थाने क्षेत्र के धनौर गांव की है।

बक्सर में गुरुवार की रात फर्नीचर के गोदाम में आग लग गई। जिससे लाखों का नुकसान हुआ है। पटाखे की चिंगारी की वजह से अगलगी की घटना हुई है। दमकल की गाड़ियां आने के बाद आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों की सूचना पर दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, तबतक लाखों रुपए के फर्नीचर जलकर राख हो गए। आग बुझाने के लिए एक घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। न्यू बक्सर फर्नीचर हाउस के प्रौपराइटर संजय कुमार सिंह उर्फ ब्रजेश सिंह ने बताया कि फर्नीचर गांव में बने गोदाम में ही रखते हैं। जिसमें कई कंपनियों की कुर्सियां और अन्य फर्नीचर थे। दिवाली की देर रात गांव के बच्चों ने पटाखे चलाए। चिंगारी गोदाम में गिरी, जिससे आग लग गई। लगभग 7 लाख का नुकसान हुआ है। गया में थर्मोकोल और प्लास्टिक गोदाम में दिवाली की रात आग लग गई। गोदाम में थर्मोकोल और प्लास्टिक के कप, प्लेट और ग्लास थे। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आसपास के घरों में रहने वाले लोग घबरा गए। लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल हो गया। लोग आग बुझाने की कोशिश रहे थे, पर स्थिति उनके काबू से बाहर थी। सूचना पर मुफस्सिल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में आग बुझाने का अभियान शुरू हुआ, जिसमें 35 से ज्यादा फायर कर्मी जुटे। संजय सिंह के मुताबिक रात 12 बजे तक आग की लपटें इतनी ज्यादा थी कि गोदाम के आसपास फैलने लगी थी। दो घंटे की मेहनत के बाद आग बुझ गई। आशंका जताई जा रही कि पटाखें की चिंगारी से अगलगी हुई है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मुफस्सिल मोड़ के पास की है।

बेगूसराय में हार्डवेयर की दुकान में आग लगी गई। 15 लाख से अधिक की संपत्ति जलकर राख हो गई। बताया जा रहा कि राम उदय पंडित की वीरपुर-संजात रोड में सदगुरु हार्डवेयर नाम से दुकान है।

दुकान में लक्ष्मी-गणेश की पूजा के बाद वे घर चले गए थे। इसी दौरान करीब 11:00 बजे आग लग गई। थोड़ी देर बाद लोगों की नजर पड़ी। बड़ी संख्या में भीड़ जुट गई। डायल-112 को फोन किया गया, लेकिन चार बार के बाद भी कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला। लोगों ने प्रशासन और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल की चार गाड़ियों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पानी खत्म हो गया। घटना वीरपुर थाना क्षेत्र के मुजफरा बाजार की है।

मोतिहारी के तुरकौलिया बाजार में इलेक्ट्रॉनिक दुकान में देर रात आग लग गई। इस हादसे में सारा सामान जलकर राख हो गया। इस घटना में करीब 15 लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। दुकान के मालिक दिनेश कुमार ने बताया कि आग लगने से कई कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह नष्ट हो गए।

सूचना मिलते ही अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। घटना के कारण का पता नहीं चल सका है। मधेपुरा शहर के भिरखी में दीपावली की रात बिस्कुट और कुरकुरे की थोक दुकान में आग लगने से सारा समान जलकर राख हो गया।

# पिस्टल लिए खड़ा रहा दरोगा लोगों ने फोड़ दिया सिर

## मोतिहारी में पुलिस टीम पर हमला, लड़की के अपहरण के आरोपी को पकड़ने गई थी टीम

मोतिहारी, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मामला पहाड़पुर थाना इलाके का है। पुलिस टीम लड़की के अपहरण के आरोपी को अरेस्ट करने गई थी। इधर 2 दिन बाद भी हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं कर पाने की वजह से 3 पुलिस अधिकारियों पर एक्शन हुआ है। आज सामने आए वीडियो में दिख रहा है कि गांव के लोग सरेआम पुलिस वालों को लाठी-डंडे से पीट रहे हैं। दरोगा पिस्टल लिए खड़ा रहता है और लोग उसका लाठी से उसका सिर फोड़ देते हैं। एक होमगार्ड जवान को गंभीर चोट आई है साथ ही पुलिस की गाड़ी से आरोपी को खींच भी रहे हैं। इस दौरान भीड़ आरोपी को पुलिस से छुड़ाकर ले गई। हालांकि, एक दूसरे वीडियो में गांव की महिलाएं जख्मी पुलिसवालों के सिर पर गमछा बांधती दिख रही हैं। 2 दिन पहले पहाड़पुर थाना में 2 लड़कियों के अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। इसमें पुलिस ने एक लड़की को बेतिया से बरामद कर लिया गया। उसकी निशानदेही पर आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम पहाड़पुर इलाके के



सरिया पंचायत, वार्ड नंबर-3 पहुंची थी। पुलिस टीम ने आरोपी युवक को गिरफ्तार तो कर किया, लेकिन उसके परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर पुलिस टीम पर लाठी डंडे से हमला कर दिया। हमले में दरोगा सोनू कुमार का सिर फूट गया। वहीं होमगार्ड जवान मुन्ना पासवान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। दारोगा सोनू कुमार को अपनी जान बचाने के लिए हवाई फायरिंग भी करनी पड़ी है। हालांकि, इसकी किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है।

पुलिस टीम ने दोनों घायलों को पहाड़पुर सीएचसी में भर्ती कराया। दोनों ही फिलहाल खतरे से बाहर हैं। पुलिस टीम फिलहाल गांव में कैंप कर रही है। आरोपी के परिजन गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात ने पुलिस टीम पर हमला करनेवालों की 48 घंटे बाद भी गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने पहाड़पुर थानाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार के वेतन पर रोक लगा दिया है। एसपी ने सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी किए जाने की बात कही है। बताया कि अरेराज एसडीपीओ के नेतृत्व में एसआईटी बनाई गई है।

# मां ने करवाया बेटे-बहू का मर्डर

## आगरा में भाई संग रची साजिश, कैलादेवी भेजा, बीच रास्ते में मरवाई गोलियां, दोनों के अवैध संबंधों से नाराज थी

आगरा, 1 नवंबर (एजेंसियां)। आगरा के पति-पत्नी की राजस्थान में हत्या के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। लड़के की मां और मामा हत्या करवाई थी। मां ने पुलिस को बताया- बेटे-बहू के अन्य महिला-पुरुष से अवैध संबंध थे। इससे सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही थी। घर से निकल नहीं पाती थी। दोनों को कई बार समझाया, लेकिन नहीं माने।

मां ने बताया- लोकलाज के चलते हत्या की साजिश रची। इसमें भाई और उसके नौकर को शामिल किया। साजिश के तहत बहू और बेटे को कैला देवी दर्शन करने के लिए भेजा। लौटते वक्त भाई और उसके नौकर ने दोनों की हत्या कर दी। वारदात के बाद फरार हो गए। बीच सड़क पर हुई हत्या के बाद राजस्थान पुलिस ने चार टीम गठित की। करौली, धौलपुर, आगरा सहित कई स्थानों पर दबिश दी। 250 से अधिक सीसीटीवी खंगाले। इसमें नौकर दिखाई पड़ा। शक के आधार पर पुलिस ने उसे उठा लिया। थाने लेकर जाकर सख्ती से पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। फिलहाल पुलिस ने लड़के की मां, मामा और नौकर को गिरफ्तार कर लिया है। करौली जिले के भोजपुर गांव के पास बुधवार सुबह कार में युवक-युवती के शव मिले थे। दोनों की शिनाख्त अछनेरा के गांव सांथा निवासी पति-पत्नी विकास और दीक्षा के रूप में हुई। विकास का शव ड्राइविंग सीट पर तो दीक्षा का शव पीछे की सीट पर मिला था। विकास को 2 तो दीक्षा को 1 गोली मारी गई थी। हत्या के बाद राजस्थान पुलिस ने मोबाइल से दोनों की शिनाख्त की। पुलिस ने जांच शुरू की तो परिजनों ने बताया कि विकास और दीक्षा के



साथ चमन खान नाम युवक भी था। हत्या के बाद से वो गायब है। चमन धौलपुर के ईटकी का रहने वाला है। वह विकास के मामा के यहां पर नौकरी करता था। राजस्थान पुलिस ने चमन की तलाश शुरू की। कैला देवी मंदिर के सीसीटीवी चेक किए तो चमन और विकास साथ में दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने मंदिर से लेकर घटनास्थल तक के करीब 300 कैमरे देखे।

पुलिस ने सर्विलांस की मदद से चमन खान को गिरफ्तार कर लिया। जब उससे पूछताछ हुई तो उसने विकास के मामा रामबरन का नाम लिया। पुलिस ने विकास के मामा रामबरन को उठाया। उससे और चमन से अलग-अलग पूछताछ की। दोनों ने अलग-अलग बयान दिए। इसके बाद पुलिस ने दोनों से एक साथ बैठाकर सख्ती से पूछताछ की तो दोनों ने जुर्म कबूल लिया।

# बड़े बाहुबली हैं, 4 क्विंटल वजन है, सिक्योरिटी मांग रहे

## पप्पू यादव पर बृजभूषण सिंह का तंज, सांसद ने कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष को बताया नपुंसक

पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और कैसरगंज से बीजेपी के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव पर तंज कसा है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिल रही धमकी को लेकर पप्पू यादव ने केंद्र से सुरक्षा मांगी है और इसी को लेकर कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण सिंह ने नाम लिए बगैर उन पर हमला किया है। बृजभूषण सिंह ने कहा, 'एक कोई बाहुबली हैं बिहार में जो हर विषय पर बोलते हैं। अब सिक्योरिटी मांग रहे हैं। बहुत बड़े बाहुबली हैं। 3-4 क्विंटल वजन है उनका। अब सुरक्षा मांगने लगे हैं। क्यों बयान दिया, बिना बयान दिए आपका काम नहीं चलता है? अब कोई इनाम घोषित कर रहा है। अब आज कोई इनाम घोषित करेगा कि हम सर काटने का 1 करोड़ या डेढ़



करोड़ देंगे। आप किसी पर भी इनाम घोषित करने वाले होते कौन हैं? अगर बयान दिया है तो फिर झेलो।' बृजभूषण सिंह ने कहा है कि 'कोई भी व्यक्ति चाहे वह बाहुबली हो, धर्मगुरु हो, नेता हो, अगर उसके बयान से समाज में विवाद होता है तो ऐसे लोगों को सरकार को सुरक्षा नहीं देनी चाहिए। अब यह फैशन हो गया है कि किसी बड़े आदमी को गाली दो, किसी अंतर्राष्ट्रीय क्रिमिनल को गाली दो और सुरक्षा मांगो।' सांसद पप्पू यादव ने फेसबुक लाइव बृजभूषण पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि 'सांसद जी आपको अपने बेटे की टिकट के लिए भीख मांगना पड़ जाता है। आप पर कई पहलवानों के द्वारा आरोप लगाए गए हैं। फिर भी आप मेरे मित्र हैं। सांसद जी, जब करणी सेना के अध्यक्ष को मारा गया था तब आपकी कुछ भी बोलने की औकात क्यों नहीं थी।

# मालगाड़ी की 3 बोगियां पटरी से उतरी

## अप एंड डाउन की गाड़ियों को रोका, डिपो से पेट्रोल अनलोड कर लौट रही थी मालगाड़ी

मुजफ्फरपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मुजफ्फरपुर में मालगाड़ी की तीन बोगियां पटरी से उतर गईं। हादसा मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड के नारायणपुर रेलवे स्टेशन के पास गुमटी नंबर-98 की है। नारायणपुर स्थित डिपो से पेट्रोल अनलोड करने के बाद गाड़ी को यार्ड में प्लेसमेंट के लिए बाहर निकाला जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। जिसके बाद वरीय अधिकारियों को सूचित किया गया। मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड के अप एंड डाउन की सभी गाड़ियों को मुजफ्फरपुर के पहले वाले स्टेशनों पर रोका गया। सोनपुर डीआरएम विवेक भूषण सूद ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। रेलवे की इंजीनियरिंग विभाग की टीम ने बेपटरी बोगियों को पटरी पर लाया।

# दो फर्नीचर फैक्ट्री में लगी आग

## आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने 6 घंटे में पाया काबू, लाखों की संपत्ति जलकर राख

पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पटना सिटी के आलमगंज थाना क्षेत्र के मठ लक्ष्मणपुर कोयरी टोला देवी स्थान के पास गुरुवार की देर रात फर्नीचर फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने दो फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया।

स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। बताया जा रहा है कि लगभग आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर 6 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस बीच वहां स्थित दो फैक्ट्री पूरी तरह जलकर राख हो गई।

आग कैसे लगी इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। वहीं लोगों का आशंका है कि दीपावली के मौके पर पटाखे की चिंगारी से आग लगी है।

इस मामले में आलमगंज थाना प्रभारी ने बताया कि दो फर्नीचर फैक्ट्री में आग लगी है। फिलहाल किसी तरह का कोई आवेदन थाना को प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने के बाद ही फैक्ट्री के नुकसान का अंदाजा लगाया जा सकता है।

घटना के बारे में आसपास के लोगों ने बताया कि दीपावली की रात लगभग 11:00 के आसपास फर्नीचर की फैक्ट्री में आग लगने की सूचना स्थानीय लोगों को मिली। पहले तो लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी।


# बिजनेसमैन पति-पत्नी जिंदा जले

## मंदिर के दीये से लगी आग, गर्म होकर ऑटोमैटिक दरवाजा लॉक हुआ, बचाने गई नौकरानी की भी मौत

कानपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। कानपुर में दिवाली पर मंदिर के दीये से घर में भीषण आग लग गई। हादसे में बिजनेसमैन पति-पत्नी समेत नौकरानी की जिंदा जलकर मौत हो गई। पूजा करने के बाद मंदिर में दीया जलाकर पति-पत्नी सो गए थे।

मंदिर में दीये से आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। पति-पत्नी बेडरूम से बाहर नहीं निकल पाए। बचाने गई नौकरानी की भी मौत हो गई। बेटा पार्टी कर लौटा तो देखा घर से धुआं निकल रहा था।

उसने चिल्लाकर आसपास के लोगों को बुलाया। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंच गई। आग बुझाकर पति-पत्नी और नौकरानी को निकाला और अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।



संजय श्याम दासानी, कनिका दासानी

पूरा मामला काकादेव इलाके का है। पुलिस ने बताया- मरने वालों की पहचान संजय श्याम दासानी (48), पत्नी कनिका दासानी (42) और नौकरानी छवि चौहान 24) के रूप में हुई है। इनकी अंबाजी फूड्स नाम से कंपनी है। साथ ही इनकी बिस्किट फैक्ट्री भी है। पांडू नगर में बिजनेसमैन संजय श्याम दासानी, पत्नी, बेटे और मेड के साथ रहते थे। घर तीन मंजिला है। गुरुवार रात में बिजनेसमैन ने पत्नी के साथ दिवाली की पूजा की। खाना खाया। फिर रूम में सोने चले गए। नौकरानी भी अपने कमरे में जाकर सो गई। मंदिर का दीया जल रहा था। देर रात दीये से आग लग गई। पत्नी-पत्नी को बचाने के लिए नौकरानी रूम के अंदर गई। आग की चपेट में आने से तीनों की मौत हो गई।

घरवालों ने बताया कि बिजनेसमैन का बेटा हर्ष हादसे के वक्त घर पर मौजूद नहीं था। वह दिवाली के चलते दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। देर रात लौटा, देखा तो घर से धुआं निकल रहा था। उसने आसपास के लोगों और पुलिस को सूचना दी। फोरेंसिक टीम एक्सपर्ट ने बताया कि फर्स्ट फ्लोर पर जहां पर आग लगी है, बेडरूम से लेकर पूरे हिस्से में वुडन वर्क हुआ था। इसके चलते आग ने पूरे कमरे को पलभर में ही चपेट में ले लिया। दूसरी तरफ, ऑटोमैटिक दरवाजा लगा था, जो गर्म होने के बाद लॉक हो गया था, इसलिए पति-पत्नी बाहर नहीं निकल सके। उनकी कमरे के भीतर ही मौत हो गई।

# बहनों ने महिला दुकानदार को पीटा

## चोटी पकड़कर खींचा, डंडे से मारा, दुकान का सामान भी फेंका

आगरा, 1 नवंबर (एजेंसियां)। आगरा में दो युवतियों ने महिला दुकानदार के साथ मारपीट की गई। आरोपी युवतियों ने दुकान का सामान भी फेंक दिया। इसके बाद महिला दुकानदार को लाठी-डंडे से पीटा। घटना का वीडियो सामने आया है। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। थाना सदर क्षेत्र में राजपुर चुंगी पर तोमर कॉम्प्लेक्स है। बताया गया है कि यहां पर साहिबा खान की कॉस्मेटिक की शॉप है। दुकान की मालकिन से साहिबा का दुकान खाली करने को लेकर विवाद है।

बताया गया है कि दिवाली के दिन दुकान मालकिन ने अपनी बेटियों को साहिबा के पास भेजा। मारपीट का 1 मिनट 14 सेकेंड का वीडियो में दिख रहा है कि दो युवतियों एक कॉस्मेटिक शॉप पर पहुंचती हैं। वहां उनकी महिला दुकानदार से कहासुनी होने लगी। बातचीत थोड़ी देर में काफी बढ़ गई। अंदर बैठी दुकानदार भी बाहर आ गई। इस दौरान बाहर दूसरे दुकानदार भी आ जाते हैं। युवतियों और महिला दुकानदार के बीच नोकझोंक होती रहती है। तभी एक युवती ने दुकान के काउंटर पर रखे सामान को फेंक दिया। तभी महिला दुकानदार भी भड़क गई। उसने कहा ये बदतमीजी चलेगी नहीं। तभी युवती ने अपने हाथ पर इशारा करते हुए कहा कि काट डालूंगी। इसके बाद दूसरी युवती ने महिला दुकानदार के गाल पर थप्पड़ मार दिए। फिर तीनों की आपस में मारपीट शुरू हो गई। दोनों बहनों ने महिला महिला दुकानदार की चोटी पकड़कर उसे खींचा। धक्का देकर गिरा दिया। उसकी जमकर पिटाई लगाई। इसके बाद दुकान का सामान फेंक दिया।

# एकता की मां ने कहा-जिम ट्रेनर को मिले मौत

## पुलिस खुलासा न कर पाए, तो केस सीबीआई को दो, डीएम कंपाउंड में गड़ी मिली थी लाश

कानपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। 'बेटी एकता को बहुत नाजों से पाला, मेरी आंखों का तारा थी। रोना दूर की बात थी, वो दुखी भी होती थी, तो पूरा घर परेशान हो जाता था। ऐसा क्या हो गया कि उसको इतनी बेरहमी से मार डाला गया।' यह कहते हुए एकता की मां सुनीता गुप्ता रोने लगती हैं। कहती हैं- वो बहुत साधारण लड़की थी। मुझे नहीं लगता कि विमल सोनी को उसने कभी नुकसान पहुंचाया होगा या इस घटना में शामिल और लोगों का उसने कुछ बिगाड़ा होगा। मैं बस यही सोचती हूं कि क्या मेरी बेटी को इतनी बुरी मौत मिलनी चाहिए थी। किस बात की सजा दी गई। मुझे सिर्फ अपनी बेटी के लिए न्याय चाहिए। उसको मारने वाले शख्स को सिर्फ फांसी की सजा होनी चाहिए। पहले उसकी बॉडी नहीं



एकता

मिल रही थी। अब मिली है, तो सटीक कारण नहीं सामने आ पा रहा है कि उसको क्यों मार डाला गया। फिर डीएम कंपाउंड के पास ही बॉडी को क्यों दफनाया गया? केस से जुड़े सभी पहलू पर एकता की मां सुनीता गुप्ता से बात की, उन्होंने जांच पर सवाल खड़े करते हुए सीबीआई जांच की मांग रखी। एकता की मां कैलाश पैलेस शुक्लागंज में रहती हैं। जब उनसे पूछा- पुलिस जांच और जो कुछ भी अभी तक सामने आया है, क्या आप उससे संतुष्ट हैं? उन्होंने कहा- नहीं बिल्कुल नहीं। डीएम आवास में जो भी लोग इस घटना में शामिल हैं। उन सबके चेहरे सामने आने चाहिए। उन्हें इस घटना में कड़ी सजा दी जाए। हमने पूछा कि विमल सोनी के लिए क्या कहना चाहती हैं? उन्होंने कहा- विमल को तो सिर्फ फांसी की सजा होनी चाहिए। मुझे नहीं लगता की पुलिस ठीक से जांच कर पा रही है, इस मामले की जांच सीबीआई को करनी चाहिए। एजेंसी आकर पूरे मामले का नए सिरे से खुलासा करे। क्या एकता की शादीशुदा जिंदगी में कोई दिक्कत थी? उन्होंने कहा- ऐसा बिल्कुल नहीं था। एकता की शादी बहुत अच्छे से हुई थी। पारिवारिक जीवन में भी उसे कोई दिक्कत नहीं थी। वह घर आती-जाती रहती थी। मगर उसने कभी भी अपने परिवार की किसी समस्या का जिक्र नहीं किया। वह अपनी फैमिली लाइफ में बहुत खुश रहती थी। कम से कम हमें यही पता था। उन्होंने कहा- एकता की शादी को 25 साल पूरे होने वाले थे। हम उसके फंक्शन की तैयारी कर रहे थे। हमने पूछा कि तारीख क्या थी?

इस पर वह फफक-फफक कर रोने लगीं। उनके पास बैठे एकता के भाई आदित्य गुप्ता ने कहा कि एकता जिस कैंपस में रहती थी। वही पर हम लोग भजन-कीर्तन करने की तैयारी कर रहे थे।

# लखनऊ जेल में बंद हत्यारोपी की मौत

## पुलिस ने कहा- हार्ट अटैक से गई जान, मां बोली- झूठ है, मजिस्ट्रेट करें जांच

लखनऊ, 1 नवंबर (एजेंसियां)। लखनऊ के गोसाईंगंज जिला जेल में शुक्रवार को शानू सिंह (27) की संदिग्ध मौत हो गई। जेल अधिकारियों का कहना है कि शानू की मौत हार्ट अटैक से हुई है, लेकिन मृतक की मां कलावती देवी इस दावे से सहमत नहीं है। मृतक की मां कलावती का कहना है कि हमारा बेटा पूरी तरह से स्वस्थ था। जेल के अधिकारी झूठ बोल रहे हैं। इस मामले में मजिस्ट्रेट स्तर से जांच की जाए। शव का पोस्टमार्टम वीडियोग्राफी के साथ डॉक्टरों के पैनल से कराया जाए। शानू कैंट क्षेत्र के इब्राहिमपुर नीलमथा का रहने वाला था। उसकी मां कलावती ने कैंट पुलिस से शिकायत की है। जिसमें उन्होंने जेल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और पूरी घटना की जांच कराने की मांग की है। मां का कहना है अगर बेटे की मौत में किसी की गलती है, तो उसे सामने लाना चाहिए। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी होनी चाहिए। जब इस मामले में एसएचओ गुरप्रीत कौर से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा- मामले की जानकारी होने की बात तो कही लेकिन बाद में कॉल रिसीव नहीं करना बंद कर दिए। इससे परिजनों की चिंता और बढ़ गई है, जो पूरे मामले में स्पष्टता चाहते हैं। एसीपी अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि मृतक की मां कलावती देवी ने थाने में आकर अपनी बात रखी, हालांकि मामला गोसाईंगंज क्षेत्र का होने के कारण उन्हें संबंधित थाने भेजा जा रहा है।

# जुआ खेलते लोगों ने पुलिस पर किया हमला

## दो पुलिसकर्मी घायल, अस्पताल में भर्ती, दर्ज किया गया मुकदमा

बरेली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस ने इन लोगों को जुआ खेलने से रोका था। जिससे नाराज होकर इन लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। जिसमें एक एसआई, एक कांस्टेबल घायल हो गया।

वहीं इस हमले में से किसी तरह होमगार्ड बच निकला। जानकारी के मुताबिक प्रेमनगर पुलिस की एक टीम गश्त पर गई थी।

इसी दौरान होली चौके के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे थे, जब पुलिस ने टोका तो 40 से 45 लोग आ गए और गाली गलौच करते हुए पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में एसआई शुभम कुमार, कांस्टेबल मनीष के ऊपर लाठी- डंडे, पत्थर से हमला कर दिया, जिसमें वह दोनों घायल हो गए।

दोनों घायल पुलिसकर्मियों को बरेली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

हालांकि अभी तक घटना पर किसी अधिकारी का कोई बयान नहीं आया है। घटना के संबंध में प्रेमनगर पुलिस ने 13 से 14 नामजद, 15 से 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ 191 (2)190,109,121(1)115 (2) सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# हरियाणा के धागे से बनी जैकेट पहनते हैं पीएम

## प्लास्टिक की खाली बोतलों से तैयार होता है; अमेरिका समेत 4 बड़े देशों में डिमांड

पानीपत, 1 नवंबर (एजेंसियां)। आप अक्सर सफर करते समय प्लास्टिक की बोतल में पानी पीकर उसे फेंक देते हैं। कभी राह चलते सड़कों पर तो कभी रेलवे ट्रैक पर। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि यह प्लास्टिक की बोतल कितनी उपयोगी और फायदेमंद है। जी हां, आप भी आश्चर्य में पड़ जाएंगे जब आपको इसके इस्तेमाल करने के बारे में पता चलेगा।

यह कोई साधारण चीज नहीं है, बल्कि इसी प्लास्टिक से बनाए गए धागे से बनी जैकेट को खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी पहनते हैं। जैकेट को पहनकर नरेंद्र मोदी संसद पहुंचकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश भी दे चुके हैं। ऐसा ही धागा पानीपत में प्लास्टिक की बोतलों को री-साइकिल कर बनाया जाता है। धागे के उत्पादों की विदेशों में भी मांग रहती है। पानीपत के इस धागे से बने उत्पादों को अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया यूरोपीय देशों में एक्सपोर्ट किया जा रहा है। पानीपत के बड़े उद्योगपति राकेश मुंझाल बताते हैं कि पानी, कोल्ड ड्रिंक या किसी अन्य बोतल को री-साइकिल कर पहले सफेद रंग का





प्लास्टिक दाना और चिप बनाई जाती है। उसके बाद इस दाने को अलग-अलग यूनिट में भेजकर प्लास्टिक की सीट बनाई जाती है। प्लास्टिक सीट को रेग मशीन में डालकर फाइबर तैयार कर लिया जाता है। इसके बाद इसे धागा बनाने वाली मिल में भेजा जाता है।

फिर धागा बनाने की प्रक्रिया शुरू होती है। धागा बनाने वाले प्लांट में इस प्लास्टिक फाइबर को कॉटन फाइबर के साथ मिक्सचर मशीन में डाला जाता है। मिक्सचर मशीन से निकलने के बाद यह कन्वेयर बेल्ट से होते हुए फिल्टर मशीन में पहुंचता है। फिल्टर से वेस्ट निकलने के बाद यह फाइबर पाइप लाइन में से होता हुआ धागा बनाने वाली मशीन में जाता है।

इसके बाद ऑटोमेटिक स्पिनिंग मिल्स की इस मशीन से एक फाइबर की पट्टी तैयार होती है। यह फाइबर की पट्टी दूसरी मशीन से होते हुए फिर कन्वेयर बेल्ट पर पहुंचती है। फिर यह फाइबर की पट्टी स्पिनिंग मशीन की रोलिंग पर पहुंचती है। इसके बाद एक बारीक सा पेट यार्न तैयार होकर बाइंडिंग मशीन पर पहुंचता है। बाइंडिंग के बाद ऑटोमेटिक मशीन के साथ मीटर के हिसाब से धागे को रोल कर लिया जाता है। इसके बाद धागे को पैक कर डिलीवरी के लिए भेजा जाता है। उद्योगपति राकेश मुंझाल बताते हैं कि प्लास्टिक फाइबर को कॉटन फाइबर के साथ 20% से 25% तक मिलाकर धागा तैयार किया जाता है। इस धागे की क्वालिटी भी बेहतर होती है। आजकल यह धागा जुराब, टी-शर्ट और सूटिंग-शर्टिंग के कपड़े के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। पानीपत में इसका उपयोग ज्यादातर बेडशीट, बाथ मेट, परदे, आदि बनाने में किया जा रहा है।

# बांधवगढ़ में 10वें हाथी की मौत

## इलाज के बाद बुधवार को छोड़ा गया था; जंगल में बेहोश होकर गिर पड़ा

उमरिया, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बांधवगढ़ नेशनल पार्क में गुरुवार को दो और हाथियों ने दम तोड़ दिया। दोपहर में 9वें हाथी और शाम को दसवें हाथी की मौत हुई। मामले में एसटीएफ ने डॉग स्क्वॉड की मदद से 7 खेतों और 7 घरों की तलाशी ली है। 5 लोगों से पूछताछ भी की। घटनास्थल से 5 किमी के दायरे में छानबीन की जा रही है। वेटरनरी डॉक्टरों का कहना है कि मौत का कारण फॉरेंसिक लैब की रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा।



30 अक्टूबर को बांधवगढ़ नेशनल पार्क का नजारा सामान्य दिनों की तरह नहीं है। दोपहर 12 बजे सलखनिया, खतौली और पतोर रेंज की सीमा पर खुले मैदान में 300 मीटर के दायरे में 10 हाथी पड़े हुए हैं। सभी हाथियों की मौत हो चुकी है। शवों का पोस्टमॉर्टम हो रहा है। पूरे इलाके में लाश की सड़न की बदबू फैली हुई है।

तीन हाथियों का इलाज करने के साथ ही डॉक्टर और वनकर्मी उसे खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ ही देर में हमारे सामने ही एक हाथी उठ कर जंगल की ओर चला जाता है। दूसरे का इलाज चल रहा है (जिसकी गुरुवार को मौत हो गई)। वहीं तीसरे हाथी को जेसीबी के सहारे उठाने की कोशिश चल रही है वो भी अपने पैर हिलाता है। देखकर ऐसा लगता है कि वो उठ जाएगा, लेकिन कुछ ही देर में उसका शरीर शांत पड़ जाता है। डॉक्टर उसे मृत घोषित कर देते हैं।

अब गुरुवार को दो और हाथियों की मौत के बाद ये आंकड़ा 10 हो गया है। हाथियों की मौत सामान्य नहीं है। यहां वन विभाग के अफसरों और वेटरनरी डॉक्टरों की टीम हाथियों की सेहत पर नजर रखने के लिए कैम्प कर चुकी है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने घटनास्थल के आसपास के क्षेत्र में कोदो-कुटकी की फसल को नष्ट करवा दिया है। खेत में ट्रैक्टर चलवाकर पहले फसल नष्ट करवाई, इसके बाद इसे जलवा दिया गया।

# विधानसभा चुनाव से पहले घिरे अजित पवार

**मलिक की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग पर कही यह बात**

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को मलाड़ का दौरा किया। इससे पहले 28 अक्तूबर को डिप्टी सीएम और राकांपा प्रमुख अजित पवार ने बारामती विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया था। शरद पवार के पोते और राकांपा-एसपी उम्मीदवार युगेंद्र पवार भी इसी सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। अजित पवार ने मानखुर्द से राकांपा उम्मीदवार नवाब मलिक को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि चार नवंबर को सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। नवाब मलिक के बारे में पूछे जाने पर राकांपा नेता अजित पवार ने कहा कि चार नवंबर को यह स्पष्ट हो जाएगा कि कौन उम्मीदवार किस सीट से चुनाव लड़ रहा है। दरअसल, गुरुवार को भाजपा नेता आशीष शेलार ने कहा था कि अजित पवार को नवाब मलिक को पार्टी टिकट नहीं देना चाहिए। उन्होंने



आगे कहा, ₹महाराष्ट्र में कई लोग यह सोच रहे हैं कि अज्त पवार को नवाब मलिक को पार्टी टिकट नहीं देना चाहिए। उनके ऊपर लगे गंभीर आरोप महाराष्ट्र के लिए अस्वीकार्य है। भाजपा ने अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। महाराष्ट्र दाऊद जैसे अंतरराष्ट्रीय आतंकी का विरोध करता है। इसके बावजूद अगर उन्हें टिकट दिया गया है तो भाजपा ऐसे लोगों के साथ नहीं जुड़ सकती है। हम ऐसे उम्मीदवार के लिए प्रचार नहीं करेंगे। इसके बदले हम उस उम्मीदवार का समर्थन करेंगे जो उनके खिलाफ खड़ा होगा।

शिवसेना (यूबीटी) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने नवाब मलिक की उम्मीदवारी पर प्रतिक्रिया देते हुए आशीष शेलार के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, ₹भाजपा ने नवाब मलिक का विरोध किया था। देवेंद्र फडणवीस ने मलिक को पार्टी के विधायक दल में शामिल करने और उन्हें चुनाव टिकट न देने के खिलाफ अजीत पवार को चिट्ठी लिखी थी। राकांपा के अजित पवार ने नवाब मलिक को चुनाव फॉर्म दे दिया है। अब आशीष शेलार कह रहे हैं कि वे नवाब मलिक की उम्मीदवारी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन वे उनके लिए चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। यह उनकी कथनी और करनी में अंतर को दर्शाता है।

बारामती लोकसभा सीट के लिए लड़ाई पवार परिवार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस क्षेत्र से राकांपा नेता अजित पवार का सामना उन्हीं के भतीजे युगेंद्र पवार से हो रहा है। लोकसभा चुनाव के दौरान अजित पवार की बहन सुप्रिया सुले ने उनकी पत्नी को हरा दिया था। सुप्रिया सुले का मानना है कि युगेंद्र पवार का नामांकन पार्टी के कायाकल्प के लिए अच्छा कदम है। युगेंद्र का कहना है कि अपने चाचा के खिलाफ इस क्षेत्र से चुनाव लड़ना कठिन नहीं है, लेकिन यह उतना आसान भी नहीं है।

युगेंद्र पवार ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि यह कठिन है, लेकिन यह उतना आसान भी नहीं है। शुरू में पवार साहब (शरद पवार) अजित पवार का समर्थन कर रहे थे।

# खरगे की कांग्रेस नेताओं को नसीहत- बजट के आधार पर करें वादे

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनावों के साथ ही देश भर में 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और दो राज्यों की दो लोकसभा सीटों पर भी उपचुनाव को लेकर इस दिनों देश की सियासी सरगर्मी बढ़ी हुई है। महाराष्ट्र में एक चरण चुनाव होना है। सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। यहां महायुति बनाम एमवीए का चुनाव है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। एक तरफ मल्लिकार्जुन खरगे अपनी ही पार्टी यानी कांग्रेस को नसीहत देते नजर आए। वहीं, भाजपा ने इस पर पलटवार किया। दूसरी ओर, संजय राउत ने पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला को लेकर बड़ी बात कही।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बताया, 'मैंने कहा है कि उन्हें (महाराष्ट्र कांग्रेस) 5, 6, 10 या 20 गारंटी की घोषणा नहीं करनी चाहिए। बजट के आधार पर गारंटी की घोषणा की जानी





चाहिए। अन्यथा, दिवालियापन होगा। अगर सड़कों के लिए पैसा नहीं है, तो हर कोई आपके खिलाफ हो जाएगा। अगर सरकार विफल होती है, तो आने वाली पीढ़ी के पास एक बुरे नाम के अलावा कुछ नहीं बचेगा।

भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, 'कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने स्वीकार किया है कि हमें केवल उन वस्तुओं के लिए घोषणा करनी चाहिए, जिनके लिए हमारे पास बजटीय प्रावधान और वित्तीय उपलब्धता है। क्या कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राहुल गांधी को यह सबक सिखाया है? राहुल गांधी घोषणाएं करने में माहिर हैं। वे सिर्फ घोषणाएं करते हैं और वोट के लिए जनता को बेवकूफ बनाते हैं और फिर वे अपने वादों को लागू नहीं करते हैं। कर्नाटक में उन्होंने (कांग्रेस) पांच गारंटी की घोषणा की। आज वे मुफ्त बस योजना (शक्ति) की समीक्षा करने की बात कर रहे हैं। भाजपा हमेशा उन वादों को पूरा करती है जो हम करते हैं।' उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने कहा, 'राज्य की पुलिस महानिदेशक रश्मि शुक्ला के खिलाफ बहुत गंभीर आरोप हैं। क्या हम उनसे निष्पक्ष चुनाव कराने की उम्मीद कर सकते हैं? हमने कहा है कि चुनाव की बागडोर उन्हें नहीं दी जानी चाहिए और तब चुनाव आयोग ने कहा कि उन्हें (स्थानांतरण का) अधिकार नहीं है। यह कैसे हो सकता है? वहीं, झारखंड के डीजीपी को बदल दिया गया। महाराष्ट्र का चुनाव पुलिस के दबाव में हो रहा है।

**40 लोगों की संपत्ति 100 फीसदी बढ़ी: प्रियंका चतुर्वेदी**

उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा, 'चाहे वह गीता जैन हों, दीपक केसरकर हों, तानाजी सावंत हों। वहां गए 40 लोगों की संपत्ति 2019 से 2024 तक 50 फीसदी से लेकर 100 फीसदी के बीच वृद्धि दिखाती है।'

उन्होंने आगे कहा, 'मैंने केवल 2019 बनाम 2024 में उनके द्वारा संपत्ति की घोषणा पर प्रकाश डाला है।

# सलमान को हत्या की धमकी देने वाला गिरफ्तार





**56 साल के आरोपी ने ट्रैफिक पुलिस को भेजा था मैसेज, 2 करोड़ रुपए की मांग की थी**

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। सलमान खान को जान से मारने की धमकी देने और 2 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने के आरोपी को बुधवार को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसकी पहचान आजम मोहम्मद मुस्तफा (56 साल) के रूप में हुई।

आजम ने मुंबई ट्रैफिक पुलिस को मैसेज भेजा था कि जिसमें कहा गया था कि पैसे न देने पर अभिनेता की जान ले ली जाएगी। मैसेज मिलने के बाद वर्ली में मौजूद अधिकारियों ने मैसेज भेजने वाले खिलाफ जांच शुरू कर दी थी।

5 दिन पहले भी सलमान को इसी तरीके से जान से मारने की धमकी दी गई थी। आरोपी को मंगलवार को मुंबई पुलिस ने नोएडा से गिरफ्तार किया। इसकी पहचान मोहम्मद तैयब (20) के रूप में हुई है। एसीपी नोएडा प्रवीण कुमार सिंह ने बताया- आरोपी को सूरजपुर कोर्ट में पेश किया जाएगा। वहां से मुंबई पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर लेकर जाएगी। तैय्यब ने 25 अक्टूबर की शाम एनसीपी नेता बाब सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी के बांद्रा ऑफिस में मैसेज भेजा था।

# शिवसेना (यूबीटी) सांसद ने शाइना एनसी को 'माल' कहा

## बोले- चुनाव में इम्पोर्टेड माल नहीं चलता; शाइना बोलीं- महिला हूं, माल नहीं

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले शिवसेना (यूबीटी) के सांसद अरविंद सावंत ने शिवसेना (शिंदे गुट) की नेता और मुंबादेवी से पार्टी प्रत्याशी शाइना एनसी पर अभद्र टिप्पणी की है। सावंत ने शाइना को 'इंपोर्टेड माल' कहा।

सावंत से शुक्रवार को शाइना एनसी के चुनाव लड़ने पर सवाल किया गया था, जिसके जवाब में उन्होंने कहा- हमारे यहां चुनाव में इम्पोर्टेड माल नहीं चलता। ओरिजिनल माल चलता है। इसके जवाब में शाइना ने X पर पोस्ट करते हुए कहा- मैं महिला हूं, माल नहीं। इसके बाद शाइना ने मुंबई के नागपाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई।

एकनाथ शिंदे की शिवसेना ने शाइना एनसी को मुंबादेवी सीट से उम्मीदवार घोषित किया है। उनका मुकाबला कांग्रेस उम्मीदवार और सिटिंग विधायक अमीन पटेल से होगा। शाइना एनसी पेशे से फैशन डिजाइनर हैं। वे मुंबई के ग्लैमर वर्ल्ड की चर्चित हस्ती हैं। शिवसेना से टिकट घोषित होने के बाद शाइना





ने बीजेपी छोड़ दी थी। वे भाजपा की प्रवक्ता भी थीं।

सावंत के विवादित बयान पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा- सावंत के बयान को देख-सुनकर मैं दुखी हूं। किसी राजनीतिक महिला के लिए इस तरह की टिप्पणी बहुत पीड़ादायक है। यह निंदनीय है। हम इसकी भर्त्सना करते हैं।

महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग पर अनबन और बाद में सहमति बनने पर अरविंद सावंत ने कहा- इतनी बड़ी पार्टियां एक साथ आ गई हैं, यही बड़ी बात है। छोटा-मोटा मनमुटाव चलता रहता है। आप लोग बात का बतंगड़ बना देते हैं। गांधी जी से लेकर शिवाजी तक नॉमिनेशन में आए हैं।

शाइना के खिलाफ महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार अमीन पटेल तीन बार अपने बल पर चुनकर आया है। अगर संविधान की बात फेक नेरेटिव है तो भाजपा जो आज कर रहे हैं, वो संविधान से खिलवाड़ है और वो अभी बंद नहीं हुआ है।

हिंदू-मुस्लिम के बीच भाजपा दीवार खड़ी कर रहे हैं। अगर कुछ काम किया है तो वो बताओ। काम तो कुछ नहीं किया है, इसलिए नया नेरेटिव सेट करना चाह रहे हैं। हम लोग तो गरीबों से जुड़े हैं।

मिलिंद देवड़ा के वर्ली सीट से चुनाव लड़ने पर सावंत ने कहा- मुझे उनकी उम्मीदवारी पर तरस आ रहा है। उनके पिता जीवनभर कांग्रेसी रहे। वो रोजाना अपनी पार्टी और रुख बदल रहे हैं। राज्यसभा सांसद होने के बावजूद चुनाव लड़ रहे हैं। कोविड में कहां थे? पहले ये तो पूछना चाहिए। तब पता चलेगा कि जनता से जुड़े हैं कि नहीं।

**भाजपा नेता सीता सोरेन को रिजेक्टेड माल कहा था**

अरविंद सावंत से पहले झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री और कांग्रेस नेता इरफान अंसारी ने ऐसा ही विवादित बयान दिया था। उन्होंने 26 अक्टूबर को नामांकन फाइल करने के बाद भाजपा नेता सीता सोरेन को रिजेक्टेड माल कहा था। सीता सोरेन सीएम हेमंत सोरेन की रिश्ते में भाभी हैं।

# फडणवीस बोले- बागी उम्मीदवारों की समस्या हर पार्टी में

**हमें उन्हें मनाना होगा, चुनाव न लड़ने को कहा जाएगा; दावा- 150 बागी प्रत्याशी मैदान में**



मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने माना कि महाराष्ट्र विधानसभा में इस बार बागी उम्मीदवारों की संख्या बहुत अधिक है। यह समस्या हर पार्टी में है। हमें उन्हें मनाना होगा।

मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए फडणवीस ने कहा, 'हमारी कोशिश रहेगी कि बागी नेताओं को चुनाव से हटने के लिए राजी किया जाए। जब महायुति समन्वय समिति की घोषणा हुई थी तो तीनों पार्टियों के प्रतिनिधियों ने हर विधानसभा क्षेत्र में इसी तरह की समितियां बनाईं। इन कमेटियों का मकसद था कि जिन लोगों को टिकट नहीं मिल रहा है, उन्हें बागी न होने के लिए राजी किया जा सके। हालांकि, ऐसा लगता है कि कमेटियां काम नहीं कर रही हैं।'

शिवसेना और एनसीपी में बगावत के चलते इस बार कांग्रेस, भाजपा समेत छह बड़े दल मैदान में हैं। इसी वजह से बागी भी ज्यादा हैं। राज्य की लगभग हर सीट पर बागी हैं। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इनकी संख्या 150 से ज्यादा है। अब सबकी निगाह अब नाम वापसी की आखिरी तारीख, 4 नवंबर पर है। उसके बाद ही पता चलेगा कि लड़ाई कैसी होगी। इस बार 7,995 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। आखिरी दिन 4,996 ने पर्चे भरे।

# कहीं वक्फ बोर्ड न छीन ले घर-मकान

**कर्नाटक के कडाकोल गांव में तनाव, हिंसा**

बेंगलुरु, 1 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक में वक्फ विवाद ने हिंसक रूप ले लिया है। राज्य के हावेरी जिले के कड़ाकोल गांव में भीड़ की ओर से मुस्लिम नेताओं के घरों पर पथराव की घटना सामने आई। दरअसल गांव वालों को डर है कि वक्फ बोर्ड उनकी संपत्ति पर कब्जा कर लेगा। पथराव की इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना कडाकोला गांव में हुई थी। भीड़ ने स्थानीय नेता मोहम्मद रफी पर पथराव किया और उनकी बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े कई अन्य नेताओं को भी निशाना बनाया जा रहा है।

डिप्टी कमिश्नर विजय महंतेश, एसपी अंशु कुमार श्रीवास्तव और अन्य लोग स्थिति पर नजर रखने के लिए मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पथराव करने वालों की पहचान कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि उन्होंने ग्रामीणों से भी बात की और लोगों को भड़काने वालों का भी पता लगाया। एसपी ने बताया कि पथराव की सूचना मिली है और इस घटना में पांच लोग घायल हुए हैं। कोई भी व्यक्ति मामला दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रहा है। पुलिस घटना के संबंध में स्वतः संज्ञान लेकर मामले दर्ज कर रही है।

पुलिस ने 15 लोगों को हिरासत में लिया है। कोई अप्रिय घटना न घटे, इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय किए हैं। कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस (केएसआरपी) की चार टुकड़ियां और 200 से ज्यादा पुलिसकर्मी गांव में तैनात किए गए हैं। पुलिस ने रूट मार्च भी किया।

पुलिस ने क्या कहा?डिप्टी कमिश्नर विजय महंतेश ने कहा कि 'गरदी माने' संपत्ति को लेकर भ्रम की स्थिति थी। कुछ स्थानीय लोगों ने समाचार पत्रों में इस मामले के बारे में पढ़ा था। उन्हें डर था कि इस संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में चिह्नित किया जाएगा और इसके बाद उन्होंने पथराव किया। वक्फ बोर्ड गांव में तीन संपत्तियों का मालिक है।

# असम में पुलिस ने सड़क पर पिता-बेटी के शवों को घसीटा

**डीजीपी ने जांच के आदेश दिए**

गुवाहाटी, 1 नवंबर (एजेंसियां)। असम के दरांग जिले में हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया है। इस पर डीजीपी जीपी सिंह ने बड़ा ऐक्शन लिया है। दरअसल बुधवार को सड़क दुर्घटना में मारे गए एक व्यक्ति और उसकी बेटी के शवों को पुलिसकर्मियों ने घसीटा था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। डीजीपी ने इस मामले की जांच के आदेश दिए हैं। दरअसल वायरल वीडियो में दो पुलिसकर्मी पॉलीथीन शीट में लिपटे शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल ले जाने के लिए एक वाहन में घसीटते हुए दिखाई दे रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो फुटेज में देखा जा सकता है कि पुलिसकर्मियों ने किस तरह अमानवीय और असंवेदनशील आचरण करते हुए यह काम किया है। वीडियो वायरल होने के बाद इसकी निंदा की जा रही है।

डीजीपी ने एक्स पर पोस्ट किया कि उक्त घटना की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। मृतकों की पहचान मथुरा नाथ डेका और उनकी बेटी नंदिता के रूप में हुई है, जो दुर्घटना के समय स्कूटी पर यात्रा कर रहे थे।

# बिहार में दीया जलाने पर खून खराबा

**4 को कुल्हाड़ी से काट डाला, एक ही मौत**

गोपालगंज, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र में कथित तौर पर एक विवादित जमीन पर दीपक जलाने को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़े में चार लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि यह पूरा मामला पाकोपाली गांव का है, जहां दीपावली की रात नवल किशोर गोंड के परिवार के लोग एक खेत में दीपक जलाने गए थे। उक्त जमीन को लेकर गांव के ही लोगों से उनका विवाद चल रहा था।

दीपक जलाने को लेकर दूसरा पक्ष आक्रोशित हो गया। इसके बाद दूसरे पक्ष ने पहले गोंड की मां और उसके बेटे के साथ मारपीट की। इसकी सूचना जैसे ही नवल किशोर गोंड को लगी, वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। दूसरे पक्ष ने इन सभी लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे चार लोग घायल हो गए।

# तो 'गैर हरिजन' कौन...? समाज को ऐसे बांट रहे

## उप चुनाव से पहले चंद्रशेखर ने सीएम योगी आदित्यनाथ को घेरा

लखनऊ, 1 नवंबर (एजेंसियां)। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने सीएम योगी पर जबर्दस्त हमला बोला है। चंद्रशेखर ने सीएम योगी के भाषण का एक वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा है, बंटेंगे तो कटेंगे का नारा देने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद समाज को 'हरिजन' और 'गैर हरिजन' में बांट रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लंबी पोस्ट में चंद्र शेखर ने लिखा है, चुनावी रैलियों में "बटेंगे तो कटेंगे" का नारा देने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी खुद सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक मंच पर समाज को 'हरिजन और 'गैर हरिजन' में बांट रहे हैं। क्या इस 'हरिजन शब्द के प्रयोग से उनका तथाकथित हिंदू खतरे में नहीं आता?'


स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 2 नवंबर- 2024

# अमेरिका में ट्रंप कार्ड

अमेरिकी हिंदुओं की बडी संख्या को देखते हुए जहां राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार ने दीपावली मना कर भारतीय मतदाताओं को लुभाने की कोशिश की तो वहीं डोनाल्ड ट्रंप ने खुद को हिंदू हितों के रक्षक के रूप में प्रोजेक्ट करके बड़ा दांव खेल दिया है। उन्होंने कमला हैरिस और जो बाइडन पर हिंदुओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए भारतीय अमेरिकी समुदाय, विशेषकर हिंदू वोटरों को लुभाने का जो पांसा फेंका है यदि कामयाब हो गया तो वह ट्रंप कार्ड साबित हो सकत है। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में अब सिर्फ चार दिन बचे हैं। 5 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। मुकाबला सत्ताधारी डेमोक्रैट पार्टी की कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के बीच है जो एक बार राष्ट्रपति रह चुके हैं। चुनाव पूर्व सर्वे की माने तो मुकाबला कांटे का है। रॉयटर्स-इप्सॉस के हालिया सर्वे की मानें तो कांटे के मुकाबले में कमला हैरिस को ट्रंप पर 1 फीसदी की बढ़त हासिल है। लेकिन चुनाव से ठीक पहले ट्रंप ने जो दांव खेला है उससे पासा पलट भी सकता है। ट्रंप का ऐसा दांव है जो न सिर्फ इस एक फीसदी के मार्जिन को पाटने में मददगार हो सकता है बल्कि उनके सिर पर जीत का सेहरा भी सुनिश्चित कर सकता है। ट्रंप का ये दांव है खुद को हिंदू हितों के रक्षक के तौर पर प्रोजेक्ट करने का। डोनाल्ड ट्रंप ने दीपावली के मौके पर कमला हैरिस और जो बाइडन पर हिंदुओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए अपने एक लंबे पोस्ट में ट्रंप ने बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर हुई हिंसा और अत्याचार की निंदा की है। ट्रंप ने हिंदू अमेरिकियों को 'रैडिकल लेफ्ट' के धर्म-विरोधी एजेंडे से बचाने का भी भरोसा दिया है। उनकी आजादी के लिए लड़ने का भरोसा दिया। भारत और अपने 'अच्छे मित्र' नरेंद्र मोदी के साथ पार्टनरशिप को और ज्यादा मजबूत करने का वादा भी किया है। ऐसा पहली बार है जब अमेरिका का कोई पूर्व राष्ट्रपति सार्वजनिक तौर पर खुलकर हिंदू हितों की बात कर रहा है। हिंदुओं के उत्पीड़न, उन पर अत्याचार का मुद्दा उठाया है। हिंदू-विरोधी एजेंडे के विरोध का ऐलान किया है। ट्रंप का ये दांव भारतीय अमेरिकियों और उनमें भी खासकर हिंदू अमेरिकियों को लुभाने की कोशिश है। बता दें कि भारतीय अमेरिकी परंपरागत तौर पर डेमोक्रेट पार्टी को पसंद करते हैं लेकिन कमला हैरिस भारतीय मूल के होने के बावजूद इस समुदाय को रिझा पाने में नाकाम रही हैं। 2020 से शुरू हुए इंडियन अमेरिकन एटिट्यूड सर्वे (आईएएएस) के मुताबिक, डेमोक्रेट पार्टी ही इंडियन अमेरिकन की पहली पसंद रही है। लेकिन उसके लेटेस्ट सर्वे के मुताबिक, इंडियन अमेरिकन समुदाय पर डेमोक्रेटिक पार्टी की पकड़ काफी ढीली पड चुकी है। वह भी तब जब कमला हैरिस खुद भारतीय मूल की हैं। उनकी मां श्यामला तमिलनाडु की हिंदू थीं। इसीलिए डेमोक्रेटिक पार्टी अभी भी इंडियन अमेरिकन समुदाय की पहली पसंद बनी हुई है। देखने में आया है कि हाल के वर्षों में अमेरिका में भारतीय अमेरिकी समुदाय की सियासी अहमियत काफी बढ़ गई है। करीब 52 लाख आबादी के साथ ये समुदाय मेक्सिकन अमेरिकन के बाद अमेरिका का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। इसे ऐसे भी समझ सकते हैं कि अमेरिका में भारतीय अमेरिकियों की तादाद डेढ़ से पौने दो प्रतिशत के बीच है। इनमें ज्यादातर हिंदू हैं। अगर इस वर्ग का ट्रंप की तरफ झुकाव बढ़ा तो हैरिस के लिए मुश्किल खडी हो सकती है।

# ड्रैगन के खिलाफ बलूचों ने क्यों उठा रखा है हथियार ?



अशोक भाटिया

पाकिस्तान में बलूच विद्रोहियों के हमले में 50 से ज्यादा सैनिकों और पंजाबी मूल के लोगों की मौत के बाद पीएम शहबाज शरीफ बौखलाए हुए हैं। शहबाज शरीफ का कहना है कि आतंकी चाइना पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर को निशाना बनाकर पाकिस्तान के विकास को रोकना चाहते हैं। शहबाज ने कहा, 'आतंकी चीन और पाकिस्तान के बीच दरार पैदा करना चाहते हैं। साथ ही उनका इरादा पाकिस्तान के अंदर अव्यवस्था पैदा करना है।' शहबाज शरीफ ने यह बयान ऐसे समय पर दिया जब ठीक एक दिन पहले ही बलूचों ने बलूचिस्तान प्रांत में कई जगहों भीषण हमला किया था और ठीक उसी समय चीन की जमीनी सेना के कमांडर ली किआओमिंग भी इस्लामाबाद आये हुए थे। चीनी कमांडर से बलूचिस्तान के मसले पर शहबाज की बातचीत भी हुई थी ।तब शहबाज शरीफ ने कहा कि आतंकवाद को खत्म करने का समय आ गया है। हम सेना को वह हर संसाधन देंगे जो उन्हें जरूरत है ताकि खतरे को खत्म किया जा सके।' शहबाज ने बलूचिस्तान में हुई हिंसा की निंदा की। उन्होंने कहा कि इन गुटों के साथ तभी बातचीत होगी जब वे पाकिस्तान के संवधिान को स्वीकार करेंगे। शहबाज शरीफ ने संघीय कैबिनेट की बैठक में यह बयान दिया। बलूचों के हमले के बाद पाकिस्तानी सेना और शहबाज सरकार हिली हुई है। वहीं देश में खुफिया सूचना हासिल करने में फेल होने के लिए सेना और आईएसआई की आलोचना हो रही है।दरअसल खैबर पख्तूनख्वाः पाकिस्तान हमेशा चीन को अपना सबसे जिगरी दोस्त बताता रहा है। उसके इशारों पर कुछ भी करने के लिए हमेशा तैयार रहता है। चीन और पाकिस्तान की करीबी दुनिया से छिपी भी नहीं है। लेकिन इस दोस्ती की कीमत कुछ चीनी नागरिकों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ रही है। पाकिस्तान में सक्रिय आतंकियों ने की गाड़ी पर आत्मघाती हमला कर दिया। चायनीज इंजीनियर की गाड़ी पर हमला उस समय किया गया जब, चायनीज इंजीनियर इस्लामाबाद से दासू के लिए जा रहे थे।चीन पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर यानी CPEC पर बढ़ते हमलों ने पाकिस्तानी सुरक्षा की पोल खोल दी है। चीन ने पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ को दो टूक कहा है कि सुरक्षा मुहैया कराने में पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा एजेंसियां फेल हो रही हैं। इसलिए चीन CPEC वाले बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अपनी रेड आर्मी तैनात करेगा। चीन के राजदूत जियांग जायडोंग ने शहबाज को राष्ट्रपति शी जिनपिंग का ये मैसेज बता दिया है । पिछले दिनों बलोच हमलों में ग्वादर पोर्ट पर तीन चीनी अफसर घायल हो गए जबकि खैबर में कबाइली हमले में पांच चीनी इंजीनियर मारे गए। चीन इस बात से नाराज है कि पाकिस्तान ने पहले भी चीनी नागरिकों को सुरक्षा देने का भरोसा दिया था, लेकिन हमले नहीं रुके।दरअसल, CPEC में चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए पाकिस्तान ने 15 हजार जवानों की स्पेशल सिक्योरिटी डिवीजन बनाई। लेकिन, दो साल में 30 चीनी नागरिक मारे जा चुके हैं।और तो और विस्फोटकों से भरे वाहन से टक्कर के बाद चीनी इंजीनियरों की गाड़ी खाई में गिर गई। आतंकियों ने चीनी नागरिकों पर हमला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में किया। आतंकियों ने बेशम शहर के पास आत्मघाती हमले को अंजाम दिया। विस्फोटक से भरी एक कार चायनीज इंजीनियर की गाड़ी से टकराई। हमले में पांच चीनी इंजीनियर और एक पाकिस्तानी की मौत हो गई। चीनी इंजीनियर डीएच प्रोजेक्ट के सिलसिले में पाकिस्तान में थे। आतंकियों की विस्फोटक से भरी कार जब चायनीज इंजीनियर की गाड़ी से टकराई, तो जोरदार धमाका हुआ और कार खाई में जा गिरी। ये पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान में चीन के नागरिकों को निशाना बनाकर मारा गया है। चीन के करीब साढ़े सात हज़ार नागरिक पाकिस्तान में अलग-अलग प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। इनमें सीपीईसी प्रोजेक्ट शामिल हैं। इन प्रोजेक्ट पर काम करने वाले चीनी नागरिकों को पाकिस्तान में अक्सर निशाना बनाया जाता है। चीनी नागरिकों पर आतंकी हमले किये जाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई चायनीज इंजीनियर और नागरिकों ने अपनी जान गंवाई है। जब चीन ने इन हमलों को लेकर पाकिस्तान को आंख दिखाई, तब वर्ष 2014 में पाकिस्तान सरकार ने चीनी नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्पेशल प्रोटेक्शन यूनिट बनाई इसमें में 4 हज़ार से ज्यादा सिक्युरिटी ऑफिसर शामिल हैं, ज्यादातर पाकिस्तान आर्मी से ताल्लुक रखते हैं। ऐसी सुरक्षा व्यवस्था के बाद भी चीनी नागरिकों पर पाकिस्तान में ना सिर्फ हमले हो रहे हैं, बल्कि उनकी जान पर खतरा भी बना हुआ है। जबकि पाकिस्तान ऐसा देश है जो चीन के सैंकड़ों अहसान के तले दबा हुआ है। ऐसे में अगर चीन के नागरिकों को पाकिस्तान में निशाना बनाकर मारा जायेगा, तो चीन का नाराज होना लाजमी है।पाकिस्तान में आतंकी हमला होना कोई नई बात नहीं है और पाकिस्तान को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आतंकी हमले में उसके कितने नागरिक मारे गए। हमला क्यों हुआ, किसने किया। क्योंकि, भारत से नफरत में पाकिस्तान आतंकवाद और आतंकियों का समर्थन करता आया है। पाकिस्तान में सत्ता चाहे किसी की रहे, देश की अवाम उनके लिए कोई मायने नहीं रखती। लेकिन अगर आतंकी हमला चीनी नागरिकों पर हो जाये, और वो भी एक साथ 5-5 चीनी नागरिक आतंकी हमले में मारे जायें। तो पाकिस्तान के हुक्मरानों के हाथ पैर फूल जाते हैं। उन्हें दिन में तारे दिखाई देने लगते हैं। और मंगलवार को हुए चीनी नागरिकों पर हमले के बाद भी ऐसा ही हुआ।लगातार चीनी नागरिकों के आतंकी हमले में मारे जाने से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस कदर घबरा गए है कि हमले के कुछ ही घंटे बाद अपनी पूरी कैबिनेट के साथ इस्लामाबाद स्थित चीन के दूतावास पहुंच जाते है और सफाई देने लगते है क्योकि शहबाज शरीफ को डर लगा रहता है कि चीन डांट फटकार लगाए उससे पहले किसी तरह उसे मना लिया जाये। पाकिस्तान, चीन के साथ अपनी दोस्ती को हिमालय से ऊंचा और समुद्र से गहरा बताता है, चीन को आयरन ब्रदर कहता है। लेकिन इस आतंकी हमले के बाद जो सामने आया वो चौंकाने वाला है। आमतौर पर ऐसी घटनाओं के बाद दूतावास मंत्री जाते हैं या राजदूत को प्रधानमंत्री आवास बुलाया जाता है। लेकिन डर की वजह से शहबाज शरीफ खुद ही चीनी दूतावास पहुंच जाते है । शहबाज शरीफ की इतनी हिम्मत नहीं होती कि चीन के राजदूत से आंख से आंख मिलाकर बात तक कर सकें। पूरी बातचीत के दौरान शहबाज शरीफ चुपचाप नज़रें झुकाकर बैठे रहते है । चीन का पाकिस्तान से नाराज होना और पाकिस्तान सरकार का डर दोनों जायज है। क्योंकि, पिछले कुछ वर्षों में बार-बार चीन के नागरिकों को आतंकियों ने निशाना बनाया है। कई चीनी नागरिकों की जान भी गई है। लेकिन इस तरह के हमलों को रोकने में पाकिस्तान हमेशा नाकाम रहा है। सुरक्षा जानकारों के मुताबिक बलूचिस्तान और खैबर में चीन के CPEC प्रोजेक्ट को लेकर स्थानीय लोगों में गुस्सा है। बलूच लिबरेशन आर्मी और खैबर में कबाइली हमलों के खिलाफ चीन हथियारबंद फौजियों की तैनाती के साथ-साथ जासूसी नेटवर्क भी तैयार करेगा।इसमें स्थानीय लोगों से मुखबिरी कराई जाएगी। चीन सरकार ने अलग से फंड देने का ऐलान किया है। चीन का मानना है कि खैबर में पाकिस्तान की सेना ने रोड ओपनिंग टीम नहीं भेजी थी, इसके कारण कबाइली घात लगाकर हमला करने में कामयाब रहे। जानकारों का कहना है कि तंगहाल पाकिस्तान को छह लाख करोड़ के सीपैक प्रोजेक्ट के हाथ से जाने का खतरा है। इसलिए वह चीन द्वारा सेना को तैनात किए जाने से इनकार करने की स्थिति में नहीं है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ जल्द चीन की यात्रा पर जाने वाले हैं। पाकिस्तान को सीधी आर्थिक सहायता के लिए चीन पर निर्भरता जरूरी है।

# यूपी साइकिल पंचर होगी या रफ्तार पकड़ेगी ?

कमलेश पांडेय

यूपी उपचुनाव समाजवादी पार्टी के लिए किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है क्योंकि उसकी सहयोगी कांग्रेस रणछोड़ साबित हुई है। वह सपा के साथ है क्योंकि तस्वीरों में दिख रही है, बयानों में झलक रही है लेकिन वह दिल से सपा के साथ नहीं है क्योंकि यूपी उपचुनाव की 9 सीटों में से सपा द्वारा ऑफर की हुई महज 2-3 सीटें लड़ना कांग्रेस को गंवारा नहीं था। शायद इसलिए कि उसके नेता राहुल गांधी के पास राजनैतिक विरासत और सियासी महत्वाकांक्षा की वह अचल पूंजी है जो पूरी यूपी जीतकर भी अखिलेश यादव और उनकी समाजवादी पार्टी हासिल नहीं कर सकती और ऐसा करना भी उसके लिए असंभव है। यह सपा की रणनीतिक खामियों का ही तकाजा है कि वह यूपी की चौखट से बाहर अपने पांव नहीं जमा पाई और यहां पर भी उसकी कोई जीत स्थायी नहीं रह पाई। वह इस बात को भी समझने के लिए तैयार नहीं है कि सूबाई राजनीति में बसपा और राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस के बिना उसका कोई वजूद नहीं समझा जाएगा भले ही वह देश की तीसरी बड़ी पार्टी क्यों नहीं बन गई हो। भाजपा से वह सियासी सम्बन्ध बना नहीं सकती क्योंकि उसका एमवाई समीकरण टूट जाएगा। अभी वह जिस पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) का दम्भ भर रही है, वह तभी तक सार्थक प्रतीत होगा जबतक कि कांग्रेस का वरदहस्त उसके ऊपर रहेगा। उसे यह सोचना चाहिए कि उसके बाद अस्तित्व में आई आम आदमी पार्टी की दो राज्यों में सरकार है, जबकि यूपी की सत्ता में कई बार आकर भी वह आज बेदखल है। वह समाजवादी मूल की राष्ट्रीय व प्रादेशिक धड़ों को आजतक एकजुट नहीं कर पाई है जिससे कांग्रेस से दो टूक बातचीत करने लायक बने। बहुत कम लोगों को पता होगा कि लोकसभा चुनाव के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने अपनी सहयोगी कांग्रेस के नेताओं से ऑफ द रिकॉर्ड कहा था कि आप धन्यवाद यात्रा अविलंब रोक दें क्योंकि यूपी के कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में लोकसभा प्रत्याशियों द्वारा चालू की उस यात्रा में सवर्ण ज्यादा सक्रिय थे, ओबीसी-दलित-अल्पसंख्यक कम, जबकि वहीं गठबंधन के मुख्य वोटर रहे हैं। गौर करने वाली बात यह है कि अखिलेश यादव व उनके समर्थकों ने तब दबी जुबान में कहा था कि सवर्णों ने उन्हें वोट नहीं दिया है। यह बात कांग्रेस नेताओं को नागवार गुजरी थी क्योंकि भाजपा की ओबीसी राजनीति से निराश सवर्णों ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को रणनीतिक रूप से थोक भाव में वोट दिया था। हां, इस समझदार वर्ग ने कांग्रेस गठबंधन के उन नेताओं को वोट नहीं दिया जो अल्पसंख्यक, दलित और ओबीसी राजनीति के लिए स्थानीय तौर पर बदनाम हैं और सवर्ण विरोधी राजनीति करते हैं। वहीं, यूपी के ओबीसी, दलित और अल्पसंख्यक मतदाताओं ने कांग्रेस और सपा के सवर्ण नेताओं का साथ नहीं दिया अन्यथा कांग्रेस के सवर्ण नेता व सपा के सवर्ण नेता हारते नहीं। इसी वजह से यूपी में कांग्रेस-सपा गठबंधन को अपेक्षित सफलता नहीं मिली। फिर भी योगी की भाजपा के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन का लगभग आधा सीट यानी 40 से ज्यादा जीत लेना किसी चमत्कार से कम नहीं था। इसलिए अखिलेश यादव में भी राजनीतिक घमंड पुनः आ गया। बता दें कि इसी राजनीतिक घमंड के चलते उनके पिता और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव, जो सपा के संस्थापक थे, का राजनीतिक पतन हुआ था। उनके पुत्र अखिलेश यादव को 2012-17 तक यूपी का मुख्यमंत्री बनने का सौभाग्य मिला था लेकिन सत्तागत घमंड और पारिवारिक अंतर्कलह से न तो 2017 में उनकी पुनर्वापसी हो सकी और न ही 2022 को वो जीत पाए। 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उनका प्रदर्शन ठीक नहीं रहा।

राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सपा ने कांग्रेस से गठबंधन कर लिया होता तो आज उसी तरह से सत्ता में होती जैसे कि लोकसभा चुनाव 2024 में सफल हुई लेकिन अब फिर यूपी उपचुनाव 2024 में अखिलेश यादव ने यूपी में कांग्रेस को कमतर आंकने की कोशिश की है जो उन पर भारी पड़ेगी।कांग्रेस सूत्र बताते हैं कि अखिलेश यादव यदि कांग्रेस प्लस इंडिया गठबंधन के प्रति सहज होते तो कांग्रेस उन्हें महत्व देती लेकिन उनकी वजह से कांग्रेस न तो बसपा को जोड़ पाई और न ही रालोद उनके साथ जुड़ा रहा। इसलिए 2024 में पार्टी की बनी बनाई बिखर गई। यूपी-बिहार में उसे अपेक्षित सफलता नहीं मिली। यही वजह है कि कांग्रेस ने सपा को मध्यप्रदेश से लेकर हरियाणा तक नजरअंदाज किया। वहीं, यूपी में 9 में से 4-5 सीटें मांगकर और नहीं मिलने पर सियासी रूप से रणछोड़ की मुद्रा अख्तियार कर कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें इस बात का संकेत दे दिया है कि यूपी उपचुनाव परिणाम 2024 ही तय करेगा कि 2027 का सत्ताधीश कौन होगा और कांग्रेस लगभग 50 प्रतिशत सीटें मांगेगी या लोकसभा चुनाव 2024 की तरह विधानसभा चुनाव 2027 में भी जो सपा देगी, उसी से संतुष्ट रह जायेगी। जानकार बता रहे हैं कि कांग्रेस को यदि यूपी-बिहार में जमना है तो सपा और राजद की हठधर्मिता के आगे घुटने नहीं टेकने होंगे बल्कि इनसे आगे की ओर सोचना होगा! चूंकि कांग्रेस को लोग भाजपा के विकल्प के रूप में देखते और विचारते हैं, इसलिए राष्ट्रीय मुद्दों व क्षेत्रीय मुद्दों पर उसे अपने प्रगतिशील विचार रखने होंगे जो कि अब तक नहीं रख पाई है। कड़वा सच यह भी है कि जवाहरलाल नेहरू और इन्दिरा गांधी के मुकाबले राजीव गांधी और राहुल गांधी पार्टी के कमजोर नेता इसलिए प्रतीत हुए क्योंकि इनकी गलत नीतियों की वजह से ही क्षेत्रीय दल इन पर हावी हो गए। वहीं, पीवी नरसिम्हा राव से लेकर मनमोहन सिंह ने अपनी सत्ता के लिए कांग्रेस को जो पराधीन बनाने की भूल की, उससे भाजपा को एक मजबूत राजनीतिक जमीन मिल गई। ऐसा इसलिए कि भारतीय मतदाता राष्ट्रवादी और प्रगतिशील सोच रखते हैं जबकि क्षेत्रीय दल क्षुद्र जातीय व साम्प्रदायिक सोच-समीकरण जिससे पहले कांग्रेस परेशान रही और अब भाजपा। भारत के चुनावी इतिहास की यह कड़वी हकीकत है कि जाति-धर्म-क्षेत्र आपको क्षणिक लाभ दे सकते हैं लेकिन जब इनका आपसी टकराव बढ़ेगा तो यही आपको डुबो भी सकते हैं।

# सरकारों की उपेक्षा के चलते पिछड़ती गई हरियाणवी भाषा



डॉ. सत्यवान सौरभ


स्वतंत्रता के पश्चात पंजाब में तो हरियाणवी की घोर उपेक्षा हुई ही, भाषा के आधार पर, पंजाब से अलग राज्य बनने के बाद भी, हरियाणा की सरकारों ने न तो हरियाणवी भाषा की सुध ली और न ही इसके विकास की कोई ठोस कार्य-योजना बनाई। यह कहना है हरियाणवी साहित्य के पुरोधा के रूप में विख्यात वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामनिवास 'मानव' का। हरियाणा-दिवस के सुअवसर पर दिए गए अपने विशेष साक्षात्कार में डॉ. 'मानव' ने कहा कि पंजाब से अलग हरियाणा राज्य का गठन ही भाषा के आधार पर हुआ था, लेकिन सरकारों की उपेक्षा के चलते हरियाणवी पिछड़ती चली गई।

उन्होंने स्पष्ट किया कि 'हरियाणा में कल्चर के नाम पर सिर्फ़ एग्रीकल्चर है' का झूठा नैरेटिव चलाने वाले और हरियाणवी-विरोधी मानसिकता से ग्रस्त कथित साहित्यकारों ने सत्ता के सहयोग से पहले भाषा विभाग पर और फिर हरियाणा साहित्य अकादमी पर आधिपत्य जमा लिया। परिणाम? स्वतंत्रता के समय जो पंजाबी हरियाणवी से उन्नीस थी, वह न केवल संविधान की 8वीं सूची में शामिल होकर राष्ट्रीय भाषा का दर्जा पाने में सफल रही, बल्कि अब ब्रिटेन, कनाडा, अमेरिका, आस्ट्रेलिया आदि देशों में बसे करोड़ों पंजाबी भाषी लोगों के कारण विश्व भाषा बनने की ओर अग्रसर है। किंतु जो हरियाणवी अपने दम पर शताब्दियों पूर्व सुदूर दक्षिण भारत, नेपाल, तजाकिस्तान, कजाकिस्तान तथा कई यूरोपीय देशों तक पहुँच गई थी, स्वतंत्रता-प्राप्ति के सतत्तर और हरियाणा गठन के अड़सठ वर्ष बाद भी अपनी पहचान को बचाये रखने के लिए संघर्ष कर रही है। हरियाणा के हिंदी और हरियाणवी साहित्य के शोध और संरक्षण में अपने जीवन के पचास महत्त्वपूर्ण वर्ष खपा देने वाले डॉ. 'मानव' हरियाणवी की वर्तमान स्थिति से बहुत निराश हैं और व्यथित स्वर में कहते हैं कि अब तक हरियाणवी के विकास के लिए जितने भी प्रयास हुए हैं, उनमें से अधिकतर निजी स्तर पर हुए हैं, राज्य सरकार या राज्य की किसी अकादमी का शायद ही कोई योगदान उनमें रहा हो। यही कारण है कि आज तक न तो हरियाणवी का मानक रूप तय हो पाया है, न हरियाणा में हरियाणवी साहित्य अकादमी का गठन हुआ है और न हरियाणवी में कोई पत्रिका निकलती है। फिर हरियाणवी भाषा का समुचित विकास कैसे संभव है!

पूर्व में हरियाणा साहित्य अकादमियों की कार्य-प्रणाली पर क्षोभ प्रकट करते हुए डॉ. 'मानव' ने कहा कि सत्ता के आशीर्वाद से हरियाणा की अकादमियों पर दशकों से कुंडली मारकर बैठे कुछ लोगों ने, अपने पद का दुरुपयोग करते हुए, न केवल चाटुकारिता की अपसंस्कृति को बढ़ावा दिया, बल्कि अकादमियों द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंचाई। जो लोग अढाई हज़ार के पुरस्कार के योग्य नहीं थे, उन्हें अढाई-अढाई लाख के, जो पांच हज़ार के पुरस्कार के योग्य नहीं थे, उन्हें पांच-पांच लाख के और जो सात हज़ार के पुरस्कार के योग्य नहीं थे, उन्हें सात-सात लाख के नामित पुरस्कार थोक में बांटे गये। इससे भी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बात यह रही कि अनेक सुयोग्य और पुरस्कारों के सच्चे अधिकारी साहित्यकारों की घोर उपेक्षा की गई। हरियाणवी भाषा और साहित्य के विकास हेतु हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के वर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुलदीपचंद अग्निहोत्री और निदेशक डॉ. धर्मदेव विद्यार्थी द्वारा की जा रही पहल को सराहनीय बताते हुए डॉ. 'मानव' ने आशा प्रकट की है कि उनके प्रयासों के सार्थक और संतोषजनक परिणाम सामने आएंगे।

हरियाणवी को हिंदी का पूर्व रूप और केंद्रीय साहित्य अकादमी के शब्दों में 'हिंदी की सहभाषा' बताते हुए डॉ. 'मानव' ने कहा कि अलग से हरियाणवी साहित्य अकादमी का गठन, हरियाणवी पत्रिका का प्रकाशन, हरियाणवी भाषा का मानकीकरण और समकालीन हरियाणवी साहित्य का मूल्यांकन बहुत ज़रूरी है। हरियाणवी साहित्य को फूहड़ सांगों, अश्लील रागिनियों और भौंडे चुटकुलों तक सीमित कर देना उचित नहीं है। उल्लेखनीय है कि साठ महत्त्वपूर्ण पुस्तकों के लेखक और संपादक डॉ. रामनिवास 'मानव' हरियाणा में रचित हिंदी-साहित्य के प्रथम शोधार्थी और अधिकारी विद्वान तो हैं ही, हरियाणा के समकालीन साहित्य की शोध-परंपरा के विधिवत शुभारंभ का श्रेय भी इन्हें प्राप्त है। 'हरियाणा में रचित सृजनात्मक हिंदी-साहित्य' और 'हरियाणा में रचित हिंदी-महाकाव्य' इनके दो चर्चित शोधग्रंथ हैं।

# तीसरी आर्थिक महाशक्ति होने का ताना-बाना



संजीव ठाकुर

भारत ने चीन के साथ सीमाओं पर होने वाले युद्ध की आशंका को समाप्त करते हुए बातचीत से समझौते का सही रास्ता अख्तियार कर सीमांत मोर्चे पर बजट पर होने वाले चीन से युद्ध की आशंका पर खर्च को काफी हद तक बचा लिया है एवं एक मोर्चे से भारत अब निश्चिंत होकर अपनी आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर हो सकता है। यह तय है कि यदि चीन भारत से युद्ध नहीं कर सकता तो पाकिस्तान की इतनी हैसियत नहीं है कि वह चीन के बिना भारत से युद्ध करने की कभी कल्पना भी कर सके । इन परिस्थितियों में भारतीय अर्थशास्त्रियों का अनुमान है की भारत अब विश्व की तीसरी महाशक्ति बनने से काफी नजदीक पहुंच जाएगा और अमेरिका ब्रिटेन फ्रांस कनाडा जैसे देश जो भारत की प्रगति को बहुत ज्यादा पसंद नहीं करते हैं को भारत चीन के इस समझौते से बड़ा झटका ही लगा है। निश्चित तौर पर ये अंग्रेज देश नहीं जाएंगे कि भारत उनकी बराबरी के साथ खड़े होकर आंखों में आंखें डाल कर बात करे सके। भारत स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत आने वाले समय में एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आएगा। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा। आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें।

भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है1 मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है1

अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था1 पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है1 आज भारत की धमक अमेरिका से लेकर जापान तथा अफ्रीकी देशों में भी है भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वागत अमेरिका फ्रांस ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड ब्राजील इजरायल और सऊदी अरेबिया देश के अनेक राज्यों के राष्ट्रीय प्रमुख हुक्मरानों ने दिल खोलकर किया है, नरेंद्र मोदी की वैश्विक हैसियत इसी बात से पता चलती है।

# शादी से पहले बर्बादी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

आजकल शादी से पहले की तस्वीरें, यानी प्री-वेडिंग शूट, एक गंभीर सांस्कृतिक अनुष्ठान बन चुका है। पहले लोग मंदिर जाते थे, पंडित से शुभ मुहूर्त निकलवाते थे और माता-पिता के आशीर्वाद लेते थे। अब लोग कैमरा उठाते हैं, और 'सूर्यास्त के समय, हवाई जहाज के पीछे से दौड़ते हुए' की स्टाइल में फोटोशूट करवाते हैं। पहले भगवान के सामने हाथ जोड़ते थे, अब लड़की का हाथ पकड़कर हाईवे पर लहराते हुए फोटो खिंचवाते हैं। और यह सब कम नहीं है, तो अब इसमें 'कला' जोड़ दी गई है – वह कला, जिसे देखने के बाद खुद कामदेव शर्मा जाएं! एक जमाना था जब शादी से पहले लड़के-लड़की एक दूसरे से बातें करने में भी शरमाते थे, और आज देखिए – समंदर किनारे गीली रेत में लड़का और लड़की, जैसे कोई नई म्यूजिक वीडियो की शूटिंग कर रहे हों। लड़की हवा में उड़ती चुनरी में लिपटी हुई, और लड़का अपने जिम के मेहनत से बने एब्स दिखाते हुए। लगता है जैसे शादी नहीं, बल्कि कोई हॉलीवुड फिल्म की शूटिंग हो रही हो। बाहुबली के प्रभास भी अपने तलवार वाले स्टंट से कम शरमाते होंगे।और इन तस्वीरों का क्या कहना! फोटोशॉप की कला ऐसी कि लड़का दिल्ली में और लड़की गोवा में होते हुए भी, ऐसा लगे कि दोनों हिमालय पर एक-दूसरे की आंखों में डूबे हुए हैं। प्यार? नहीं साहब, यह तो ड्रोन कैमरा और फोटोग्राफर की कला है। कैमरा एंगल ऐसा कि भगवान भी आकाश से झांक कर सोचें, बेटा, हमसे तो यह न हो पाएगा। अब शादी से पहले ये जोड़े ऐसी अदाओं और स्थितियों में तस्वीरें खिंचवाते हैं, जिन्हें देखकर तो रिश्तेदार और दोस्त खुद को मुश्किल से संभालते हैं। घर के बड़े-बूढ़े तो इन तस्वीरों को देखकर सोचते हैं, अब समय आ गया है कि हम ये दुनिया छोड़ दें। लेकिन इन तस्वीरों के पीछे क्या कहानी चल रही होती है? कोई नहीं जानता। अरे, ये फोटोशूट सिर्फ दिखावा नहीं होते, साहब! इनमें जो झगड़े होते हैं, वे असली फिल्म से भी बड़े होते हैं। लड़का कहता है, मैं ये पोज़ नहीं कर सकता! लड़की गुस्से में, तुम्हें करना ही होगा! ये हमारी जिंदगी का सबसे बड़ा दिन है। और अगर गलती से कोई पोज़ सही न हुआ, तो हो सकता है कि शादी से पहले ही रिश्ता टूट जाए। तुम मेरे साथ ऐसा फोटोशूट नहीं कर सकते? इसका मतलब तुम मुझसे प्यार नहीं करते! और फिर लड़का, जिसे प्यार से ज्यादा डर फोटोशूट का है, कैमरे के सामने अपने इमोशन्स दिखाने की कोशिश करता है। वो दौर चला गया जब लड़का-लड़की मंदिर में जाकर एक-दूसरे को माला पहनाते थे और सबको आशीर्वाद लेते थे। अब तो यह जरूरी हो गया है कि लड़का और लड़की 10 अलग-अलग लोकेशन्स पर 10 अलग-अलग कपड़ों में फोटो खिंचवाएं, वो भी ऐसे पोज़ में जिन्हें देखकर खुद मल्लिका शेरावत की फिल्मों की याद आ जाए। ऐसे-ऐसे पोज़, जिनमें शर्म और सभ्यता दोनों ही गायब हो जाती हैं। जैसे कोई कह रहा हो, बस अब और नहीं, इससे ज्यादा मत करो! और हां, यह मत समझिए कि सिर्फ लड़का-लड़की ही इसमें शामिल होते हैं। पूरा परिवार शामिल होता है – माँ-बाप से लेकर चाचा-चाची तक। पहले लोग अपने बच्चों की पढ़ाई, करियर और अच्छे संस्कारों पर गर्व करते थे।

# गोवर्धन पूजा के लिए उत्तम मुहूर्त

**गोवर्धन पूजा शुभ मुहूर्त**

**गोवर्धन पूजन के लिए दो नवंबर को तीन मुहूर्त होंगे। जिनमें पहला मुहूर्त सुबह 6 बजकर 34 मिनट से लेकर सुबह 8 बजकर 46 मिनट तक रहेगा. दूसरा मुहूर्त दोपहर 3 बजकर 23 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 35 मिनट तक रहेगा. वहीं तीसरा मुहूर्त शाम 5 बजकर 35 मिनट से लेकर 6 बजकर 01 मिनट तक रहेगा।**



दीपावली के दूसरे दिन ही गोवर्धन का त्योहार मनाया जाता है। कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा तिथि को पड़ने वाले इस पर्व पर अन्नकूट और गोवर्धन की पूजा की जाती है। मुख्यतः, ये प्रकृति की पूजा है जिसकी शुरुआत भगवान कृष्ण ने की थी। इस दिन प्रकृति के आधार के रूप में गोवर्धन पर्वत का पूजन होता है और समाज के आधार के रूप में गाय की पूजा की जाती है। ये पूजा ब्रज से आरंभ हुई थी और धीरे-धीरे भारत में प्रचलित हो गई।

गोवर्धन पूजा की प्रतिपदा तिथि की शुरुआत शुक्रवार एक नवंबर शाम को 6 बजकर 16 मिनट पर शुरू होगी जिसका अंत शनिवार 2 नवंबर की रात 8 बजकर 21 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार, इस बार गोवर्धन और अन्नकूट का त्योहार 2 नवंबर को ही मनाया जाएगा।

**गोवर्धन पूजा विधि**

इस दिन स्नान करके साफ-सुथरे वस्त्र पहनें और पूजा स्थल पर बैठ जाएं। फिर एक छोटी सी चौकी पर गोवर्धन की मूर्ति या प्रतिमा स्थापित करें। इसके बाद गोवर्धन की मूर्ति को पंचामृत से स्नान कराएं। गोवर्धन की मूर्ति को वस्त्र अर्पित करें। फिर गोवर्धन की मूर्ति को फूलों से सजाएं और सामने धूप-दीप जलाएं। इसके बाद मूर्ति के सामने भोग लगाकर आरती उतारें। फिर मूर्ति की परिक्रमा करें और अंत में प्रसाद वितरण करें।

**गोवर्धन पूजा कथा**

गोवर्धन पूजा करने के पीछे धार्मिक मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण इंद्र का अभिमान चूर करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी अंगुली पर उठाकर गोकुल वासियों की इंद्र से रक्षा की थी। माना जाता है कि इसके बाद भगवान कृष्ण ने स्वंय कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा के दिन 56 भोग बनाकर गोवर्धन पर्वत की पूजा करने का आदेश दिया दिया था। तभी से गोवर्धन पूजा की प्रथा आज भी कायम है और हर साल गोवर्धन पूजा और अन्नकूट का त्योहार मनाया जाता है।

**अन्नकूट का महत्व**

अन्नकूट का अर्थ 'अन्न का पर्वत' होता है। गोवर्धन पूजा के दौरान तरह-तरह की खाद्य चीजों का एक पर्वत जैसा आकार बनाया जाता है और इसे भगवान को चढ़ाया जाता है। इसे ही अन्नकूट कहा जाता है। इस भोग में कढ़ी, चावल, खीर, पूड़ी, सब्जियां और कई अन्य व्यंजन शामिल होते हैं। भगवान को अर्पित करने के बाद इसे प्रसाद के रूप में सभी भक्तों में बांटा जाता है।

# भाई दूज

## इस बार भाई दूज पर बनें कई शुभ योग



भाई दूज का पर्व बहन और भाई के प्रति विश्वास और प्रेम का पर्व है। भाई दूज के साथ ही पांच दिवसीय दिवाली उत्सव का भी समापन हो जाता है। भाई दूज के पर्व हर साल की कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि के दिन रखा जाता है। देशभर में भाई दूज के पर्व को अलग अलग नामों से जाना जाता है। यह पर्व भाई बहन के रिश्तों को मजबूत करता है। आइए जानते हैं इस बार भाई दूज कब मनाई जाएगी।

**कब है भाई दूज 2024 ?**

कार्तिक मास द्वितीया तिथि का आरंभ 2 नवंबर को रात में 8 बजकर 22 मिनट पर हो जाएगा और कार्तिक द्वितीया तिथि 3 नवंबर को रात में 10 बजकर 6 मिनट तर रहेगी। उदया तिथि में द्वितीया तिथि 3 नवंबर को होने के कारण भाई दूज का पर्व 3 तारीख को मनाया जाएगा। दरअसल, 3 तारीख को सुबह में 11 बजकर 39 मिनट तक सौभाग्य योग रहेगा। इसके बाद शोभन योग लग जाएगा। इसलिए भाई दूज के दिन पूजा के लिए सबसे उत्तम मुहूर्त 11 बजकर 45 मिनट तक रहेगा।

**भाई दूज का महत्व**

भाई दूज का पर्व हिंदुओं में प्रमुख और प्रसिद्ध त्यौहार है। भाई दूज भाई बहन के बीच मान सम्मान और प्रेम प्रकट करने का शानदार अवसर है। भाई दूज का धार्मिक महत्व भी है। भाई दूज का धार्मिक महत्व भी है। शास्त्रों के अनुसार, कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि पर यम अपनी बहन के घर गए थे। वहां अपनी बहन द्वारा किए गए आदर सत्कार से प्रसन्न होकर वरदान दिया कि जो भाई बहन इस दिन यमुना में स्नान करके यम पूजा करेंगे। उसे मृत्यु के बाद यमलोक नहीं जाना पड़ेगा।



भाई दूज को लेकर एक अन्य मान्यता यह भी है कि एक बाद भगवान कृष्ण जब नरकासुर राक्षस का वध करके द्वारका नगरी लौटे थे। इस अवसर पर भगवान कृष्ण की बहन सुभद्रा ने फूल, मिठाई और अनेकों दीपक जलाकर उनका स्वागत किया था। देवी सुभद्रा ने भगवान कृष्ण के मस्तक पर टीका लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की थी। तभी से भाई दूज का पर्व मनाया जाने लगा।

# कई लोग घर के मुख्य द्वार पर लगाते हैं शीशा क्या आपने भी कर रखी है ये गलती ?



आज-कल आकर्षक लुक के लिए घर के अंदर और बाहर कई तरह से सजावट की जाती है। इनमें लोग कई बार तो घर को बुरी नजर से बचाने के लिए चीजें उपयोग करते हैं। इनमें नजर बट्टू, शुभ चिन्ह आदि को लगाते हैं। वहीं कई बार कुछ ऐसी चीजें शोभा बढ़ाने के लिए लगा लेते हैं जो उस पूरे घर के लिए कष्टकारी हो जाती हैं। इनमें सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र शीशे से बनी डिजाइन या शीशा है। आपने भी कई घरों के मुख्य द्वारा शीशा लगा देखा होगा लेकिन, क्या आप जानते हैं वास्तु शास्त्र में इसे किस तरह से देखा जाता है? यह शुभ है या अशुभ?

## मुख्य द्वारा पर लगा शीशा शुभ या अशुभ

वास्तु शास्त्र के अनुसार, शीशा कभी भी घर के मुख्य द्वार पर नहीं लगाना चाहिए। क्योंकि यह एक ऐसी चीज है जिससे किसी भी प्रकार की ऊर्जा टकराकर वापस चली जाती है। ऐसे में जब आप घर के मुख्य द्वार पर शीशा लगाते हैं तो नकारात्मक ऊर्जा तो वापस हो जाएगी लेकिन, सकारात्मक ऊर्जा भी घर में प्रवेश नहीं करेगी।

## रुक जाएगी आपकी तरक्की

वास्तु शास्त्र कहता है कि, जब आप अपने घर के मुख्य द्वार पर शीशा लगाते हैं तो इससे आपकी तरक्की रुक जाती है। आप खुद इस बात को महसूस करेंगे कि आपके घर में पैसों की एक समय में तंगी होने लगेगी। इसी के साथ दरिद्रता का वास होगा और आपके कार्य असफलता में परिवर्तित होने लगते हैं।

## शीशा से लगता है वास्तु दोष

आपने कई घरों में मुख्य द्वार पर शीशे की जगह मुख्य गेट पर शीशा लगाते देखा होगा। यह देखने में भले ही आकर्षक लगे, लेकिन वास्तव यह आपको नुकसान पहुंचा सकता है क्योंकि, यह आपके घर में वास्तु दोष लाता है। जिससे आपके घर की शांति दूर जाती है और अशांति आती है।

# सिर्फ तुलसी ही नहीं, बल्कि शमी का पौधा भी होता है बेहद शुभ

अधिकतर घरों में तुलसी का पौधा लगा होता है और इसकी पूजा करना बेहद ही शुभ माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि तुलसी के साथ ही शमी के पौधे की पूजा करना भी काफी लाभकारी होता है।

हिंदू धर्म में तुलसी के पौधे को पूजनीय माना गया है और घरों में तुलसी का नियमानुसा पूजन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार केवल तुलसी ही नहीं, बल्कि पीपल, केले और शमी के पेड़ भी पूजनीय होते हैं। जिस प्रकार पीपल और केला गुरु का प्रतिनिधित्व करते हैं। उसी प्रकार शमी का पौधा शनि ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। कहा जाता है कि यदि घर में शमी का पौधा लगाया जाए तो उससे शनि का प्रभाव काफी हद तक कम होता है। इसके अलावा भी शमी का पौधा कई फायदे प्रदान करता है।



शमी का पौधा लगाने के फायदे

शमी को शनि ग्रह का कारक माना जाता है और शास्त्रों के मुताबिक इसे घर में लगाना बेहद शुभ होता है। तुलसी की तरह ही शमी के पौधे की पूजा करना बेहद लाभकारी होता है।

मान्यता है कि शमी के पौधे को घर में लगाने से शनि की दशा शांत होती है और इसलिए शनिवार के दिन शमी के पौध में घी का दीपक अवश्य लगाना चाहिए। शमी के पौधे को साक्षात शनि का रूप माना जाता है।

यदि किसी घर में आए दिन कलेश व कलह का माहौल रहता है वहां शमी के पौधे की पूजा अवश्य करनी चाहिए। कहा जाता है कि बुधवार के दिन शमी की पत्तियां भगवान गणेश को चढ़ानी चाहिए। इससे घर का माहौल अच्छा होता है। साथ ही घर पर आने वाली परेशानियों से भी छुटकारा भी मिलता है।

कहा जाता है कि प्रदोष काल में शमी के पौधे की पूजा करनी चाहिए। साथ ही उसकी जड़ों में जल अर्पित करने के बाद घी का दीपक जलाना चाहिए। इससे घर परिवार में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है।

# सैलरी आते ही सबसे पहले करें ये काम

## कभी खाली नहीं होगी तिजोरी

नौकरीपेशा लोगों को पूरे महीने काम करने के बाद सैलरी का बेसब्री से इंतजार रहता है। क्योंकि सैलरी आने पर ही महीने का बजट और खर्चा तय होता है और इस पर पूरी जिंदगी निर्भर करती है। लोग अधिक से अधिक कमाने के लिए रात-दिन मेहनत करते हैं और कोशिश करते हैं कि अपनी व अपने परिवार की सभी जरूरतों को पूरा कर सकें। फिर चाहें वह नौकरीपेशा व्यक्ति हो या व्यापारी, सभी अधिक से अधिक कमाने का भरसक प्रयास करते हैं और कई बार सुख-सुविधाओं के चक्कर में जरूरत से ज्यादा खर्च कर बैठते हैं। क्योंकि आजकल का लाइफस्टाइल ही कुछ ऐसा हो गया है कि हमें दिखावे में ज्यादा खर्च करना पड़ता है। जबकि घर के बड़े-बुजुर्ग हमेशा यही सलाह देते हैं कम से कम खर्च करें और भविष्य के लिए जरूर बचाएं। यहां तक कि ज्योतिष शास्त्र में भी कहा गया है कि सैलरी पर महीने का खर्चा आते ही सबसे पहले कुछ कार्य करने चाहिए ताकि जीवन में कभी किसी के सामने हाथ न फैलाने पड़े। सैलरी आने पर सबसे पहले करें ये काम



ज्योतिष शास्त्र व धर्म शास्त्रों में भी इस बात का जिक्र किया गया है कि मनुष्य को फिजूल खर्च पर काबू रखना चाहिए। सैलरी आते ही सबसे पहले आपको अपनी सामर्थ्य के अनुसार कुछ दान अवश्य करना चाहिए। धर्म शास्त्रों में दान करना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है और व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार दान अवश्य करना चाहिए। कहते हैं कि व्यक्ति को अपनी सैलेरी का 10 प्रतिशत दान में जरूर देना चाहिए।

दान करने से व्यक्ति को पुण्य प्राप्त होता है और कई लोगों का आशीर्वाद भी मिलता है। धर्म शास्त्र में कहा गया है कि दान से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। अगर आप अपनी सैलेरी आने पर जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र आदि दान करते हैं तो आपको उच्चतम फल की प्राप्ति होगी। धार्मिक पुराण में दान का विशेष महत्व बताया गया है और कई पुराणों में ऐसे उदाहरण दिए गए हैं जिसमें लोगों अपना सबकुछ दान कर दिया। धर्म ग्रंथों में दान का सबसे बड़ा उदाहरण राजा हरिशचंद्र का है, जिन्होंने न केवल अपना संपूर्ण राज्य दान कर दिया बल्कि दक्षिणा देने के लिए चांडाल के यहां नौकरी भी की।

इसके अलावा पौराणिक कथाओं के अनुसार राजा बलि ने वामन अवतार को तीन पग धरती में तीनों लोक और स्वंय को भी दान कर दिया था। कहा जाता है कि दान करने से व्यक्ति कभी छोटा नहीं होता बल्कि उसे जीवन के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए मनुष्य को अपनी जेब के हिसाब से समय-समय पर दान करते रहना चाहिए। ताकि देवी-देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त हो सके।

# महिलाएं रुद्राक्ष धारण कर सकती हैं या नहीं ?

हिंदू धर्म में रुद्राक्ष को बहुत ही शुभ माना गया है और कहते हैं कि इसे धारण करने से भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त होता है। लेकिन हर कोई रुद्राक्ष धारण नहीं कर सकता क्योंकि इसके कुछ नियम होते हैं।

**भगवान शिव को प्रिय है रुद्राक्ष**

शिव पुराण में भगवान शिव व उनकी प्रिय चीजों का जिक्र किया गया है। बेलपत्र, धतूरा, सर्प के अलावा रुद्राक्ष भी भोलेनाथ को बहुत प्रिय है। कथाओं के अनुसार रुद्राक्ष भगवान शिव की आंख से गिरा आंसू है। इसे ग्रहण करने से व्यक्ति के सभी कष्ट मिट जाते हैं।

**कैसा होता है रुद्राक्ष ?**

रुद्राक्ष के पेड़ की बात करें तो यह एक कठोर तने वाला वृक्ष होता है। जिस पर सफेद रंग के फूल उगते हैं। इसमें एक फल लगता है जो कि शुरुआत में हरा, फिर पकने के बाद नीला और सूखने के बाद काला हो जाता है। इस काले फल की गुठली रुद्राक्ष होती है। जिसकी धारियां बताती है कि वो कौन सा रुद्राक्ष है।



**कितने प्रकार का होता है रुद्राक्ष ?**

रुद्राक्ष पर एक से लेकर चौदह धारियां होती है। इन्हीं धारियों की संख्या के आधार पर रुद्राक्ष को नाम दिया जाता है। जैसे एक धारी वाले रुद्राक्ष को एकमुखी, दो धारी वाले रुद्राक्ष को दोमुखी और पांच धारी वाले रुद्राक्ष को पंचमुखी कहते हैं।

**क्या महिलाएं रुद्राक्ष पहन सकती हैं ?**

सामान्य तौर पर कम ही महिलाओं को रुद्राक्ष पहने हुए देखा जाता है। केवल साध्वी महिलाएं ही रुद्राक्ष धारण करती हैं। शास्त्रों के अनुसार महिलाएं रुद्राक्ष धारण कर सकती हैं और उनके लिए यह बहुत ही फायदेमंद होता है।

**रुद्राक्ष पहनने के नियम**



यदि महिलाएं रुद्राक्ष पहनती हैं तो उन्हें इसके नियमों का ध्यान रखना चाहिए। साथ ही शुद्धता का विशेष तौर पर ध्यान रखना जरूरी है। जैसे मासिक चक्र के दौरान रुद्राक्ष की माला को उतार देना चाहिए और फिर शुद्ध करके दुबारा पहनना चाहिए।

**महिलाओं के लिए कौन-सा रुद्राक्ष ?**

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार महिलाओं के लिए एकमुखी, दोमुखी और तीनमुखी रुद्राक्ष अधिक शुभ होता है। अगर कोई महिला हाथ में रुद्राक्ष पहनना चाहती है तो बांए हाथ में पहनना चाहिए। हाथ में रुद्राक्ष पहनने से स्त्री में ऊर्जा का संतुलन बना रहता है।

**रुद्राक्ष धारण करने की विधि**

रुद्राक्ष धारण करने से उसे भगवान शिव के समक्ष अर्पित करें और कुछ समय वहीं रहने दें। इसके बाद 11 बार ओम नम शिवाय मंत्र का जाप और रुद्राक्ष धारण करें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि रुद्राक्ष धारण करने से पहले किसी विशेषज्ञ की सलाह अवश्य लें। क्योंकि रुद्राक्ष समय और राशि के अनुसार पहनना शुभ माना जाता है।

# 'अपना घर चाहे कैसा भी हो अपना होता है'

## बिग बी ने बहू ऐश्वर्या को दिया संदेश?



कल रात को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने एक पोस्ट साझा कीं। उस पोस्ट पर उन्होंने एक छोटा सा संदेश लिखा। कुछ ही देर में उनकी लिखी बात पर फैंस कमेंट करने लगे। यह कमेंट धीरे- धीरे अमिताभ बच्चन के बहू और बेटे, ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन की तरफ मुड़ गए। आखिर क्या है, पूरा मामला विस्तार से जानिए?

**साधारण सी बात में छिपा संदेश**

अमिताभ बच्चन ने अपनी पोस्ट पर लिखा, 'अपना घर, चाहे वो कैसा भी हो, अपना घर होता है।' कहने को तो यह सीधी और साधारण सी बात है। लेकिन इन दिनों ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन की शादी-शुदा जिंदगी को लेकर जो अफवाहें उड़ रही हैं, उनसे इस बात को जोड़ा जा रहा है। दरअसल, अफवाह है कि अभिषेक और ऐश्वर्या के बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है, दोनों अलगाव के रास्ते पर बढ़ चुके हैं। इसलिए हो सकता है कि अमिताभ बच्चन दोनों को संदेश देना चाहते हों, उन्हें समझाना चाहते हों।

**बहन फिल्म के लिए हौसला बढ़ाती दिखीं**

लंबे समय से ऐश्वर्या और अभिषेक साथ भी नजर नहीं आए। हाल ही में जब अभिषेक की आने वाली फिल्म 'आई वांट टू टॉक' का प्रमोशन शुरू हुआ तो बहन श्वेता बच्चन ने सोशल मीडिया पर उनका हौसला बढ़ाया लेकिन ऐश्वर्या की तरफ से कोई सपोर्ट नजर नहीं आया। इससे भी कुछ लोग अटकलें लगाने लगे कि सच में ऐश्वर्या और अभिषेक के बीच कुछ ना कुछ समस्या तो जरूर है।

**माने जाते हैं इंडस्ट्री के पावर कपल**

ऐश्वर्या और अभिषेक बच्चन की जोड़ी को बॉलीवुड में एक पावर कपल के तौर पर देखा जा रहा है। पहले के इनके इंटरव्यू देखें तो पाएंगे कि यह एक-दूसरे को हमेशा सपोर्ट करते रहे। एक-दूसरे की खूबियों की तारीफ करते रहे हैं। लेकिन अब स्थिति बदली हुई दिख रही है। यह अलग बात है कि अभी तक अलगाव की अफवाहों पर ऐश्वर्या और अभिषेक की तरफ से कोई भी बयान नहीं आया है।

# विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन को दी रिलेशनशिप की सलाह



**अभिनेता कार्तिक** आर्यन और विद्या बालन पहली बार एक साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' में दोनों सितारों को साथ देखने के लिए प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं। फिल्म की रिलीज से पहले सितारे अपनी फिल्म के प्रमोशनल को लेकर काफी व्यस्त चल रहे हैं। इसी दौरान विद्या बालन ने कार्तिक आर्यन की प्रेम कहानी को जगजाहिर कर दिया था।

**कार्तिक आर्यन को पसंद है अटेंशन**

विद्या बालन ने कहा कि अगर कोई कहता है कि उन्हें अटेंशन पसंद नहीं है, तो ये झूठ है बिल्कुल झूठ। ऐसी बातें अगर अभिनेता कहें, खासकर कार्तिक आर्यन। ये तो बिल्कुल ही झूठ है। ऐसा कहने के बाद विद्या बालन हंसने लगीं। कार्तिक आर्यन इसे बिल्कुल एंजॉय करेंगे। खास कर अटेंशन महिला की ओर से मिले तो जरूर। इस पर कार्तिक आर्यन ने कहा कि मैंने कब कहा कि मुझे अटेंशन नहीं पसंद। मुझे तो पसंद है, भले ही महिलाओं से मिले या पुरुषों से।

**विद्या बालन को छेड़ कार्तिक आर्यन**

कार्तिक आर्यन के जवाब पर विद्या ने कहा कि चलो इससे कार्तिक आर्यन ने हिंट तो दे दिया कि वो सिंगल हैं। बहुत बढ़िया, अब उन्होंने दरवाजे खोल दिए हैं। मैं उन्हें सिर्फ यही सलाह देना चाहूंगी कि वे रिलेशनशिप में आएं और अपने जीवनसाथी को पाएं। 28 अक्टूबर को उन्हें हावड़ा ब्रिज पर कोलकाता की मशहूर पीली टैक्सी के ऊपर और बाद में कालीघाट मंदिर में फ़िल्म का प्रचार करते हुए देखा गया था।

**सेट पर फोन में बिजी रहते कार्तिक**

कपिल शर्मा शो के प्रोमो में विद्या ने सबको बताया कि यह जब 'भूल भुलैया-3' की शूटिंग हमारे साथ कर रहा था तो बीच-बीच में फोन पर व्यस्त हो जाता। इस दौरान किसी को 'लव यू, मी टू' कहता रहता। इससे हमें इनकी प्रेमिका के बारे में पता चला। विद्या ने कार्तिक की तरफ देखकर कहा- 'क्या है उसका नाम।'

# अजय देवगन व उनके भतीजे अमान देवगन 'आजाद' मूवी के साथ काम करेंगे



**दिवाली पर** 'सिंघम अगेन' का पोस्टर जारी हो गया है। फिल्म का पोस्टर अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। फिल्म में अजय देवगन के भतीजे अमान देवगन के साथ रवीना टंडन की बेटी राशा थदानी भी इस फिल्म में नजर आने वाली हैं। अजय देवगन के भतीजे और रवीना की बेटी की डेब्यू फिल्म 'आजाद' का टीजर 'सिंघम अगेन' के साथ सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रहा है। फिल्म अगले साल जनवरी में आएगी। इस फिल्म का पहला लुक अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया है। फिल्म का पोस्टर जारी कर अजय देवगन ने डियाना पेंटी की भी टैग किया है। फिल्म में उनके किरदार को देखने के लिए भी प्रशंसक उत्साहित हैं।

फिल्म के फर्स्ट लुक में अभी तक किसी का चेहरा नजर नहीं आ रहा है। इस फिल्म में दोस्ती और दिल को छू जाने वाली कहानी को दिखाया जाएगा। फिल्म के पोस्टर के साथ लिखा गया, ₹कहानी यारी की। कहानी वफ़ादारी की।

खबरों की मानें तो इस फिल्म में एक युवा अभिनेता और एक वरिष्ठ अभिनेता के तौर पर अमन देवगन और अजय देवगन नजर आएंगे। उन्होंने एक ऐसा किरदार तैयार किया है, जिसमें अजय देवगन पहले कभी नहीं देखे गए अवतार में नजर आएंगे। फिल्म में सिंघम अगेन अभिनेता के लिए एक खास लुक तैयार किया गया है। यह लुक प्रशंसकों को उत्साहित कर देगा।

# रेणुकास्वामी हत्या मामले में दर्शन को मिली अंतरिम जमानत

## कोर्ट ने दी पीठ की सर्जरी कराने के लिए राहत

साउथ अभिनेता दर्शन को सनसनीखेज रेणुकास्वामी हत्या मामले में गिरफ्तार किए जाने के चार महीने बाद बुधवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय ने जमानत दे दी। अभिनेता को चिकित्सा आधार पर छह सप्ताह की अंतरिम जमानत दी गई। दर्शन ने रीढ़ की सर्जरी कराने के लिए अंतरिम जमानत मांगी थी और अभिनेता की मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद अदालत ने उन्हें राहत प्रदान कर दी।

**पीठ दर्द की शिकायत के बाद दी जमानत याचिका**

दर्शन, रेणुकास्वामी हत्या मामले में मुख्य आरोपी है। 21 अक्तूबर को पीठ दर्द की शिकायत के बाद दर्शन को कर्नाटक के बेल्लारी स्थित विजयनगर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज ले जाया गया और तब डॉक्टरों ने उन्हें रीढ़ की सर्जरी कराने की सलाह दी। भारी सुरक्षा के बावजूद, अस्पताल के बाहर पुलिस वाहन से उतरते ही अभिनेता को उनके प्रशंसकों ने घेर लिया।

**ट्रायल कोर्ट ने जमानत देने से किया था इनकार**

इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने दर्शन को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि वह सबूतों और गवाहों से छेड़छाड़ कर सकता है। यह बयान इस आरोप के बारे में दिया गया था कि दर्शन ने रेणुकास्वामी की हत्या के सबूत नष्ट करने के लिए पैसे दिए थे।

**दर्शन ने कबूली रेणुकास्वामी को प्रताड़ित करने की बात**

दर्शन ने पहले रेणुकास्वामी को प्रताड़ित करने की बात कबूल की थी। 3,991 पन्नों की चार्जशीट के अनुसार, दर्शन ने पुलिस को बताया कि उन्होंने रेणुकास्वामी को पेड़ की टहनी से मारा और उसके सिर, छाती और गर्दन के पास लात भी मारी। अभिनेता ने यह भी स्वीकार किया कि उन्होंने अपने कुछ प्रशंसकों से रेणुकास्वामी का अपहरण करने और उसे सबक सिखाने के लिए कहा था।

**दर्शन को जमानत, पवित्र जेल में बंद**

यह सब तब शुरू हुआ, जब रेणुकास्वामी ने कथित तौर पर अभिनेत्री को अश्लील संदेश भेजे, जिससे दर्शन नाराज हो गए।




रेणुकास्वामी, पवित्र का प्रशंसक होने का दावा करता था। कथित तौर पर दर्शन, पविता के साथ लिव इन में रहते थे और नाराज दर्शन ने मृतक को प्रताड़ित किया। रेणुकास्वामी का क्षत-विक्षत शव 8 जून को बेंगलुरु के एक नाले में मिला था। दर्शन को अब जमानत मिल गई है, जबकि गौड़ा अभी भी जेल में हैं।

# यश की 'टॉक्सिक' पर मंडराए संकट के बादल

## कर्नाटक के मंत्री ईश्वर खंड्रे ने दी कार्रवाई की चेतावनी





केजीएफ स्टार यश की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक' की शूटिंग को लेकर लगातार कई जानकारियां सामने आती रहती हैं। अब इसी फिल्म से जुड़ी एक और जानकारी सामने आई है, जिस जगह बेंगलुरु में फिल्म की शूटिंग होनी है, वहां पर पेड़ काटे जा रहे हैं, जिसे लेकर कर्नाटक के मंत्री ईश्वर खंड्रे ने आपत्ति जताई है।

कर्नाटक के वन मंत्री ईश्वर खंड्रे ने बेंगलुरु के एचएमटी में वन क्षेत्र में यश की फिल्म टॉक्सिक की शूटिंग के लिए पेड़ों की अवैध कटाई की निंदा की है। साइट निरीक्षण और सैटेलाइट इमेज की समीक्षा के बाद, ईश्वर खंड्रे ने सख्त कानूनी कार्रवाई की घोषणा की, जिसमें वन संरक्षण की आवश्यकता और संरक्षित क्षेत्रों में अनधिकृत गतिविधियों के लिए जवाबदेही पर जोर दिया गया। 'टॉक्सिक' फिल्म के सेट के निर्माण के लिए पेड़ों की कथित अवैध कटाई पर, कर्नाटक के मंत्री ईश्वर खंड्रे ने एक इंटरव्यू में कहा, मैंने उस जगह (एचएमटी से संबंधित भूमि) का दौरा किया जहां बेंगलुरु में 'टॉक्सिक' फिल्म की शूटिंग की जा रही है। मैंने कई लोगों को देखा। वहां पेड़ काटे गए थे। पिछले साल की सैटेलाइट तस्वीरों में उस इलाके में कई पेड़ देखे जा सकते हैं। मैंने बीबीएमपी से इस मामले पर रिपोर्ट देने को कहा है। हम जांच के बाद उचित कार्रवाई करेंगे। हम बेंगलुरु में एक और लाल बाग या कब्बन पार्क जैसा पार्क बनाएंगे।"

# वॉकर ब्लैंको ने खास अंदाज में अनन्या पांडे को किया विश, कहीं ये सच में प्यार का इजहार तो नहीं?

**बॉलीवुड अभिनेत्री** और चंकी पांडे की बेटी अनन्या पांडे अपना जन्मदिन मना रही हैं। अनन्या को उनके जन्मदिन पर कई सितारों ने बधाई दी। अनन्या को अपनी जिंदगी के खास इंसान से अपने जन्मदिन पर एक खास अंदाज में बधाई मिली है। अनन्या पांडे के उनके कथित बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको ने जन्मदिन की बधाई दी है।

**वॉकर ब्लैंको ने अनन्या को किया विश**

अनन्या पांडे को उनके जन्मदिन पर वाकर ब्लांको ने स्पेशल अंदाज में बधाई दी है। उन्होंने अपनी पोस्ट पर लिखा, 'हैप्पी बर्थडे ब्यूटीफुल, आप बहुत स्पेशल हैं आई लव यू एनी'। पोस्ट को देखकर ऐसा लग रहा है कि वॉकर ब्लैंको ने अपने प्यार का इजहार किया है, प्रशंसकों को इस बात का हमेशा से इंतजार था।

**अनन्या पांडे ने निजी जिंदगी को लेकर कही बात**

एक वायरल वीडियो में अनन्या पांडे अपने कथित बॉयफ्रेंड की फोन कॉल को नजरअंदाज करती नजर आ रही हैं। अनन्या ने एक इंटरव्यू में कहा कि उन्होंने कभी समझदार बनने की कोशिश नहीं की। अनन्या पांडे ने कहा, मैंने इस बिंदु पर हार मान ली है। मुझे एहसास हुआ है कि जितना अधिक मैं कुछ छिपाने या चुपके से काम करने की कोशिश करती हूं, उतना ही अधिक मैं ऐसा करते हुए पकड़ी जाती हूं इसलिए मैंने अब सब छोड़ दिया है। जो भी हो! अब मुझे कोई परवाह नहीं है। मैं कुछ भी छिपाने की कोशिश नहीं कर रही हूं।

**कंट्रोल में नजर आईं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा**

अनन्या पांडे हाल ही में अपनी फिल्म 'कंट्रोल' में नजर आईं थीं। अनन्या पांडे के इस अभिनय को प्रशंसक काफी पसंद कर रहे हैं। निर्देशक से लेकर प्रशंसकों तक सभी ने अनन्या के अभिनय की तारीफ की है। अनन्या पांडे अपनी जिंदगी की बातें अक्सर साझा करती रहती हैं।

**इस फिल्म में नजर आएंगी अनन्या पांडे**

अनन्या पांडे हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म कंट्रोल में नजर आईं। आगामी फिल्म की बात करें तो अनन्या 'शंकरा' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और आर माधवन भी दिखने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी करेंगे।



# 'चिंता को अपना दोस्त बना लो', विक्की कौशल ने एंग्जायटी से निपटने के बारे में की खुलकर बात

भिनेता विक्की कौशल ने अपनी फिल्मों से बॉलीवुड में काफी नाम कमाया है। अभिनेता की गिनती आज बॉलीवुड के टॉप कलाकारों की लिस्ट में होती है। हालांकि, विक्की आज जिस मुकाम पर हैं, उसके लिए उन्हें काफी संघर्षों का सामना करना पड़ा है। अब हाल ही में, अभिनेता ने बताया कि करियर में हर तरह का फेज फेस करने के बाद उन्होंने एंग्जायटी से कैसे डील की है। आइए जानते हैं।

**एंग्जायटी से ऐसे डील करते हैं विक्की**

हार्पर बाजार के साथ हाल ही में एक साक्षात्कार में, विक्की ने साझा किया, ₹चिंता के लिए सबसे अच्छी बात यह है कि इसे स्वीकार किया जाए।₹ उन्होंने एक वरिष्ठ अभिनेता से मिली सलाह को याद करते हुए कहा, ₹एक वरिष्ठ अभिनेता ने एक बार मुझसे कहा था कि चिंता को अपना दोस्त बनाओ। यह हमेशा रहेगी; आपको बस इसे नियंत्रित करने की आवश्यकता है। इसे स्वीकार करना एक बेहतरीन पहला कदम है।

**इस सलाह को मानकर करते हैं डील**

विक्की ने क्रिएटिविटी से जुड़े रहने के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण समय में वे चिंता में फंसने के बजाय अपनी क्रिएटिविटी पर ध्यान केंद्रित करके आगे बढ़ते हैं। इस समय वे खुद को निर्देशन की दुनिया की ओर ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं फिल्म निर्माण को लेकर काफी ज्यादा उत्साहित हूं। मुझे अभी तक यकीन नहीं है कि मैं निर्देशन में कदम रखूंगा या नहीं, लेकिन मैं बहुत ही उत्सुक हूं।



**बॉक्स ऑफिस पर असफल रही बैड न्यूज**

विक्की को आखिरी बार आनंद तिवारी द्वारा निर्देशित बैड न्यूज में देखा गया था। इस रोमांटिक कॉमेडी में तृप्ति डिमरी और एमी विर्क भी थे। यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रतिक्रिया पाने में विफल रही।

**इस फिल्म में आएंगे नजर**

अभिनेता अगली बार छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म छावा में नजर आएंगे। रश्मिका मंदाना अभिनीत यह फिल्म दिसंबर में रिलीज होने वाली है।

# नब्बे के दशक और आज की शूटिंग में कितना अंतर?

25 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रोमांटिक थ्रिलर फिल्म 'दो पत्ती' रिलीज हुई। इसमें कृति सेनन ने डबल रोल किया है, इस रोल को निभाने में काजोल उनके लिए काफी मददगार साबित हुईं। दरअसल, काजोल ने अपने करियर के शुरुआती दौर में डबल रोल वाली फिल्में की हैं। उनके पास डबल रोल करने का बहुत अच्छा अनुभव है। साथ ही नब्बे के दशक में काजोल ने जिन फिल्मों में डबल रोल किया, उन्हें शूट करते हुए, उन्हें काफी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। उन्हीं मुश्किलों के बारे में खुद काजोल ने बताया।

**टेक्निकल सुविधा का रहा अभाव**

काजोल कहती हैं, 'आज तो सिनेमा टेक्निकली बहुत एडवांस हो गया है। लेकिन मैंने जब फिल्मी करियर शुरू किया, तब ऐसा नहीं था। उस समय शूटिंग करना काफी मुश्किल होता था। खासकर अगर डबल रोल कर रहे हैं तो समस्या और भी बढ़ जाती थी। ऐसे में कलाकार को बहुत सोच-समझकर अभिनय करना होता था। एक सीमित समय में ही अपना शॉट देना होता था।' दरअसल, काजोल नब्बे और उससे पहले के दशक की बात कर रही हैं, जब चार मिनट का कैमरा रोल होता था, उसमें ही कलाकार को अपना सीन ओके करना होता। दोबारा अपना सीन करने की गुंजाइश बिल्कुल नहीं बचती थी।

दो फिल्मों में किया डबल रोल

काजोल ने 'दुश्मन (1998)' और 'कुछ खट्टी कुछ मीठी (2001)' में डबल रोल किया। 'दुश्मन' एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म थीं, इस फिल्म को दर्शकों ने काफी सराहा। इस फिल्म में काजोल का रोल काफी चैलेंजिंग था। उन्होंने फिल्म में दो बहनों का किरदार किया, जिसमें एक बहन का रेप और मर्डर हो जाने पर दूसरी बहन, कातिल से बदला लेती है। वहीं अगर 'कुछ खट्टी कुछ मीठी' की बात की जाए तो इसमें भी काजोल ने दो बहनों की भूमिका निभाई, लेकिन इसमें काजोल को कॉमेडी करने का अवसर मिला। फिल्म में काजोल की कॉमेडी टाइम काफी अच्छी रही। दर्शकों ने भी उन्हें कॉमिक रोल में काफी पसंद किया।



**सिर्फ फिल्म को देती हैं अहमियत**

काजोल एक मेहनती कलाकार हैं। वह जब सेट पर होती हैं तो सिर्फ फिल्म को अहमियत देती हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि किसी फिल्म का निर्देशक नया है या नामी। यह नजरिया काजोल का अपने करियर की शुरुआत से रहा है। वह कहती हैं, 'मैंने तो सबसे ज्यादा नए निर्देशकों के साथ काम किया है। मैं हर निर्देशक को कहती हूं कि सबसे ज्यादा अहम हमारी फिल्म है। हमें सेट पर बस फिल्म को ही अहमियत देनी चाहिए।'






# विराट कोहली आईपीएल में 20+ करोड़ की सैलरी पाने वाले पहले भारतीय, सूची में दुनियाभर के पांच खिलाड़ी




| खिलाड़ी | सैलरी (रुपये) | साल |
|---|---|---|
| मिचेल स्टार्क | 24.75 करोड़ | 2024 |
| हेनरिक क्लासेन | 23 करोड़ | 2025 |
| विराट कोहली | 21 करोड़ | 2025 |
| निकोलस पूरन | 21 करोड़ | 2025 |
| पैट कमिंस | 20.5 करोड़ | 2024 |

आईपीएल 2025 को लेकर चर्चाएं शुरू हो चुकी हैं। सभी 10 फ्रेंचाइजी ने रिटेन और रिलीज किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर दी है। गुरुवार को इसका एलान हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सिर्फ तीन खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें फ्रेंचाइजी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली, रजत पाटीदार और यश दयाल शामिल हैं। आरसीबी ने विराट को 21 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वहीं, रजत को 11 करोड़ रुपये और यश को पांच करोड़ रुपये में रिटेन किया गया है। कोहली अगले सीजन कप्तानी कर सकते हैं। वहीं, फ्रेंचाइजी अब मेगा ऑक्शन में अच्छे गेंदबाजों को टारगेट करेगी। इनके पास नीलामी में तीन राइट टू मैच कार्ड होंगे।

विराट ने बनाया खास रिकॉर्ड

21 करोड़ में रिटेन के होने के साथ ही विराट आईपीएल में 20 करोड़ से ज्यादा रुपये की सैलरी पाने वाले भारत के पहले और एकमात्र खिलाड़ी बन गए। अब तक इस लीग में कुल पांच खिलाड़ियों को 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की सैलरी मिली है। विराट कोहली के अलावा इस लिस्ट में दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन, ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस और वेस्टइंडीज के निकोलस पूरन शामिल हैं। पांच में से तीन खिलाड़ियों को आईपीएल 2025 के लिए 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की सैलरी मिली है। विराट के अलावा सनराइजर्स हैदराबाद ने क्लासेन को 23 करोड़ रुपये और लखनऊ सुपरजाएंट्स ने निकोलस पूरन को 21 करोड़ रुपये में रिटेन किया है। वहीं, स्टार्क को आईपीएल 2024 के लिए ऑक्शन में कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपये और सनराइजर्स ने कमिंस को 20.5 करोड़ रुपये में खरीदा था।

### मेगा ऑक्शन में कुछ और खिलाड़ी 20 करोड़ पार कर सकते हैं

हालांकि, अभी मेगा ऑक्शन होना है। ऐसे में कुछ और भारतीय खिलाड़ी 20 करोड़ के बैरियर को तोड़ सकते हैं। इनमें ऋषभ पंत और केएल राहुल जैसे स्टार शामिल हैं। अर्शदीप सिंह और जोस बटलर भी इस फेहरिस्त में शामिल हो सकते हैं। विराट आईपीएल के पहले सीजन यानी 2008 से ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा रहे हैं। हर बार मेगा ऑक्शन से पहले आरसीबी की टीम ने उन्हें रिटेन किया है। 2008 में ड्राफ्ट के जरिये आरसीबी ने उन्हें 12 लाख रुपये में साइन किया था। 2011 के आईपीएल के लिए मेगा ऑक्शन से पहले बेंगलुरु ने उन्हें 8.28 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। आईपीएल 2014 के लिए मेगा ऑक्शन से पहले आरसीबी ने उन्हें 12.5 करोड़ रुपये में रिटेन किया। आईपीएल 2018 के लिए मेगा ऑक्शन से पहले रॉयल चैलेंजर्स ने विराट को 17 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। हालांकि, आईपीएल 2022 के लिए मेगा ऑक्शन से पहले उनकी सैलरी में कटौती हुई थी और 17 करोड़ से घटाकर 15 करोड़ कर दिया गया था। अब इसमें छह करोड़ की बढ़ोतरी की गई है।

### विराट ने बेंगलुरु के लिए खूब रन और रिकॉर्ड बनाए

विराट कोहली आईपीएल 2008 से लेकर अब तक सिर्फ एक फ्रेंचाइजी से खेलने वाले दुनिया के एकमात्र खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक इस लीग में आरसीबी के लिए 252 मैच खेले हैं और 38.67 की औसत औ 131.97 के स्ट्राइक रेट से 8004 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने आठ शतक और 55 अर्धशतक लगाए हैं। आईपीएल 2024 में विराट ने 15 मैचों में 154.70 के स्ट्राइक रेट से 741 रन जड़े थे और ऑरेंज कैप अपने नाम किया था। 2023 में

# पहले दिन का खेल खत्म, भारत अपनी पहली पारी में 86/4, छह में गंवाए तीन विकेट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला खेला जा रहा है। कीवी टीम पहले ही सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले चुकी है। ऐसे में टीम इंडिया खुद को क्लीन स्वीप से बचाने उतरी है। न्यूजीलैंड ने बंगलूरू में खेला गया पहला टेस्ट आठ विकेट से और पुणे में खेला गया दूसरा टेस्ट 113 रन से अपने नाम किया था।

### पहले दिन का खेल समाप्त

मुंबई टेस्ट का पहला दिन न्यूजीलैंड के नाम रहा। उन्होंने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 235 रन बनाए। जवाब में भारत ने दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में चार विकेट गंवाकर 86 रन बना लिए हैं। शुभमन गिल और 31 रन और ऋषभ पंत एक रन बनाकर नाबाद हैं। एक वक्त टीम इंडिया का स्कोर 78 रन पर एक विकेट था। अब छह रन बनाने में टीम इंडिया ने तीन और विकेट गंवा दिए हैं। पहले एजाज पटेल ने लगातार दो गेंद पर यशस्वी जायसवाल और मोहम्मद सिराज को आउट किया। फिर विराट कोहली रन आउट हो गए। वह चार रन बना सके। यशस्वी 30 रन बनाकर आउट हुए थे, जबकि सिराज खाता नहीं खोल सके। वहीं, मैट हेनरी ने रोहित शर्मा को स्लिप में लाथम के हाथों कैच कराया था। वह 18 रन बना सके। भारत न्यूजीलैंड से अभी भी 149 रन पीछे है।



## न्यूजीलैंड की टीम 235 रन पर ऑलआउट

इससे पहले न्यूजीलैंड की पहली पारी 235 रन पर सिमट गई। कीवियों की ओर से डेरिल मिचेल ने सबसे ज्यादा 82 रन बनाए। इसके अलावा विल यंग ने 71 रन की पारी खेली। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट और वॉशिंगटन सुंदर ने चार विकेट झटके। आकाश दीप को एक विकेट मिला।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही थी। 15 के स्कोर पर टीम को पहला झटका लगा। आकाश दीप ने डेवोन कॉनवे को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। वह चार रन बना सके। इसके बाद कप्तान टॉम लाथम ने विल यंग के साथ 44 रन की साझेदारी निभाई। इस साझेदारी को वॉशिंगटन सुंदर ने तोड़ा। उन्होंने लाथम को क्लीन बोल्ड किया। लाथम 28 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सुंदर ने रचिन रवींद्र को भी क्लीन बोल्ड किया। वह पांच रन बना सके। सुंदर ने रचिन को लगातार तीन पारियों में तीसरी बार आउट किया।

रचिन के आउट होने के बाद यंग ने डेरिल मिचेल के साथ चौथे विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी निभाई। इस दौरान यंग ने टेस्ट करियर का आठवां अर्धशतक जड़ा। इस साझेदारी को रवींद्र जडेजा ने तोड़ा। कीवी पारी के 44वें ओवर में जडेजा ने दो विकेट लिए।

उन्होंने पहले यंग को स्लिप में कैच आउट कराया। फिर टॉम ब्लंडेल को क्लीन बोल्ड किया। यंग ने 71 रन की पारी खेली। वहीं, ब्लंडेल खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद जडेजा ने ग्लेन फिलिप्स को भी क्लीन बोल्ड किया। वह 17 रन बना सके।

इसके बाद जडेजा ने इस पारी में दूसरी बार एक ओवर में दो विकेट चटकाए। उन्होंने कीवी पारी के 61वें ओवर में ईश सोढ़ी और मैट हेनरी को पवेलियन भेजा। सोढ़ी एल्बीडब्ल्यू आउट हुए, जबकि हेनरी क्लीन बोल्ड हुए। सोढ़ी ने सात रन बनाए, जबकि हेनरी खाता भी नहीं खोल सके।

वॉशिंगटन सुंदर ने डेरिल मिचेल और एजाज पटेल (7) को आउट कर न्यूजीलैंड की पारी को 235 रन पर समेट दिया।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारत ने कैंसल किया ऑस्ट्रेलिया दौरे का यह मैच

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के आगामी टेस्ट दौरे के दौरान 'ए' टीम के साथ तीन दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड मैच को रद्द करने का फैसला किया है। टीम प्रबंधन 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाले पांच मैचों के मैच की तैयारी के लिए अतिरिक्त नेट सेशन चाहता है। भारत को 15 से 17 नवंबर तक पर्थ के वाका में ऋतुराज गायकवाड़ की अगुआई वाली इंडिया ए के खिलाफ बंद दरवाजे के पीछे अभ्यास मैच के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत करनी थी। इंडिया ए वर्तमान मे अनौपचारिक टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया में है।

समाचार एजेंसी के अनुसार मुख्य कोच गौतम गंभीर और कुछ सीनियर खिलाड़ी इसके बजाय नेट्स में अधिक समय बिताना चाहते हैं। रोहित शर्मा और उनकी टीम न्यूजीलैंड से घरेलू सीरीज में चौंकाने वाली हार के बाद ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी। ऑस्ट्रेलिया में लगातार तीसरी टेस्ट सीरीज जीतने की कोशिश में मेहमान टीम पर अतिरिक्त दबाव होगा, क्योंकि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह भी दांव पर लगी है।



जानकारी के अनुसार चूंकि वाका की सेंटर पिच की उछाल पर्थ स्टेडियम की पिच की तरह है, इसलिए सभी शीर्ष क्रम के बल्लेबाज वहां अधिक समय बिताना पसंद करेंगे। उस परिदृश्य में एक इंट्रा स्क्वाड मैच काम नहीं आएगा क्योंकि अगर कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है, तो उसे तुरंत सेंटर स्ट्रिप पर फिर से बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिल सकता है। यह भारत के ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों से एक बदलाव है जब टीम ने मुख्य सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेले थे। 2018-19 सीरीज से पहले 'मेन इन ब्लू' ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया XI के खिलाफ चार दिवसीय मैच खेला। 2020-21 के दौरे के लिए, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ तीन दिवसीय मैच के साथ रेड-बॉल लेग की शुरुआत की। पिछले साल बॉक्सिंग डे पर सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले इंडिया ए और सीनियर टीम ने जोहान्सबर्ग में एक इंट्रा-स्क्वाड मैच खेला था। मैच के बावजूद टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी कमजोर रही। यह पता नहीं चल सका है कि इस प्रयोग के परिणाम ने ऑस्ट्रेलिया सीरीज के लिए उनके निर्णय लेने को प्रभावित किया या नहीं। भारतीय टीम 5 नवंबर को मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के समाप्त होने के तुरंत बाद ऑस्ट्रेलिया के लिए उड़ान भरने वाली है।

# बांग्लादेश को हराकर द. अफ्रीका ने बदला अंक तालिका का समीकरण, फाइनल के लिए ठोकी दावेदारी

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक % |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 13 | 8 | 4 | 1 | 98 | 62.82 |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 | 8 | 3 | 1 | 90 | 62.50 |
| श्रीलंका | 9 | 5 | 4 | 0 | 60 | 55.56 |
| दक्षिण अफ्रीका | 8 | 4 | 3 | 1 | 52 | 54.17 |
| न्यूजीलैंड | 10 | 5 | 5 | 0 | 60 | 50.00 |
| इंग्लैंड | 19 | 9 | 9 | 1 | 93 | 40.79 |
| पाकिस्तान | 10 | 4 | 6 | 0 | 40 | 33.33 |
| बांग्लादेश | 10 | 3 | 7 | 0 | 33 | 27.50 |
| वेस्टइंडीज | 9 | 1 | 6 | 2 | 20 | 18.52 |

दक्षिण अफ्रीका ने शुक्रवार को बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से क्लीन स्वीप के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की अंक तालिका का समीकरण बदल दिया है। एडेन मार्करम की टीम ने दूसरा मुकाबला पारी और 273 रनों से जीतकर सीरीज अपने नाम कर ली। इससे पहले टीम ने मेजबानों को सात विकेट से हराया था।

### चौथे पायदान पर पहुंची द. अफ्रीका

इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। आठ में से चार जीत के साथ उनका अंक प्रतिशत (54.17) भी बेहतर हो गया है। वहीं, बांग्लादेश आठवें पायदान पर है और फाइनल की रेस से लगभग बाहर हो चुकी है। बता दें कि, डब्ल्यूटीसी का फाइनल मुकाबला अगले साल लॉर्ड्स में खेला जाएगा। भारतीय टीम फिलहाल 62.82 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया 62.50 अंक प्रतिशत के साथ दूसरे पायदान पर है।

# 'सभी की जिम्मेदारी है, सिर्फ बल्लेबाजों का दोष नहीं' न्यूजीलैंड से सीरीज हारने पर बोले कोच गंभीर

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर मेहमान न्यूजीलैंड टीम के खिलाफ सीरीज हार के लिए केवल बल्लेबाजों को जिम्मेदार नहीं ठहराना चाहते। उनका कहना है कि हर खिलाड़ी की टीम के प्रति जिम्मेदारी है। 26 अक्तूबर को पुणे में दूसरा टेस्ट 113 रनों से हारने के बाद भारत 12 साल में घरेलू मैदान पर अपनी पहली टेस्ट सीरीज हार गया। मेजबान टीम बेंगलुरु में पहला टेस्ट आठ विकेट से हार गई थी। चार में से तीन पारियों में टीम का कुल योग 46, 156 और 245 था। इस दौरान भारतीय बल्लेबाजों को स्विंग और स्पिन दोनों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा था। गंभीर ने शुक्रवार से मुंबई में होने वाले तीसरे टेस्ट से पहले गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हर किसी की जिम्मेदारी है, मैं यह नहीं कह सकता कि सिर्फ बल्लेबाजों ने हमें निराश किया है।' उन्होंने अंतिम टेस्ट के लिए नए खिलाड़ियों को मौका देने से भी इनकार कर दिया। गंभीर ने हर्षित राणा के डेब्यू की अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने



कहा, 'हम ऐसी स्थिति में नहीं हैं जहां उन खिलाड़ियों को मौका देने के बारे में सोच सकें जो नहीं खेले हैं। हर्षित राणा टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह सिर्फ ऑस्ट्रेलिया दौरे की तैयारी के लिए यहां आए हैं। अभिषेक (नायर) ने यह स्पष्ट कर दिया था। आईपीएल रिटेंशन के बारे में बात करने की कोई जरूरत नहीं है, हमारे पास यहां एक टेस्ट मैच है। हर कोई चयन के लिए उपलब्ध है, हम शुक्रवार को फैसला करेंगे।'

गंभीर ने स्वीकार किया कि टेस्ट सीरीज में हार से टीम को दुख हुआ, लेकिन उन्होंने कहा कि इससे टीम को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा, 'मैं इस बात पर जोर नहीं दूंगा कि हमें कितना दुख हो रहा है। निराश होना चाहिए और इससे हम बेहतर हो जाएंगे। इस स्थिति में रहने में क्या गलत है?' गंभीर ने कहा, 'मुझे यकीन है कि यह युवाओं को बेहतर क्रिकेटर बनने के लिए प्रेरित करेगा। अगर हमारे पास कानपुर जैसे परिणाम हैं, तो ऐसे भी परिणाम हो सकते हैं और इससे हम आगे बढ़ते रहेंगे।'

उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को खेल की परिस्थितियों के अनुरूप ढलने और उसके अनुसार प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। गंभीर ने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट को टेस्ट क्रिकेट की तरह ही खेला जाना चाहिए। अगर हमें एक दिन के खेल में 400 रन बनाने हैं तो हमें इसे हासिल करने में सक्षम होना चाहिए। मेरे लिए यह सत्र खेलने के बारे में भी है। अगर हम 4.5 सत्र खेलते हैं तो हमारे पास बोर्ड पर काफी रन होंगे।

उन्होंने कहा, 'एक संपूर्ण क्रिकेटर वह है जो सफलतापूर्वक परिस्थिति के मुताबिक ढल सकता है। वह न केवल बड़े हिट लगाने में सक्षम हो बल्कि सफलतापूर्वक स्ट्राइक रोटेट करने में भी सक्षम हो।' टी20 क्रिकेट से प्रभावित होने वाली बल्लेबाजों की रक्षात्मक तकनीक के बारे में बात करते हुए गंभीर ने कहा, 'जितना अधिक टी20 क्रिकेट (दुनिया भर में) खेला जाएगा, उतना ही अधिक लोग डिफेंस करने में संघर्ष करेंगे। लेकिन इसके बावजूद सबसे सफल खिलाड़ियों के पास हमेशा मजबूत डिफेंस होता है। हमें लोगों को डिफेंस के महत्व को बताते रहने की जरूरत है और हम इस पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं और हम भविष्य में परिणाम देखेंगे।'

वानखेड़े स्टेडियम की पिच के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'यह एक अच्छा विकेट है। दोनों टीमों के इस पर बल्लेबाजी करने से पहले किसी के लिए भी इसका आकलन करना बहुत मुश्किल है।' अपने अब तक के सफर के बारे में गंभीर ने कहा, 'मैंने कभी भी अपने लिए बहुत आसान रन की उम्मीद नहीं की थी। मैं जानता हूं कि हम श्रीलंका में और न्यूजीलैंड के खिलाफ हार गए हैं और यह हमारे लिए अच्छा नहीं है। हम कड़ी मेहनत करते रहेंगे और हम देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए जो भी खेल खेलेंगे उसे जीतने की कोशिश करेंगे।' उन्होंने दबाव में खिलाड़ियों से निपटते समय कुछ सहानुभूति की आवश्यकता पर जोर दिया। गंभीर ने कहा, 'मुझे एहसास हुआ कि जब आप खेल रहे होते हैं तो यह बिल्कुल अलग बात होती थी और अब एक कोच के रूप में हैं तो आपको खिलाड़ियों पर अपना समर्थन देने की जरूरत होती है।'

# वानखेड़े में न्यूजीलैंड के लिए मुसीबत बने जडेजा जहीर खान और इशांत शर्मा को इस मामले में पीछे छोड़ा




भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला शुक्रवार से शुरू हो गया। मुंबई में खेले जा रहे इस मैच में भारतीय स्पिनर रवींद्र जडेजा ने अपनी घातक गेंदबाजी से मेहमानों की कमर तोड़ दी। वह कीवी बल्लेबाजों के लिए मुसीबत साबित हुए। इसी के साथ उन्होंने पूर्व गेंदबाज जहीर खान और इशांत शर्मा को पीछे छोड़ दिया।

### जडेजा ने हासिल की खास उपलब्धि

35 वर्षीय ऑलराउंडर ने वानखेड़े में जारी इस मुकाबले की पहली पारी में कुल पांच विकेट चटकाए। उन्होंने सर्वाधिक विकेट चटकाने के मामले में जहीर खान और इशांत शर्मा को पीछे छोड़ दिया। दोनों दिग्गजों के नाम टेस्ट में 311-311 विकेट दर्ज हैं। वहीं, जडेजा के अब टेस्ट में 314* विकेट हो गए हैं। वह भारत के लिए इस प्रारूप में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले पांचवें गेंदबाज बन गए हैं। यह उनके टेस्ट करियर का 14वां फाइवफर है।

### मैच का हाल

मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की पहली पारी कुछ खास नहीं रही। भारतीय गेंदबाज कीवियों पर हावी दिखे। विल यंग ने 71 और डेरिल मिचेल ने 82 रनों की बड़ी पारी खेली। न्यूजीलैंड की टीम पहली पारी में 235 के स्कोर पर सिमट गई। इस दौरान जडेजा ने पांच, वाशिंगटन सुंदर ने चार और आकाश दीप ने एक सफलता हासिल की। भारत की पारी शुरू हो चुकी है। कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल क्रीज पर मौजूद हैं। बता दें कि, भारतीय टीम इस सीरीज में पहले ही पिछड़ चुकी है। शुरुआती दो मुकाबलों में जीत के साथ न्यूजीलैंड 0-2 की अजेय बढ़त बना चुकी है। टीम इंडिया इस मुकाबले में हर हाल में वापसी करना चाहेगी।



# गैस सिलेंडर के दाम में इजाफा

## 4 महीनों में 156 रुपए की बढ़ोतरी



नई दिल्ली,1 नवंबर (एजेंसियां)। दिवाली के तुरंत बाद देश में गैस सिलेंडर की कीमत में इजाफा देखने को मिला है। ये बढ़ोतरी कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में देखने को मिली है। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में लगातार चौथे महीने इजाफा देखने को मिला है। इस दौरान चारों महानगरों में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में औसतन 156 रुपए प्रति गैस सिलेंडर का इजाफा देखने को मिल चुका है। वहीं दूसरी ओर घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में मार्च 2024 के बाद से कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। आखिरी बार घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 100 रुपए की कटौती की गई थी। आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर एक नवंबर से देश के चारों महानगरों को घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम कितने चुकाने होंगे?देश के चारों महानगरों में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में मार्च के बाद से कोई बदलाव देखने को नहीं मिला है। मार्च के महाने में घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 100 रुपए की कटौती की गई थी। उससे पहले 29 अगस्त 2023 के दिन घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 200 रुपए की कटौती की गई थी। मौजूदा समय में देश की राजधानी दिल्ली में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 803 रुपए हैं। वहीं कोलकाता में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत 829 रुपए चुकानी होगी। मुंबई में घरेलू गैस सिलेंडर के दाम 802.50 रुपए है। जबकि चेन्नई में गैस सिलेंडर की कीमत 818.50 रुपए हो गए हैं।वहीं दूसरी ओर कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में लगातार चौथे महीने में इजाफा देखने को मिला है। देश की राजधानी दिल्ली और मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 62 रुपए की तेजी देखने को मिली। जिसके बाद दोनों महानगरों में कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम क्रमशः 1,802 रुपए और 1,754.50 रुपए प्रति गैस सिलेंडर हो गए हैं। कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 61 रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिली है जिसके बाद दाम 1911.50 रुपए हो गए हैं। वहीं चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 61.5 रुपए की बढ़ोतरी देखने को मिली और उसके बाद दाम 1964.50 रुपए हो गए हैं।बीते चार महीनों की बात करें तो कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 150 रुपए से ज्यादा का इजाफा देखने को मिल चुका है। आंकड़ों को देखें तो दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 156 रुपए की तेजी देखने को मिल चुकी है। जबकि कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर 4 महीनों में 155.5 रुपए महंगा हुआ है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी मुंबई में देखने को मिली है और चार महीने में कीमतें 156.5 रुपए बढ़ी है। वहीं दूसरी ओर देश के दक्षिण भारत के सबसे बड़े शहर चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतें 155 रुपए तक बढ़ी हैं।

## त्योहारी सीजन के चलते अक्टूबर में 9 फीसदी बढ़ गया जीएसटी कलेक्शन, 1.87 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की वसूली



नई दिल्ली,1 नवंबर ( ए जें सि यां ) । त्योहारी सीजन के चलते अक्टूबर 2024 में जीएसटी कलेक्शन में जोरदार उछाल देखने को मिला है। अक्टूबर में गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन 1,87,346 करोड़ रुपये रहा है जो बीते वित्त वर्ष के अक्टूबर महीने में रहे 1.72 लाख करोड़ रुपये से 8.9 फीसदी ज्यादा है। सितंबर 2024 में 1.73 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन रहा था। जीएसटी रिफंड्स जारी करने के बाद कुल कलेक्शन अक्टूबर महीने में 8 फीसदी के उछाल के साथ जीएसटी कलेक्शन 1,68,041 करोड़ रुपये रहा है। अक्टूबर महीने के लिए गुड्स एंड सर्विसेज का ग्रॉस और नेट क्लेक्शन का डेटा जारी किया गया है। इस महीने में कुल जीएसटी रेवेन्यू 1.87,346 करोड़ रुपये रहा है।

जिसमें सीजीएसटी रेवेन्यू 33,821 करोड़ रुपये, एसजीएसी रेवेन्यू 41,864 करोड़ रुपये आईजीएसटी 54,878 करोड़ रुपये और सेस से 11,688 करोड़ रुपये आया है। ग्रॉस डोमेस्टिव रेवेन्यू में 10.6 फीसदी का उछाल देखने को मिला है।

इंपोर्ट्स के मोर्चे पर आईजीएसटी से 44,233 करोड़ रुपये और सेस से 862 करोड़ रुपये का रेवेन्यू आया है। कुल जीएसटी कलेक्शन 1,87,346 करोड़ रुपये रहा है जिसमें 19,306 करोड़ रुपये जीएसटी रिफंड जारी किया गया है। बीते वित्त वर्ष के अक्टूबर महीने में 16,335 करोड़ रुपये रिफंड जारी किया गया था। यानि इस अक्टूबर महीने में रिफंड देने में 18.2 फीसदी का उछाल आया है।

## भारत में 4 और फ्लैगशिप स्टोर खोलेगा एपल

### अभी मुंबई और दिल्ली में एक-एक स्टोर, एपल ने भारत में रेवेन्यू का रिकॉर्ड बनाया



मुंबई,1 नवंबर (एजेंसियां)। एपल आने वाले महीनों में भारत में चार और फ्लैगशिप स्टोर खोलेगा। अभी मुंबई और दिल्ली में एपल का एक-एक स्टोर है। कंपनी के सीईओ टिम कुक ने तिमाही नतीजों के दौरान इसकी घोषणा की। आईफोन की बढ़ी सेल्स के कारण कंपनी ने ये फैसला लिया है। टिम कुक ने कहा- आईफोन की बिक्री हर क्षेत्र में बढ़ी है, जिसने विश्व स्तर पर नए रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। भारत में भी रिकॉर्ड हाई रेवेन्यू दर्ज किया गया है। कुक ने बताया कि एपल ने सितंबर तिमाही में ग्लोबली 94.9 बिलियन डॉलर रेवेन्यू दर्ज किया, जो पिछले साल से 6% ज्यादा है। अकेले आईफोन रेवेन्यू में 6% की बढ़ोतरी हुई है।

**भारत में एपल के अभी 2 स्टोर**

एपल ने 18 अप्रैल 2023 को मुंबई में 'एपल बीकेसी' और 20 अप्रैल को दिल्ली में 'एपल साकेत' स्टोर ओपन किया था। एपल के सीईओ टिम कुक ने इन दोनों स्टोर्स की ओपनिंग की थी।

**आईपैड के रेवेन्यू में 8% की बढ़ोतरी**

चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर लुका मेस्त्री ने कहा कि आईफोन के अलावा, कंपनी के आईपैड ने भी भारत में रेवेन्यू रिकॉर्ड बनाया है। वैश्विक स्तर पर इसमें साल-दर-साल 8% की बढ़ोतरी हुई है। लुका ने कहा- विकसित बाजारों में बढ़ोतरी के अलावा, हमने मेक्सिको, ब्राजील, मध्य पूर्व, भारत और दक्षिण एशिया में डबल डिजिट ग्रोथ के साथ कई उभरते बाजारों में मजबूत प्रदर्शन देखा।

**एपल ने तेजी से छोटे शहरों में विस्तार किया**

सीनियर रिसर्च एनेलिस्ट प्राचीर सिंह ने कहा, एपल ने तेजी से छोटे शहरों में विस्तार किया है। उपभोक्ता तेजी से प्रीमियम स्मार्टफोन में निवेश कर रहे हैं। एपल ने अपनी एस्पिरेशनल इमेज के कारण प्रीमियम बायर्स के लिए टॉप चॉइस बना हुआ है।

काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, एपल के पास अब वैल्यू के हिसाब से भारत के स्मार्टफोन बाजार का 22% हिस्सा है, जो सैमसंग के बाद दूसरे स्थान पर है। त्योहारी सीजन से पहले आईफोन 16 के लॉन्च ने एपल की पोजीशन को बूस्ट किया है।

**छह महीनों में भारत से 6 बिलियन डॉलर के आईफोन एक्सपोर्ट**

बीते दिनों ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि एपल ने अप्रैल से सितंबर के बीच छह महीनों में भारत से 6 बिलियन डॉलर (करीब 50,454 करोड़ रुपए) के 'मेड इन इंडिया' आइफोन का एक्सपोर्ट किया है।

## सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला और 30% घट गया प्रोडक्शन, तब भी दिवाली पर पटाखों का 6,000 करोड़ का हुआ धंधा

शिवकाशी,1 नवंबर (एजेंसियां)। देश के अधिकतर इलाकों में दिवाली का त्योहार कल ही मनाया गया है। आज भी कहीं-कहीं दीपावली और लक्ष्मी पूजन का आयोजन होगा। इस अवसर पर लोग आतिशबाजी भी खूब करते हैं। आपको पता है कि हर राज्य में बिकने वाले पटाखे, फुलझड़ियां आदि की अधिकतर सप्लाई तमिलनाडु के एक ही शहर शिवकाशी से की जाती है। वहां घर-घर पटाखे बनते हैं। यूं तो पटाखों पर प्रतिबंध की वजह से इस साल 30 फीसदी कम पटाखे बने। तब भी इस साल शिवकाशी के पटाखा निर्माताओं ने 6,000 करोड़ रुपये का धंधा किया है।

**सौ साल पुराने उद्योग में गिरावट**

तमिलनाडु फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के हवाले से आईएएनएस ने एक खबर दी है। एजेंसी ने बताया है कि राज्य के विरुधुनगर जिले में स्थित शिवकाशी के पटाखा कारखानों ने दिवाली के लिए देश भर में सिर्फ 6,000 करोड़ रुपये के ही पटाखे बेचे हैं। एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि शिवकाशी में सौ साल पुराने आतिशबाजी उद्योग को इस साल उत्पादन में उल्लेखनीय गिरावट का सामना करना पड़ा है। यह कमी मुख्य रूप से सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखों के निर्माण में एक प्रमुख घटक बेरियम नाइट्रेट पर प्रतिबंध को दोहराए जाने और आपस में जुड़े हुए पटाखों पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के कारण है।शिवकाशी में पटाखा कारोबारियों ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने आपस में जुड़े हुए पटाखों पर प्रतिबंध लगा दिया है। ये दरअसल एक फ्यूज से जुड़े अलग-अलग पटाखों के सेट होते हैं। जैसे ही कोई एक पटाखा जलाता है तो पूरा सेट क्रमिक रूप से जलते हैं। इससे पटाखा चलाने वाले को एक ही बार पलीते में आग लगाने की जहमत उठानी होती है। लेकिन इस साल ऐसे पटाखे नहीं बने। इस वजह से पटाखों के उत्पादन में कम से कम 30 फीसदी की गिरावट आई है। आतिशबाजी निर्माताओं के अनुसार, शिवकाशी और आस-पास के गांवों में 300 से अधिक कारखाने आपस में जुड़े हुए पटाखे बनाते थे।

**महीनों बंद रहीं फैक्ट्रियां**

कालीश्वरी फायरवर्क्स के ए.पी. सेल्वराजन ने बताया ₹शिवकाशी में कुल उत्पादन में धमाके वाले पटाखों का हिस्सा 40 प्रतिशत है। उन ध्वनि उत्पादों में से, लगभग 20 प्रतिशत आपस में जुड़े हुए पटाखे थे।

उन्होंने बताया कि फैसला आने के बाद पटाखों के कई निर्माताओं ने महीनों तक अपनी फैक्ट्रियां बंद रखी हैं, जिसके कारण श्रमिक दूसरी फैक्ट्रियों में चले गए हैं। इसके अलावा, शिवकाशी के कुछ हिस्सों में भारी बारिश ने उत्पादन को और प्रभावित किया, जिससे उत्पादन सामान्य का लगभग 75 प्रतिशत रह गया।

**1,100 से भी ज्यादा हैं फैक्ट्रियां**

तमिलनाडु के शिवकाशी में करीब 1,150 पटाखा फैक्ट्रियां हैं। इन कारखानों में लगभग चार लाख श्रमिक काम करते हैं। हालांकि, इस साल कम प्रोडक्शन हुआ, तब भी 6,000 करोड़ रुपये के पटाखे बने हैं। तभी तो शिवकाशी को भारत के पटाखा उद्योग का केंद्र माना जाता है। यह शहर देश के लगभग 70 फीसदी पटाखों का उत्पादन करता है।

## क्या फिर महंगा होने जा रहा है हवाई सफर?

### जेट फ्यूल के दाम में हुआ इजाफा



नई दिल्ली,1 नवंबर (एजेंसियां)। लगातार दो महीने यानी अगस्त और सितंबर के महीने में जेट फ्यूल की कीमत में 10 हजार रुपए किलोलीटर की कटौती देखने को मिली थी। अब नवंबर का महीना शुरू होते ही कीमतों में फिर से इजाफा होना शुरू हो गया है। देश के 4 महानगरों में से 3 में जेट फ्यूल के दाम अब 90,000 रुपए किलोलीटर हो गए है। इससे साफ है कि आने वाले दिनों में हवाई किराए में बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। हवाई जहाज को उड़ाने या यू कहें उसके ऑपरेशन में लगने वाले कुल खर्च में से 40 फीसदी हिस्सेदारी जेट फ्यूल की होती है। यानी आपकी हवाई यात्रा के टिकट की कीमत इसी बात पर निर्भर करती है कि जेट फ्यूल की कीमत कितनी है? आइए आपको भी बताते हैं कि आखिर देश के चारों महानगरों में डॉमेस्टिक फ्लाइट्स के लिए जेट फ्यूल के दाम कितने हो गए हैं? इसका एविएशन कंपनियों के शेयरों में कितना असर देखने को मिल सकता है?

देश की राजधानी दिल्ली में जेट फ्यूल के दाम में 2,941.5 रुपए का इजाफा देखने को मिला है। इसके बाद दाम 87,597.22 रुपए से 90,538.72 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।वहीं देश के पूर्वी इलाके के सबसे बड़े राज्य की कैपिटल कोलकाता में जेट फ्यूल के दाम में 2,781.99 रुपए का इजाफा देखने को मिला है। जिसके बाद दाम 90,610.80 रुपए से 93,392.79 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं। देश की आर्थिक राजधानी मुबई में जेट फ्यूल के दाम में 2,776.78 रुपए का इजाफा देखने को मिला है. जिसके बाद दाम 81,866.13 रुपए से 84,642.91 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं। दक्षिण भारत के सबसे बड़े महानगर चेन्नई में जेट फ्यूल के दाम में 2,992.67 रुपए का इजाफा देखने को मिला है। जिसके बाद दाम 90,964.43 रुपए से 93,957.10 रुपए प्रति किलोलीटर हो गए हैं।

आने वाले दिनों में एयर फेयर में इजाफा देखने को मिल सकता है. इसके संकेत जेट फ्यूल की नई कीमतों से देखने को मिल चुके हैं। एयरलाइन को चलाने के लिए वाली कुल कॉस्ट में से 40 फीसदी हिस्सेदारी जेट फ्यूल की है। इसका मतलब है कि आने वाले दिनों में एयर फेयर में इजाफा देखने को मिल सकता है।जिसका असर देश की एविएशन कंपनियों के शेयरों में भी देखा जा सकता है। पिछले महीने में जेट फ्यूल की कीमत में 6 फीसदी की कटौती देखने को मिले थे।

## 613 रुपये में 1 जीबी मोबाइल डेटा!

### किस देश के ग्राहकों पर हो रहा है यह 'अत्याचार'

नई दिल्ली,1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत उन देशों में शामिल है जहां मोबाइल डेटा सबसे सस्ता है। दुनिया में 1 जीबी मोबाइल डेटा की औसत कीमत 2.59 डॉलर है। लेकिन भारत में इसकी कीमत वर्ल्ड एवरेज से बहुत कम है। दुनिया में भारत से सस्ता मोबाइल डेटा केवल एक ही देश इजरायल में है। इस देश में 1 जीबी मोबाइल डेटा की कीमत मात्र 0.02 डॉलर यानी 1.68 रुपये है। इसके बाद भारत और इटली का नंबर है। इन दोनों देशों में 1 जीबी मोबाइल डेटा 0.09 डॉलर यानी 7.57 रुपये है। इसके बाद यूरोपीय देश फ्रांस का नंबर है जहां आप 0.16 डॉलर में 1 जीबी मोबाइल डेटा खरीद सकते हैं। कोलंबिया में उन पांच देशों की जमात में शामिल है जहां मोबाइल डेटा सबसे सस्ता है। इस दक्षिण अमेरिकी देश में 1 जीबी मोबाइल डेटा 0.20 डॉलर यानी 16.82 रुपये में उपलब्ध है। रूस में 1 जीबी मोबाइल डेटा के लिए आपको 0.25 डॉलर खर्च करने होंगे जबकि इंडोनेशिया, मलेशिया, वियतनाम और पोलैंड में इसकी कीमत 0.28 डॉलर है। चीन में 1 जीबी डेटा की कीमत 0.37 डॉलर है जबकि नाइजीरिया और ब्राजील में यह एक बरापबर 0.38 डॉलर है। घाना और थाईलैंड में इसके लिए आपको 0.40 डॉलर खर्च करने होंगे। तुर्की, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, ऑसट्रिया, रोमानिया, फिलीपींस, केन्या, यूके, सिंगापुर, मोरक्को, चिली, मिस्र, डेनमार्क, ताइवान, हॉन्ग कॉन्ग और अर्जेंटीना में 1 जीबी मोबाइल डेटा की कीमत 1 डॉलर से कम है।क्रोएशिया में 1 जीबी मोबाइल डेटा के लिए आपको 1.19 डॉलर खर्च करने होंगे। सऊदी अरब में इसकी कीमत 1.49 डॉलर, नीदरलैंड और हंगरी में 1.61 डॉलर, पुर्तगाल में 1.71 डॉलर है। जर्मनी में इसके लिए आपको 2.14 डॉलर, बेल्जियम में 2.23 डॉलर, स्वीडन में 2.33 डॉलर, ग्रीस में 2.79 डॉलर, है।

## बीपीएल के फाउंडर टीपीजी नाम्बियार का निधन

### ऐसे खड़ी की थी देश को पहली इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी





बैगलूरू,1 नवंबर (एजेंसियां)। आजादी के बाद भारत को इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के टीवी, रेडियो और फ्रिज जैसे कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से रूबरू कराने वाले और घर-घर में बीपीएल को एक जाना-पहचाना नाम बनाने वाले इस कंपनी के फाउंडर टी.पी. गोपालन नाम्बियार का निधन हो गया है। उनकी उम्र 94 साल थी और उनके परिजनों को ये दुख दिवाली के दिन मिला है। बीपीएल देश की पहली कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी रही है। टी. पी.गोपालन नाम्बियार का स्वास्थ्य काफी दिनों से खराब चल रहा था।

वह उम्र से संबंधी बीमारियों से परेशान थे। टी. पी. गोपालन नाम्बियार ने गुरुवार को बेंगलुरू में अपनी आखिरी सांस ली। भारतीय जनता पार्टी के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर उनके दामाद हैं।

**बीपीएल लिमिटेड को खड़ा करने का विजन**

टी. पी. गोपालन नाम्बियार ने साल 1963 में केरल के पलक्कड़ में बीपीएल लिमिटेड की शुरुआत की थी। उन्होंने ब्रिटिश फिजिकल लेबोरेट्रीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का अधिग्रहण करके उसे बीपीएल नाम दिया था। शुरुआत में उनकी कंपनी भारतीय सेना के लिए प्रोडक्ट्स बनाने का काम करती थी, लेकिन 80 के दशक में उनकी कंपनी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने लगी। 90 के दशक में भी जब तक भारत में कोरिया की एलजी और सैमसंग का दबदबा नहीं हुआ था, तब तक भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में बीपीएल की तूती बोलती थी। कंपनी देश के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स बनाने वाली शुरुआती कंपनी होने के साथ-साथ पहली ऐसी कंपनी थी जिसने देश को इंटरनेशनल लेवल और क्वालिटी के प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराए।

**बीपीएल का रिलायंस से कनेक्शन**

साल 1991 में उदारीकरण का दौर शुरू होने के बाद से ही कंपनी को तगड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। ऐसे में जो उसकी 80 के दशक से पार्टनर कंपनी सान्यो थी। बीपीएल ने उसके साथ मिलकर 2004 में एक नया 50:50 जॉइंट वेंचर बनाया। इसके बाद कंपनी ने अपना कलर टेलीविजन का बिजनेस इस नए जॉइंट वेंचर को ट्रांसफर कर दिया.टी. पी. गोपालन नाम्बियार के बेटे अजीत नाम्बियार आज भी कंपनी के प्रमुख की जिम्मेदारी संभालते हैं।

कंपनी अभी भी मेडिकल इक्विपमेंट, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर, माइक्रोवेव, ऑडियो डिवाइस और रेफ्रिजरेटर जैसे प्रोडक्ट्स बनाने का काम करती है।साल 2021 में रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बीपीएल ब्रांड नाम के प्रोडक्ट्स की मैन्यूफैक्चरिंग और सेल्स का लाइसेंस हासिल किया। ये बीपीएल ब्रांड को रिवाइव करने की रिलायंस की कोशिश है। इतना ही नहीं रिलायंस अपने'रिलायंस कनेक्ट' और 'रिलायंस डिजिटल' स्टोर्स से बीपीएल के प्रोडक्ट्स की सेल करती है।

## मुहूर्त ट्रेडिंग में शेयर मार्केट को लगे पंख, सेंसेक्स 400 अंकों से ज्यादा चढ़ा, बैंकिंग सेक्टर में जमकर खरीदारी

नई दिल्ली,1 नवंबर (एजेंसियां)। शुक्रवार को शेयर मार्केट में मुहूर्त ट्रेडिंग पर शेयर मार्केट में तेजी दिखाई दी। मुहूर्त ट्रेडिंग शाम 6 बजे से शुरू हुई। यह 7 बजे तक रहेगी। मुहूर्त ट्रेडिंग शुरू होते ही सेंसेक्स और निफ्टी हरे निशान पर आ गए। सेंसेक्स में जहां 400 अंकों से ज्यादा की तेजी आई तो वहीं निफ्टी भी 100 अंक से ज्यादा ऊपर चढ़ गया।

अभी कारोबार के दौरान सेंसेक्स 443.51 अंकों की तेजी के साथ 79,793.48 अंक पर है। वहीं निफ्टी 147.65 अंकों की तेजी के साथ 24,353.00 अंक पर है। हालांकि इनमें उतार-चढ़ाव जारी है। मुहूर्त कारोबार, दिवाली के अवसर पर शेयर बाजारों द्वारा आयोजित एक घंटे का सांकेतिक कारोबारी सत्र है, जो नए संवत वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है।

**इन शेयरों में आई तेजी**

सेंसेक्स में शामिल प्रमुख कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.66 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 1.42 फीसदी और टाटा मोटर्स में 1.35 फीसदी की तेजी आई। इसके अलावा एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, टाइटन, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज तथा भारती एयरटेल में भी तेजी रही।

**दिवाली पर बंद रहती है मार्केट**

दिवाली वाले दिन शेयर मार्केट बंद रहती है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट के मुताबिक मार्केट की दिवाली की छुट्टी आज यानी 1 नवंबर की है। इस दौरान बीएसई और एनएसई, दोनों में से किसी भी एक्सचेंज में कारोबार नहीं हुआ। हालांकि दिवाली पर एक घंटे के लिए दोनों एक्सचेंज पर मुहूर्त ट्रेडिंग होती है। काफी लोग इस एक घंटे में ट्रेडिंग करना शुभ मानते हैं।

**इस दिन बंद रहेगी मार्केट**

आज 1 नवंबर के अलावा शेयर मार्केट 15 नवंबर को भी बंद रहेगी। 15 नवंबर को गुरु नानक जयंती है। इस मौके शेयर मार्केट में कोई कारोबार नहीं होगा। इसके बाद 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर भी मार्केट बंद रहेगी और कोई कारोबार नहीं होगा।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर





श्री कालयुक्त संवत्सर-विक्रम संवत-2081
शक संवत- 1946 सूर्य -दक्षिणायन- ऋतु -हेमन्त
महावीर निर्वाण संवत -2551,हिजरी सन् -1444
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426875
सूर्योदय - 06-18
सूर्यास्त. -17-40
कलियुग संवत् -5125 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949125
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885125

| ग्रह स्थिति | | |
|---|---|---|
| सूर्य- | तुला | मे |
| चंद्र- | तुला | मे |
| मंगल | कर्क | मे |
| बुध- | वृश्चिक | मे |
| गुरु- | वृष | मे |
| शुक्र- | वृश्चिक | मे |
| शनि- | कुंभ | मे |
| राहु- | मीन | मे |
| केतु- | कन्या | मे |

| लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|
| तुला-- | 05-11 | बजे |
| वृश्चिक- | 07-20 | बजे |
| धनु---- | 09-34 | बजे |
| मकर... | 11-40 | बजे |
| कुंभ- | 13-31 | बजे |
| मीन- | 15-09 | बजे |
| मेष--- | 16-45 | बजे |
| वृष--- | 18-30 | बजे |
| मिथुन | 20-30 | बजे |
| कर्क-- | 22-42 | बजे |
| सिंह--- | 00-56 | बजे |
| कन्या-- | 03-01 | बजे |

दिशाशूल -- प्रतिपदा 20-22 तक उपरान्त द्वितीया
तिथि- पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले
मास - कार्तिक शुक्ल , शनिवार 02 November
नक्षत्र - विशाखा 05-58 रात तक उपरान्त अनुराधा
योग - आयुष्मान 11-17 तक उप सौभाग्य
करण- किस्तुघ्न 18-17 तक उप बव
विशेष:- गोवर्धन पूजा अन्नकूट
व्रत -त्योहार - जैन महावीर सं. २०५१

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश क लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 09:08 से 10:34 तक**

**पं महेशचन्द्र शर्मा मो.9247132654,8309517693**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल. | 06:18 - 07:42 | अशुभ | लाभ | 17:40 - 19:17 | शुभ |
| शुभ. | 07:42 - 09:08 | शुभ | उत्पात | 19:17 - 20:51 | अशुभ |
| रोग | 09:08 - 10:34 | अशुभ | शुभ. | 20:51 - 22:26 | शुभ |
| उत्पात | 10:34 - 11:59 | अशुभ | अमृत. | 22:26 - 23:59 | शुभ |
| चंचल | 11:59 - 13:25 | शुभ | चंचल. | 23:59 - 01:34 | शुभ |
| लाभ | 13:25 - 14:51 | शुभ | रोग | 01:34 - 03:08 | अशुभ |
| अमृत | 14:51 - 16:17 | शुभ | काल | 03:08 - 04:42 | अशुभ |
| काल. | 16:17 - 17:40 | अशुभ | लाभ. | 04:42 - 06:18 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,
आज स्वयं को भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे,लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकड़ें । बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है,सहज बने रहें । जब तक आपको जवाब नही मिल जाते ,अपना नजरिया दृढ ही रखें । दुसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं । इस बारे में दोस्तों और सहकर्मियों से बात करना सही रहेगा ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,
आपको दोस्तों का प्यार पाने के लिए थोडा नम्र बनना पड़ेगा । आप यह नही जानते लेकिन आपको घमंडी समझा जाता है इसीलिए यह सबसे अच्छा समय है कि आप दूसरों की आलोचना करने के स्थान पर अपनी भूतकाल की गतिविधियों का विश्लेषण करें । यह आपके लिए अपने अंतर्मन में झाँकने का बहुत अच्छा समय है।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,
आप ऊर्जा से भरे हैं और बहुत अच्छे मूड में भी हैं । दोस्तों को पार्टी दे सकते हैं । अपनी ख़ुशी में खोकर आपका ध्यान भविष्य के खतरों से हट सकता है । घबराए नही,किसी आदमी से कोई नुक्सान होने की आशंका नही है ,केवल आपका पेट अपच वाला अधिक भोजन करने के कारण खराब हो सकता है,जिससे आपकी सेहत पर असर पड़ सकता है ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,
आज आपकी किस्मत चमकने का दिन है। सितारे कहते हैं कि आज आपको कोई विशेष काम करना पड़ सकता है । आज अपने किसी नजदीकी व्यक्ति को खुश कर दें,आपकी किस्मत का ताला खुल जाएगा । फिर भी आज किसी को उधार ना दें ,वापस नही मिल पायेगा । स्वास्थ्य सम्बन्धी दिक्कतें आज नही होंगी ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,
आपकी भीतरी शक्ति आपको एक साथ कई स्तरों पर सोचने की क्षमता देगी । आप किसी भी मुद्दे की तह तक जा पायेंगे । अपने दोस्तों –साथियों का भी सही मूल्याकन कर पायेगे । जहाँ तर्कशक्ति से बात ना बने,अपने मन की आवाज सुनें ।अपनी छिपी क्षमता को बाहर लाने का यह उत्तम समय है । विवादों से बचें,वे बाद में समस्या पैदा कर सकते हैं।

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
आज आप एक बहुत बड़ी साझेदारी को अंतिम रूप देने वाले हैं लेकिन आपको अपने पार्टनर को अपने मिशन और लक्ष्यों के बारे में स्पष्ट बता देना चाहिए । यदि कोई विवाद हुआ भी तो आपके भावनाओं में बह जाने की सम्भावना है,इस प्रवृति पर नियंत्रण रखें । आप दिन का अंतिम हिस्सा किसी बोद्धिक कार्यकलाप या कलाकारी सम्बन्धी रूचि में लगा सकते हैं ।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,
आपका कोई करीबी शायद आपके कारण भावनात्मक उथल-पुथल के दायरे में है । आप एकदम से निष्कर्ष पर पहुच जाते हैं और इस बार भी आपने सही से समझे बिना ही इस व्यक्ति पर वफादार न होने का आरोप लगा दिया है ।आपके लिए अच्छा यही होगा कि आप पहले शांति से बैठकर सही समय तक का इन्तजार करें और अच्छे से सोच लें ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,
आज अपने अपने ही भीतर शक्ति का नया-अद्वितीय श्रोत ढूँढ लेंगे और आपको यह अनुभव होने लगेगा कि आप अपने जीवन में जिन समस्याओं से अब जूझ रहे हैं ,उनसे निपटने के लिए आपको किसी भी बाह्य मदद की जरुरत नही है । आप आसानी से खुद ही सब कर सकते हैं,इस बात का अनुभव आपको आज हो जाएगा ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे
गृहों की स्थिति ऐसी है कि आपको अप्रत्याशित बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है ,पिछले कुछ समय से आप बहुत अच्छी स्थिति में हैं और फिलहाल ऐसा कुछ भी नही है जो परेशानी पैदा करने वाला दीखता हो । लेकिन आज ऐसी बढ़ाएं और परेशानियां पैदा होने वाली हैं जो आपके काम और मूड दोनों को ही प्रभावित करेंगी।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी
आज दुविधा और उलझन की स्थिति बनी रहेगी । लेकिन यह बस उपरी आवरण है ,जैसे ही स्थिति साफ़ होगी ,आप वास्तविकता को देख पाएंगे । शुरुआत में सब कुछ उलझा हुआ सा लगेगा ,लेकिन समय के साथ साथ सब ठीक होगा,अपना समय लें और चलते रहें । आपको सफलता मिलेगी । परिवर्तन तो जरुर होंगे लेकिन आपके भविष्य के लिए शुभ साबित होंगें ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,
आज आपको अपने दृष्टिकोण को सांसारिक वास्तविकता के साथ संतुलित करने की जरुरत को समझने और इस कला में पारंगत होने की आवशयकता महसूस होगी । आपकी योजनायें महत्वाकांक्षी हैं,लेकिन आपको इसके लिए वास्तविक समस्याओं को समझना होगा नही तो आप अपने अच्छे इरादे के बावजूद टकराव महसूस करेंगे ।


**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची
आज आपका नाम होगा और आपको प्रसिद्धि भी मिलेगी । आप आज तर्क के स्थान पर अपने दिल की आवाज और प्रवृति के आधार पर फैसले कर सकते हैं,लेकिन वे भी वित्त के मामले में लाभकारी ही साबित होंगे । आप इन दिनों फैसले लेने में सबसे अधिक महत्ता अपने मन की आवाज को देते हैं ,लेकिन आपको भविष्य की बेहतरी के लिए वर्तमान समय में कुछ आरामों को छोड़ना होगा ।

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र

# दुनियाभर में नेताओं ने मनाई दिवाली

## कमला हैरिस ने फुलझड़ी जलाई, ब्रिटिश पीएम ने आरती की, व्हाइट हाउस में ओम जय जगदीश हरे बजा





वॉशिंगटन/लंदन, 1 नवंबर (एजेंसियां)। फेस्टिवल ऑफ लाइट्स यानी दिवाली के त्योहार को लेकर भारत समेत दुनिया भर में जश्न मनाया गया। इस दौरान दुनिया के प्रमुख नेताओं ने दिवाली का त्योहार मनाया और शुभकामनाएं दीं। अमेरिका में राष्ट्रपति पद की प्रत्याशी कमला हैरिस ने पेंसिल्वेनिया के एक मंदिर में दिवाली मनाई। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने कहा, आज हम अमेरिका और दुनियाभर में एक अरब से ज्यादा लोगों के साथ मिलकर दीये जला रहे हैं। हम उनके साथ मिलकर बुराई पर अच्छाई, अज्ञान पर ज्ञान और अंधकार पर प्रकाश की लड़ाई का जश्न मना रहे हैं। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने भी दिवाली का त्योहार मनाया। उन्होंने पूजा की थाली लिए हुए एक तस्वीर साझा की है।

यूके में दिवाली मनाने वाले सभी लोगों को बहुत बधाई। मैं आपको और आपके परिवार को दिवाली की शुभकामनाएं देता हूं।

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति आवास में बुधवार रात दिवाली जश्न मनाया गया। इस दौरान मिलिट्री बैंड ने आरती गीत 'ओम जय जगदीश हरे' बजाया। इस वीडियो को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने शेयर किया है। आज की दुनिया में अंधकार पर प्रकाश की विजय अहम है, क्योंकि हम अब पहले से कहीं ज्यादा अस्थिर दुनिया में रह रहे हैं। ऐसा लगता है कि दुनिया भर में बहुत अधिक अंधकार है और अंधकार पर प्रकाश की विजय का जश्न मनाना बहुत जरूरी है।

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने पूर्व पीएम ऋषि सुनक को उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद भी दिया। सुनक ने गुरुवार को दिवाली के मौके पर विपक्षी नेता के पद से इस्तीफा दिया है। सुनक ने कहा कि 2 साल पहले वे दिवाली पर ही कंजरवेटिव पार्टी के नेता बने थे और आज दीवाली के दिन ही अपना पद छोड़ रहे हैं। पाकिस्तान में भी बुधवार को दिवाली का जश्न मनाया गया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज हिंदुओं और सिखों के साथ सेलिब्रेशन में शामिल हुईं।

सीएम मरियम ने दीपक जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही वर्चुअल आतिशबाजी भी की। लोगों को संबोधित करते हुए मरियम ने कहा कि अगर कोई अल्पसंख्यकों के साथ अत्याचार करता है तो वो पीड़ितों के साथ खड़ी रहेंगी। मरियम ने कार्यक्रम के दौरान हिंदू महिलाओं से बातचीत भी की। साथ ही 1400 हिंदू परिवारों को 15-15 हजार रुपए के चेक भी दिए। नई दिल्ली स्थित नार्वे के दूतावास में भी दिवाली का जश्न मनाया गया। भारत में फ्रांस के दूतावास में बुधवार को दिवाली का जश्न मनाया गया। इस दौरान फ्रांसीसी राजदूत थियेरी मथाउ मिठाई लेने के लिए दिल्ली के बंगाली मार्केट पहुंचे। मथाउ ने यहां एक मिठाई की दुकान से काजू कतली खरीदी। इसके लिए उन्होंने यूपीआई के जरिए पेमेंट भी किया। अमेरिका के न्यूयॉर्क में बुधवार को वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर दिवाली का जश्न मनाया गया। इस दौरान लाइट शो का आयोजन हुआ। वन वर्ल्ड सेंटर अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत है। न्यूयॉर्क में मौजूद भारत के वाणिज्य दूतावास ने जश्न की तस्वीरों को एक्स पर पोस्ट भी किया। भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने 30 अक्टूबर को दिल्ली स्थित दूतावास पर दिवाली सेलिब्रेशन किया। अमेरिकी दूतावास पर दिवाली पार्टी का आयोजन किया गया।

इस दौरान अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी कुर्ता पायजामा में देसी अंदाज में नजर आए। यहां एरिक ने बॉलीवुड मूवी बैड न्यूज के गाने तौबा-तौबा पर डांस भी किया। एरिक के डांस वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

सुनीता विलियम्स ने भी दिवाली के मौक पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। सोमवार को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से सुनीता ने वीडियो मैसेज भेजा।

## उपद्रवियों के निशाने पर शेख हसीना की गठबंधन पार्टी

### ढाका के केंद्रीय कार्यालय में तोड़फोड़, आगजनी

ढाका, 1 नवंबर (एजेंसियां)। शेख हसीना सरकार के पतन के बाद भी उनकी और गठबंधन पार्टियों की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। हसीना की पार्टी आवामी लीग और गटबंधन पार्टियों के नेता अंतरिम सरकार की कार्रवाई का शिकार हो रहे हैं। इस बीच अब उपद्रवियों ने ढाका में जातीय पार्टी के केंद्रीय कार्यालय को निशाना बनाया। उन्होंने पहले कार्यालय में तोड़फोड़ की और फिर उसे आग के हवाले कर दिया गया। बता दें कि 15 वर्षों तक बांग्लादेश में शासन करने वाली शेख हसीना की पार्टी को इस साल अगस्त में एक छात्र आंदोलन का सामना करना पड़ा, जिसमें उनकी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया गया। बांग्लादेश को साल 1971 में आजादी मिली थी। आजादी के बाद से ही बांग्लादेश में आरक्षण व्यवस्था लागू है। इसके तहत स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को 30 प्रतिशत, देश के पिछड़े जिलों के युवाओं को 10 प्रतिशत, महिलाओं को 10 प्रतिशत, अल्पसंख्यकों के लिए 5 प्रतिशत और दिव्यांगों के लिए एक प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान था।

## प्लेन से उतरते वक्त गिरे पाकिस्तानी राष्ट्रपति जरदारी

### पैर की हड्डी टूटी, चढ़ा प्लास्टर





इस्लामाबाद, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी एक नई मुश्किल में फंस गए। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान से उतरते समय उनके पैर की हड्डी टूट गई। यह घटना बुधवार रात को हुई, लेकिन पाकिस्तान के राष्ट्रपति के कार्यालय ने इसकी पुष्टि गुरुवार देर रात की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति भवन ने बताया कि जरदारी विमान से उतरते समय गिर गए। इसके बाद उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने जांच के बाद उनके पैर में प्लास्टर चढ़ा दिया। चार सप्ताह तक प्लास्टर रहेगा। उन्हें फिलहाल अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। घर भेज दिया गया है और आराम की सलाह दी गई है। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 69 वर्षीय राष्ट्रपति को हाल के वर्षों में कई स्वास्थ्य समस्याएं हुई हैं। मार्च 2023 में संयुक्त अरब अमीरात में उनकी आंख की सर्जरी हुई थी। इससे पहले साल 2022 में उन्हें सीने में संक्रमण के इलाज के लिए एक सप्ताह के लिए कराची के डॉ. जियाउद्दीन अस्पताल में भर्ती कराया गया था। खराब स्वास्थ्य की अफवाहों के बीच उनके निजी चिकित्सक और करीबी सहयोगी डॉ. आसिम हुसैन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पुष्टि की थी कि राष्ट्रपति की सेहत ठीक है। उनके बेटे और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के अनुसार, जुलाई 2022 में उनमें कोरोना वायरस से संक्रमण की पुष्टि हुई थी, उनमें कोविड-19 के हल्के लक्षण थे।

# स्पेन में 8 घंटे में 1 साल के बराबर बारिश

## 50 साल का रिकॉर्ड टूटा, 158 की मौत, अचानक बाढ़ आई, लोग निकल नहीं पाए



मैड्रिड, 1 नवंबर (एजेंसियां)। स्पेन में भीषण बाढ़ से कम से कम 158 लोगों की मौत हो गई है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, बाढ़ का सबसे ज्यादा असर पूर्वी स्पेन के वैलेंशिया शहर पर पड़ा है। यहां अब तक 155 लोगों के मौत की पुष्टि हुई है। लापता लोगों की तलाश जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक, वैलेंशिया में 29 अक्टूबर को सिर्फ आठ घंटे में 12 इंच बारिश हुई। इतनी बारिश सालभर में होती है। भारी बारिश से अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कई लोगों को सुरक्षित जगहों पर जाने का मौका नहीं मिला पाया। वैलेंसिया भूमध्य सागर के तट पर स्थित है। यहां करीब 50 लाख लोग रहते हैं। स्पेन के हालिया इतिहास में यह पहली बार है, जब इतने लोगों की बाढ़ से मौत हो गई। स्पेन में इससे पहले साल 1973 में सबसे बड़ी बाढ़ आई थी। तब 150 लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 1957 में वैलेंसिया शहर में भीषण बाढ़ आई थी, इसमें 81 लोगों की मौत हो गई थी। प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने लोगों को घरों पर रहने की चेतावनी दी है। स्पेन में 3 दिन की इमरजेंसी लगी हुई है। यह शनिवार, 2 नवंबर तक जारी रहेगी।

मौसम विभाग ने शुक्रवार को और बारिश की चेतावनी दी है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। बाढ़ से तबाह हुए इलाकों में राहत कार्य के लिए सेना के 1,000 से ज्यादा सैनिकों को तैनात किया गया है। हालांकि, लोगों का कहना है कि उन तक पर्याप्त मदद नहीं पहुंच पा रही। बाढ़ की वजह से सड़कें टूट गई हैं और कम्युनिकेशन और बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचने से अभी कई इलाके शहरों से कटे हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक बाढ़ की वजह 'कट-ऑफ लो प्रेशर सिस्टम' था। ठंडी और गर्म हवाओं के मेल से घने बादल बने, जिससे भारी बारिश हुई। हाल के दिनों दुनिया में कई जगहों पर इस वजह से तेज बारिश और तबाही की घटनाएं हुई हैं। स्पेनी भाषा में इसे डाना इफेक्ट कहा जाता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, भूमध्य सागर का ज्यादा गर्म होना भी भारी बारिश की वजह बना। इस साल अगस्त में भूमध्य सागर का तापमान 28.47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो अब तक का सबसे ज्यादा तापमान था। स्पेन में बाढ़ का पिछले 50 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। इससे पहले साल 1973 में बाढ़ से 150 लोगों की मौत हुई थी। वैलेंशिया ने 1980 के दशक में भी दो डीएएनए तूफानों का सामना किया था।

## ट्रंप बदले की भावना-शिकायती रवैये से भरे हैं, व्हाइट हाउस में दुश्मनों की सूची लाएंगे

### कमला हैरिस का वार

फिलाडेल्फिया, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में अब चंद दिनों का समय बचा है। इस बीच डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने अपने रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप पर हमले जारी रखे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रंप लगातार अस्थिर हो रहे हैं। वे बदले की भावना से भरे हैं और बिना निगरानी वाली जबरदस्त ताकत रखते हैं।

लास वेगास में एक रैली के दौरान हैरिस ने कहा कि ट्रंप का सबकुछ नफरत पर आधारित है। वह लोगों को और ज्यादा बांटना चाहते हैं। कमला हैरिस ने कहा कि वह व्हाइट हाउस मे 'दुश्मनों की एक लिस्ट' लेकर आएंगे, जबकि वह खुद 'कामों की लिस्ट' लाएंगी।

कमला हैरिस के इस कार्यक्रम में गायिका और अभिनेत्री जेनिफर लोपेज भी शामिल रहीं। इस दौरान डेमोक्रेट उम्मीदवार ने कहा, हम जानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप कौन हैं। वह कोई ऐसे शख्स नहीं हैं, जो आपकी जिंदगी को बेहतर बनाएंगे। वह कुछ ऐसे हैं, जो आपके जीवन को और अस्थिर करेंगे।

# ट्रम्प ने बांग्लादेश में हिंसा की निंदा की

## कहा– कमला ने दुनियाभर के हिंदुओं को नजरअंदाज किया, राष्ट्रपति बना तो मैं हिफाजत करूंगा



वॉशिंगटन, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुई हिंसा की निंदा की है। उन्होंने गुरुवार को सोशल मीडिया पर दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए डेमोक्रेटिक पार्टी से राष्ट्रपति उम्मीदवार कमला हैरिस की आलोचना भी की।

बांग्लादेश में भीड़ हिंदुओं पर हमला कर रही है, लूटपाट कर रही है। वहां अराजकता की स्थिति है। मेरे कार्यकाल में ऐसा कभी भी नहीं होता। कमला और बाइडेन ने अमेरिका समेत पूरी दुनिया में हिंदुओं की अनदेखी की है। ट्रम्प ने कहा कि वे कट्टरपंथी वामपंथियों के धर्म विरोधी एजेंडे के खिलाफ हिंदुओं की रक्षा करेंगे। उन्होंने पीएम मोदी को अपना अच्छा 'दोस्त' बताया और भारत के साथ बेहतर संबंध कायम करने की बात की। ट्रम्प ने कहा कि हम अमेरिका को फिर से मजबूत बनाएंगे और यहां शांति वापस लाएंगे। बांग्लादेश में इस साल आरक्षण विरोधी आंदोलनों के चलते जून में हिंसा शुरू हुई थी। इस वजह से तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को देश छोड़कर भारत में शरण लेनी पड़ी। इसके बाद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ था। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया कि बांग्लादेश में कई जिलों में अल्पसंख्यकों, खासतौर पर हिंदू समुदाय, के खिलाफ हिंसा की कई खबरें सामने आई थीं। अब इस घटना के 4 महीने बाद ट्रम्प ने बांग्लादेशी हिंदुओं के हालत पर चिंता जताई है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में अब सिर्फ 5 दिन का वक्त बचा है। ऐसे में ट्रम्प हिंदू वोटरों को लुभाने में जुटे हैं। अमेरिकी चुनाव में बाइडेन के ट्रम्प समर्थकों को 'कचरा' कहने पर पॉलिटिक्स तेज हो गई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प बुधवार शाम को विस्कॉन्सिन में प्रचार करने गए थे। यहां वे लाल टोपी और सफाईकर्मी की जैकेट पहने कचरे वाले ट्रक में बैठे नजर आए।

ट्रम्प ने ट्रक पर बैठकर ही पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा- मैं कमला और जो बाइडेन के बयान का विरोध करता हूं। बाइडेन ने बिल्कुल वही कहा है, जो कमला हमारे समर्थकों के बारे में सोचती हैं, लेकिन मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि अमेरिका के 25 करोड़ लोग कचरा नहीं हैं।

दरअसल, 29 अक्टूबर को बाइडेन ने ट्रम्प समर्थकों को 'कचरा' कहा था। बाइडेन ने एक ट्रम्प समर्थक कॉमेडियन की टिप्पणी पर यह जवाब दिया था। न्यूयॉर्क में मैडिसन स्क्वायर गार्डन में एक रैली में कॉमेडियन टोनी हिंचक्लिफ ने प्यूर्टो रिको को 'कचरे का द्वीप' बताया था। प्यूर्टो रिको को कचरे का द्वीप कहने पर बाइडेन नाराज हो गए थे। उन्होंने कहा था- प्यूर्टो रिको समुदाय के लोग बहुत सभ्य और प्यारे हैं। अमेरिका के विकास में उनका बड़ा योगदान है। मैं तो ट्रम्प के समर्थकों को ही कचरा फैलाते हुए देखता हूं।

प्यूर्टो रिको में हिस्पैनिक मूल के लोग रहते हैं। ये स्पैनिश बोलते हैं। प्यू रिसर्च सर्वे के मुताबिक 2024 में 60% हिस्पैनिक वोटर्स डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थक हैं। वहीं रिपब्लिकन पार्टी को 34% हिस्पैनिक वोटर्स का समर्थन मिल रहा है। प्यूर्टो रिको क्यूबा और जमैका के पूर्व में एक अमेरिकी द्वीप है। साल 1898 में स्पेन ने प्यूर्टो रिको को अमेरिका को सौंप दिया था।

# नेपाल ने नोट छापने का ठेका चीनी कंपनी को दिया

काठमांडू, 1 नवंबर (एजेंसियां)। नेपाल के केंद्रीय बैंक 'नेपाल राष्ट्र बैंक' ने चीन की एक कंपनी को 100 रुपए के नए नेपाली नोट छापने का कॉन्ट्रैक्ट दिया है। इन नोटों पर बने नक्शे में भारत के लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी इलाके को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया है। इस इलाके को लेकर भारत-नेपाल के बीच करीब 35 साल से विवाद है।

रिपोर्ट के मुताबिक चीन के 'बैंक नोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन' कंपनी को नोट छापने का ठेका मिला है। चीन की कंपनी नेपाली नोट की नोट की 30 करोड़ प्रतियां छापेगी। इस पर करीब 75 करोड़ भारतीय रुपए का खर्च आएगा। यानी 100 रुपए के 1 नेपाली नोट छापने की कीमत करीब 2.50 भारतीय रुपए होगी। नेपाल में नेपाल राष्ट्र बैंक के पास नोटों के डिजाइन बदलने का अधिकार है। हालांकि, इसके लिए उन्हें सरकार से मंजूरी लेनी पड़ती है। नेपाल के मंत्रिमंडल ने इस साल मई में इस नोट के डिजाइन में बदलाव को मंजूरी दी थी। तब नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड प्रधानमंत्री थे। केपी शर्मा ओली इस सरकार का समर्थन कर रहे थे। 12 जुलाई को ओली ने प्रचंड सरकार सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। अब वे नेपाल के पीएम हैं। उनका समर्थन नेपाली कांग्रेस के नेता और पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा कर रहे हैं। नेपाल ने 18 जून 2020 को देश का नया पॉलिटिकल मैप जारी किया था। इसमें लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था। इसके लिए नेपाल के संविधान में भी बदलाव किया गया था। तब भारत सरकार ने नेपाल के इस कदम को एकतरफा बताते हुए इसका विरोध किया था।

**दो नदियों से तय हुई भारत-नेपाल की सीमा**

भारत, नेपाल और चीन सीमा से लगे इस इलाके में हिमालय की नदियों से मिलकर बनी एक घाटी है, जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को कालापानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं। अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच 1816 में हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हो गया।

काली नदी के उद्गम स्थल, यानी ये सबसे पहले कहां से निकलती है, इसे लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है। वहीं नेपाल पश्चिमी धारा को उद्गम धारा मानता है और इसी आधार पर दोनों देश कालापानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं।

# बलूचिस्तान में स्कूल के पास आतंकी हमला

## विस्फोट में 5 स्कूली बच्चों समेत 7 लोगों की मौत



इस्लामाबाद, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में हुए एक विस्फोट में पांच स्कूली छात्रों समेत 7 लोगों की मौत हो गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मस्तुंग में सिविल अस्पताल चौक पर गर्ल्स हाई स्कूल के पास कथित तौर पर एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किए गए विस्फोट में पांच बच्चों, एक पुलिस कर्मी और एक राहगीर की मौत हो गई। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआत में पांच लोगों की मौत की जानकारी दी गई थी। बाद में, घायलों में से दो ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

डीएचक्यू मेडिकल सुपरिंटेंडेंट निसार अहमद बलूच ने बताया कि 30 घायलों का फिलहाल मस्तुंग के डीएचक्यू और नवाब अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिनमें से ज्यादातर स्कूली बच्चे हैं। उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) मियांदाद उमरानी ने बताया कि मोटरसाइकिल में रिमोट कंट्रोल वाला एक्सप्लोसिव डिवाइस लगाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक मृतक स्कूली छात्रों - जिनमें लड़के और लड़कियां शामिल हैं, की उम्र 10 से 13 वर्ष के बीच है। वहीं घायलों में चार पुलिसकर्मी भी शामिल हैं।

मस्तुंग के डिप्टी कमिश्नर मीर बाज खान मर्री ने बताया कि दोनों अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। इस बीच, बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने विस्फोट की निंदा करते हुए जानमाल के नुकसान पर दुख जताया। उन्होंने शहीद पुलिसकर्मी और स्कूली बच्चों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

बच्चों सहित निर्दोष नागरिकों के खून का बदला लेने का संकल्प लेते हुए बुगती ने कहा, 'आतंकवादियों ने अब मजदूरों के साथ-साथ मासूम बच्चों को भी निशाना बनाया है।' बुगती ने कहा कि नागरिक आबादी के बीच स्थानीय लोगों को भी आतंकवादियों पर नजर रखनी होगी। आतंकवाद के शैतान से केवल एकजुट होकर ही लड़ा जा सकता है।

# बांग्लादेश में राजद्रोह के मामले में 2 हिंदू युवक गिरफ्तार

## आजादी स्तंभ पर भगवा ध्वज फहराने का आरोप, कुल 19 के खिलाफ मामला दर्ज

चिटगांव, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के चटगांव में पुलिस ने नेशनल फ्लेग के अपमान के आरोप में 2 अल्पसंख्यक हिंदू युवकों को गिरफ्तार किया है। इन पर चटगांव के न्यू मार्केट में आजादी स्तंभ पर नेशनल फ्लेग से ऊपर भगवा ध्वज फहराने का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में अन्य 17 लोगों को भी आरोपी बनाया गया है।


दरअसल 25 अक्टूबर को सनातन जागरण मंच ने चटगांव के लालदीघी मैदान में अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर एक रैली का आयोजन किया था। रैली के दौरान न्यू मार्केट चौक पर कुछ लोगों ने आजादी स्तंभ पर भगवा ध्वज फहराया था। इस ध्वज पर 'आमी सनातनी' लिखा हुआ था। घटना के बाद मोहरा इलाके के निवासी फिरोज खान ने कोतवाली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने 30 अक्टूबर को दो आरोपियों राजेश चौधरी और हृदय दास को गिरफ्तार किया।

इस मामले में चटगांव इस्कॉन के सचिव चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी उर्फ चंदन कुमार धर को भी आरोपी बनाया गया है। इससे पहले 6 अगस्त को बांग्लादेश के खुलना जिले में एक इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया गया था। इसमें भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को जला दिया गया था। इस हमले के बाद चिन्मय दास ने कहा था कि चटगांव में भी तीन अन्य मंदिरों पर भी खतरा है। लेकिन हिन्दू समुदाय मिलकर उनकी सुरक्षा में लगा है। दास का कहना था कि हिंसा से बचने के लिए हिन्दू त्रिपुरा और बंगाल के रास्ते भारत में शरण ले रहे हैं। चिन्मय दास हिन्दू मंदिरों की सुरक्षा के मुद्दे को काफी समय से उठाते रहे हैं। बांग्लादेश में पिछले दिनों सरकार गिरने के बाद से ही अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय के खिलाफ हिंसा के कई मामले सामने आए हैं। अगस्त में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदुओं पर हमले के 205 मामले सामने आए थे। इसके विरोध में चटगांव में रैली का आयोजन किया गया था। अगस्त में सत्ता परिवर्तन के बाद से अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा दिलवाने के मामले भी सामने आए थे।

बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के मुताबिक देश में नई सरकार के गठन के बाद से अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले 49 शिक्षकों से इस्तीफे ले लिए गए थे।

# जेक सुलिवन ने की अजीत डोभाल से फोन पर बात

## क्षेत्रीय सुरक्षा विकास समेत द्विपक्षीय मुद्दों पर की चर्चा





वॉशिंगटन, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत द्वारा सिख अलगाववादियों को निशाना बनाए जाने पर भारत और अमेरिका के बीच तनाव का माहौल पैदा हो गया है। इस तनाव के बीच अमेरिका के सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने अपने भारतीय समकक्ष अजीत डोभाल से फोन पर बात की। इस दौरान दोनों ने क्षेत्रीय सुरक्षा विकास और रक्षा सहयोग समेत द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। व्हाइट हाउस ने बुधवार को बताया कि दोनोंदेशों के सुरक्षा सलाहकारों के बीच भारत-प्रशांत क्षेत्र और वैश्विक स्तर पर स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अन्य प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

व्हाइट हाउन ने कहा, उन्होंने (भारत) ने द्विपक्षीय साझेदारी में विकास का स्वागत किया। इसमें क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी (आईसीईटी) इंटरसेशनल और हिंद महासागर संवाद पर आगामी पहल भी शामिल है। उन्होंने स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला और रक्षा सहयोग समेत प्रमुख क्षेत्रों में निकट सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा की। दोनों नेताओं ने बुधवार को फोन पर बात की। इससे पहले कनाडा द्वारा केंद्रीय मंत्री अमित शाह के ऊपर लगाए गए आरोप चिंताजनक हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, कनाडाई सरकार द्वारा लगाए गए आरोप चिंताजनक है और हम इसे लेकर कनाडाई सरकार से बात कर रहे हैं।

कनाडा के डिप्टी विदेश मंत्री डेविड मोरीसन ने अमेरिकी मीडिया की एक लीक रिपोर्ट की पुष्टि की थी, जिसमें बताया गया था कि अमित शाह कनाडा में सिख अलगाववादियों को निशाना बनाने के अभियान के पीछे थे। इस पर किए गए सवाल का जवाब देते हुए मोरीसन ने कहा कि उन्होंने मीडिया रिपोर्ट में अमित शाह के नाम की पुष्टि की थी।



# टिकट मिलते ही किरोड़ी खुद को मंत्री बताने लगे

## डोटासरा बोले-मंत्री-एमएलए के काम नहीं हो रहे हैं, जनता के क्या करवाएंगे

सीकर,1 नवंबर (एजेंसियां)। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा पर निशाना साधा है। डोटासरा ने कहा कि टिकट मिलते ही किरोड़ी ने खुद को मंत्री कहना चालू कर दिया। इसके पहले वह इस्तीफा दे चुके थे और मंत्री भी रहे। दरअसल, शुक्रवार को डोटासरा दीपावली के अगले दिन सीकर में नवलगढ़ रोड स्थित अपने आवास पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने पहुंचे थे। यहां मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने किरोड़ी और भाजपा पर निशाना साधा।




**मंत्री-एमएलए के काम नहीं हो रहे, जनता के क्या काम करवाएंगे**

मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, जनप्रतिनिधियों की कोई पूछ नहीं रहा है। ब्यूरोक्रेसी पूरी तरह से हावी है। राजस्थान में दो ही तरह के लोगों के काम हो रहे हैं या तो ब्यूरोक्रेसी से जिसकी सांठ-गांठ हो या दिल्ली से किसी की पर्ची आई हुई है। हर मंत्री और एमएलए को आप पूछ लीजिए कि उनके खुद के काम ही नहीं हो रहे। तो वो जनता के तो क्या काम करवाएंगे।कृषि मंत्री ने इस्तीफा देकर 3 महीने तक असमंजस की स्थिति बनाए रखी। इस्तीफा भी दे दिया और मंत्री भी रहे,हूं भी और नहीं भी। टिकट मिलने के बाद में जिस तरह से उन्होंने अपने आप को वापस मंत्री कहना चालू कर दिया। ऐसे चीजें वर्तमान में बीजेपी की राजनीति के चरित्र को उजागर करती है कि वह अपने स्वार्थ के लिए काम करते हैं न कि जनता के स्वार्थ के।

**उपचुनाव में 15-20 सीनियर लीडर की ड्यूटी लगाई**

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने उपचुनाव पर बोलते हुए कहा कि जिन विधानसभा क्षेत्र में चुनाव होने हैं। वहां नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब प्रचार चालू हो चुका है। वहां हमने टीमें लगा दी है। हमारे 15-20 सीनियर लीडर हैं उनकी ड्यूटी लगाई गई है। वह लोग लगातार प्रचार में लगे हुए हैं। अब 3 नवंबर के बाद प्रचार और तेज होगा। डोटासरा ने कहा कि पिछले 10 महीने में राजस्थान में बीजेपी के सरकार की विफलताएं हैं। वादे करके इन्होंने सत्ता हासिल की थी लेकिन कोई भी काम नहीं किया है। किसी का कोई काम नहीं हो रहा है और हर वर्ग दुखी और परेशान है।

**बागियों पर बोले- पार्टी से बाहर करेंगे**

कांग्रेस से बागी होने वाले नेताओं की बात पर डोटासरा ने कहा कि इसके लिए रिपोर्ट मंगवाई गई है। यदि कोई कांग्रेस पार्टी से जुड़ा हुआ व्यक्ति है और बागी है तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होगी, उसको हम लोग पार्टी से बाहर करेंगे। जो कांग्रेस में विश्वास करता है,जो कांग्रेस की विचारधारा में विश्वास करता है, जो कांग्रेस को मजबूत करता है उन लोगों के अलावा जो भी ऐसे लोग हैं जो अपने स्वार्थ के लिए पार्टी को नुकसान करते हैं उनसे हम कोई वास्ता नहीं रखने वाले। डोटासरा हर बार दीपावली के दिन रात को अपने विधानसभा क्षेत्र लक्ष्मणगढ़ में जाकर लोगों से दीपावली की राम-राम करते हैं लेकिन इस बार लक्ष्मणगढ़ में हुए बस हादसे के चलते वह लक्ष्मणगढ़ नहीं गए और आज सीकर में ही लोगों से मिलने का कार्यक्रम रखा।

# राजस्थान रॉयल्स ने संजू-यशस्वी को 18-18 करोड़ में रिटेन किया

## बटलर, चहल समेत 16 खिलाड़ी किए रिलीज; पर्स में बचे सिर्फ 41 करोड़

जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले सभी 10 टीमों ने प्लेयर्स के रिटेंशन की लिस्ट जारी कर दी है। राजस्थान रॉयल्स ने 6 प्लेयर्स को रिटेन किया है। इनमें पांच कैप्ड खिलाड़ी कप्तान संजू सैमसन, यशस्वी जायसवाल, रियान पराग, ध्रुव जुरेल और शिमरोन हेटमायर को रिटेन किया है। अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में संदीप शर्मा को रिटेन किया है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने स्टार खिलाड़ी जोस बटलर, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल समेत 16 खिलाड़ियों को रिलीज किया है।

संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल को 18-18 करोड़ में रिटेन किया गया है। ध्रुव जुरेल व रियान पराग को 14-14 करोड़ और शिमरोन हेटमायर को 11 करोड़ और संदीप शर्मा को 4 करोड़ रुपए में रिटेन किया है। इन छह खिलाड़ियों पर राजस्थान रॉयल्स ने 79 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। राजस्थान रॉयल्स के पास पर्स में 120 करोड़ में से अब महज 41 करोड़ बचे हैं, जिसमें उसे मेगा ऑक्शन में अपनी पूरी टीम तैयार करनी है।




आईपीएल में हर 4 साल में एक बार मेगा ऑक्शन होता है। इससे टीमें केवल चुनिंदा खिलाड़ियों को छोड़कर सभी को रिलीज कर देती है। इसके बाद हर फ्रेंचाइजी नए सिरे से फिर से अपनी टीम तैयार करती हैं। हालांकि आईपीएल - 2025 से पहले हर फ्रेंचाइजी को अधिकतम 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की अनुमति थी। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स टीम की शुरुआत बड़ी ही धमाकेदार रही थी। तब शेन वॉर्न की कप्तानी में राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल का पहला ही सीजन जीत लिया था। लेकिन, साल 2008 में खिताबी जीत हासिल करने के बाद टीम दोबारा चैंपियन नहीं बन पाई है। पिछले 16 साल में सिर्फ एक ही बार राजस्थान रॉयल्स की टीम आईपीएल के फाइनल तक पहुंची। पिछले सीजन आईपीएल-2024 में राजस्थान रॉयल्स की शुरुआत बेहद ही शानदार रही थी। टीम के सभी खिलाड़ी शानदार परफॉर्मेंस दे रहे थे। एलिमिनेटर जीतने के बाद राजस्थान रॉयल्स को क्वालिफायर-2 में सनराइजर्स हैदराबाद ने शिकस्त दी थी। जिससे टीम का फिर से आईपीएल खिताब जीतने का सपना पूरा नहीं हो सका।

# दो बाइकों की भिड़ंत में 3 युवकों की मौत

## दीपावली का सामान लेकर लौट रहे थे 2 दोस्त, घर के नजदीक ही दम तोड़ा

भिवाड़ी (अलवर), 1 नवंबर (एजेंसियां)। खैरथल-तिजारा जिले में दो बाइक से भिड़ंत में 3 युवकों की ही मौत हो गई। वहीं, एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए रेवाड़ी के निजी हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। घटना फतेहाबाद गांव के पास गुरुवार शाम 5:30 बजे की है। फतेहाबाद निवासी रामनिवास ने बताया कि उसका भतीजा योगेश (20) अपने दोस्त नितेश (21) के साथ बीबीरानी में दीपावली का सामान लेने गया था।

वापसी में गांव से करीब 1 किमी पहले ही सामने से आ रही बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। जिससे योगेश और उसका दोस्त नितेश सहित दूसरी बाइक पर बैठे अन्य दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। नितेश को तुरंत कोटकासिम अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं योगेश को परिजन अलवर जिला हॉस्पिटल ले गए, जहां डॉक्टरों ने योगेश को भी मृत घोषित कर दिया। योगेश और नितेश के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। वहीं दूसरी बाइक पर सवार तेज सिंह (40) पुत्र लालसिंह यादव निवासी किशनगढ़बास की भी एक्सीडेंट में मौत हुई है। तेज सिंह के साथ लिफ्ट लेकर आ रहे कोटकासिम के जाटूवास निवासी मिंटू (38) पुत्र शेर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे रेवाड़ी के पुष्पांजलि अस्पताल में भर्ती कराया। कोटकासिम थाना अधिकारी नंदलाल सिंह जांगिड़ ने बताया कि 2 बाइकों की भिड़ंत में 3 युवकों की मौत हो गई। मॉर्च्युरी में रखे शवों को आज परिजनों को सौंपे जाएगा। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

**योगेश 2 महीने पहले ही बना था पिता**

योगेश के चाचा रामनिवास ने बताया कि उनके भतीजे योगेश की 1 साल पहले ही शादी हुई थी। उसका 2 महीने का एक लड़का है, जिसका दशहरे को कुंआ पूजन किया गया था। योगेश फाइनल ईयर का स्टूडेंट था, वहीं उसका दोस्त नितेश भी फाइनल ईयर का स्टूडेंट था। दोनों बीबीरानी कॉलेज में पढ़ने थे।

# राजस्थान के 5-6 छोटे जिले खत्म होना लगभग तय

## रिव्यू कमेटी की रिपोर्ट पर उपचुनाव के बाद होगा फैसला, बरकरार रह सकते हैं बड़े जिले

जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सरकार में बने जिलों के रिव्यू के लिए बनी मंत्रियों की कमेटी ने काम लगभग पूरा कर लिया है। उपचुनाव के बाद कमेटी सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। सरकार नवंबर में गहलोत राज के छोटे जिलों को खत्म करने या बरकरार रखने पर फैसला करेगी। मंत्रियों की कमेटी का भी मानना है कि मापदंडों को पूरा नहीं करने वाले जिलों को मर्ज कर देना चाहिए।

रिव्यू कमेटी गहलोत राज के छोटे जिलों को खत्म करने की सिफारिश करेगी। रिव्यू कमेटी में शामिल कई मंत्रियों ने इस तरह के संकेत दिए हैं। पूर्व आईएएस ललित के पंवार कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मंत्रियों ने हर जिले पर अपनी राय दी है। जो जिले मापदंड पूरे कर रहे हैं, जहां जनसंख्या और क्षेत्रफल ज्यादा है, लोगों की सुविधा के लिए जिला बनना जरूरी है। उन जिलों को बरकरार रखने की सिफारिश होगी।



गहलोत राज के दौरान बनाए गए छोटे जिलों में दूदू, सांचौर, गंगापुर सिटी, शाहपुरा और केकड़ी को लेकर सवाल उठे थे। इन जिलों के इलाके बहुत छोटे हैं। उपखंड जितना ही इलाका है। इन्हें जिले बनाने पर विपक्ष में रहते हुए बीजेपी ने भी खूब सवाल उठाए थे। रिव्यू कमेटी में शामिल मंत्रियों ने भी कहा था कि विधानसभा क्षेत्र जितने इलाकों को जिला बना दिया। इस हिसाब से 200 जिले बनाने पड़ेंगे। मंत्रियों की कमेटी ने रिपोर्ट में हर जिले पर अपनी सिफारिश देगी।

**मंत्रियों की कमेटी फाइनल सिफारिश करेगी**

गहलोत राज के जिलों पर पहले रिटायर्ड आईएएस ललित के पंवार कमेटी ने रिपोर्ट दी। पंवार कमेटी ने हर जिले का दौरा कर लोगों और प्रशासनिक अफसरों से बात की। जिला मापदंडों पर कितना खरा उतरता है। जो जिला बना है, उसकी जरूरत थी या नहीं, इन सब तथ्यों को शामिल करते हुए फैक्चुअल रिपोर्ट दी थी। पंवार कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर ही मंत्रियों की कमेटी ने रिपोर्ट तैयार की है।

रिव्यू कमेटी के संयोजक पहले डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा थे। बैरवा दूदू से विधायक हैं। दूदू को जिला बनाने पर पहले भी सवाल उठे थे। रिव्यू कमेटी दूदू को मर्ज करने पर सिफारिश कर सकती है। दूदू पर फैसले से पहले बैरवा को संयोजक पद से हटाकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को इसकी जिम्मेदारी दी गई। रिव्यू कमेटी के संयोजक बदलने से इस बात के साफ संकेत मिल गए कि दूदू को मर्ज किया जा सकता है।

गहलोत राज के छोटे जिलों को खत्म करने पर मंत्रियों की कमेटी की रिपोर्ट आने से पहले ही खूब विरोध हो चुका है। गंगापुर सिटी, सांचौर सहित कई जगहों पर कांग्रेस नेताओं ने सितंबर में धरने प्रदर्शन किए थे। गहलोत राज के दौरान बने छोटे जिले खत्म करने पर आगे भी सियासी विवाद होना तय है। सरकार को छोटे जिलों को मर्ज करने और पुनर्गठन का फैसला 31 दिसंबर से पहले करना होगा। 31 दिसंबर तक ही जनगणना रजिस्ट्रार जनरल ने जिलों से लेकर उपखंड, तहसील व नए गांव बनाने और उनकी बाउंड्री बदलने की छूट दे रखी है। 1 जनवरी 2025 से नई प्रशासनिक यूनिट बनाने और प्रशासनिक यूनिट की बाउंड्री बदलने पर रोक लग जाएगी। पहले 1 जुलाई से सीमाएं फ्रीज थीं। सीएम भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लेटर लिखकर छूट मांगी थी। इसके बाद में बजट में जिले, तहसील, उपखंड और गांवों के गठन की छूट दी थी। जनगणना रजिस्ट्रार जनरल ने देश भर में नई प्रशासनिक यूनिट बनाने पर लगी रोक को 31 दिसंबर तक हटाने का फैसला किया था।

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत

## दीपावली पर मंदिर में दीपक जलाकर लौट रही थी घर, परिवार को डेढ़ घंटे बाद पता चला

कोटा, 1 नवंबर (एजेंसियां)। कोटा में तेज स्पीड बाइक ने बुजुर्ग महिला को टक्कर मार दी। महिला मंदिर में दीपक जलाकर लौट रही थी। घर से करीब 200 मीटर पहले सड़क पार करते समय बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक सवार युवक 10 फीट दूर जाकर गिरा। राहगीरों ने तुरंत घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन जान नहीं बच पाई। महिला के परिजनों को करीब डेढ़ घंटे बाद हादसे के बारे में पता चला। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दुर्घटना थाना के हेड कॉन्स्टेबल इरशाद मोहम्मद ने बताया- गोवर्धनपुरा कोटड़ी रोड (कोटा) की रहने वाली पार्वती पांडेय (66) को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। वह दीपावली की शाम (गुरुवार) को करीब 6 बजे मंदिर में दीपक जलाने गई थी। घर लौटते समय सड़क क्रॉस कर रही थी। इसी दौरान तेज स्पीड में बाइक लेकर आए युवक ने उनको टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बुजुर्ग महिला वहीं पर गिर गईं। आसपास मौजूद लोगों ने घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन उनकी मौत हो गई। परिजनों की शिकायत पर बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज किया है और मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल बाइक के नंबर पता लगे हैं। महिला के बेटे राकेश पांडेय ने बताया- हमारे घर से करीब 200 मीटर की दूर पर एक मंदिर है। मम्मी रोजाना रोड क्रॉस करके मंदिर में दर्सन करने जाती थीं।

गुरुवार शाम को दीपावली के मौके पर भी वह मंदिर में दीपक जलाने गई थीं। शाम करीब 6.15 बजे मंदिर से घर लौट रही थी। राकेश ने बताया- घर पर लक्ष्मी पूजन की तैयारी चल रही थी। मम्मी के घर लौटने का इंतजार कर रहे थे। डेढ़ घंटे बाद भी मम्मी घर नहीं लौटीं तो भतीजा उनको ढूंढने निकला। उसने मंदिर के साथ ही आस-पास की जगहों पर उनकी तलाश किी। फिर हॉस्पिटल और थाने में जाकर पूछताछ की। करीब डेढ़ घंटे बाद मम्मी के एमबीएस हॉस्पिटल में होने की जानकारी मिली। डॉक्टर ने मम्मी को मृत घोषित कर दिया था।

# उदयपुर में पिंजरे में कैद लेपर्ड ग्रामीणों पर गुर्राया

## 2 दिन पहले जहां बछड़े का शिकार किया था, वहीं फंसा; अब तक 7 तेंदुए पकड़े

उदयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। उदयपुर के गोगुंदा और झाड़ोल में आदमखोर लेपर्ड 10 लोगों का शिकार कर चुका है। इन इलाकों में लेपर्ड की दहशत बनी हुई है। गोगुंदा से करीब 72 किमी दूर मावली तहसील इलाके में शुक्रवार सुबह एक लेपर्ड पिंजरे में कैद मिला। यह वही जगह है, जहां बुधवार सुबह लेपर्ड ने एक बछड़े का शिकार किया था। इसके बाद यहां वन विभाग की ओर से पिंजरा लगाया था। उदयपुर में अब तक सात तेंदुओं को पिंजरे में पकड़ा जा चुका है। मावली तहसील के लदाना गांव में आज सुबह जब ग्रामीणों ने लेपर्ड को पिंजरे में कैद देखा तो उन्होंने उसका वीडियो बनाया। इस दौरान लेपर्ड ने गुर्राते हुए आंख दिखाई।

क्षेत्रीय वन अधिकारी भैरूलाल परमार ने बताया- मावली तहसील में फतहनगर के पास बासनीकला ग्राम पंचायत के लदाना गांव में बछड़े का शिकार होने की जानकारी ग्रामीणों से मिली थी। इसके बाद बुधवार रात पिंजरा लगा दिया गया था। आज सुबह देखा तो पिंजरे में लेपर्ड फंस गया था। यह मादा लेपर्ड है, जिसकी उम्र दो साल है। इसे सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क ले जाया गया है।



लदाना गांव के दलपत सिंह झाला ने बताया- लेपर्ड को देखने पिंजरे के पास गए तो वह गुर्राने लगा। लेपर्ड का वीडियो भी बनाया। लेपर्ड अपनी आंखें बड़ी-बड़ी करते हुए गुर्रा रहा था।

वन विभाग की टीम को पिंजरे में लेपर्ड के फंसने की सूचना दी, जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि पिछले कई दिनों से ग्रामीण लेपर्ड को देख रहे थे। उसके मूवमेंट से ग्रामीण भयभीत थे। लेपर्ड यहां मवेशियों का शिकार कर रहा था। इधर, मावली से करीब 55 किमी दूर कुराबड़ ब्लॉक के सोमाखेड़ा ग्राम पंचायत के केड़िया गांव में शुक्रवार सुबह करीब 9:30 बजे लेपर्ड बछड़े को उठाकर ले गया। ग्रामीण मुकेश पटेल ने बताया कि हीरा पुत्र मोड़ा के बाड़े में लेपर्ड आया। इसके बाद बछड़े को लेकर भाग गया। ग्रामीणों ने यहां पिंजरा लगाने की मांग की। उन्होंने बताया कि लेपर्ड दिन से यहां आ रहा है।

# राजस्थान सरकार इस साल एमएसपी पर नहीं खरीदेगी बाजरा

## केंद्र से बजट नहीं मिला; राशन और मिड-डे मील में देने की योजना भी अटकी

जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में इस साल भी बाजरे की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद नहीं हो सकेगी। केंद्र सरकार से एमएसपी पर खरीद के लिए मंजूरी और बजट नहीं मिला है। केंद्र से बजट मिले बिना एमएसपी पर खरीद का काम आगे नहीं बढ़ सकता। राज्य सरकार इस साल एमएसपी पर बाजरा खरीद से इनकार कर चुकी है। राज्य सरकार ने इस मामले में केंद्र से चिट्ठी लिखकर मांग की थी, लेकिन मंजूरी नहीं मिली। इस साल बाजरे पर 2625 रुपए प्रति क्विंटल का एमएसपी है, लेकिन बाजार में किसानों को यह भाव नहीं मिल पाता। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बाजरे की सरकारी खरीद के मुद्दे पर खाद्य मंत्री सुमित गोदारा के जवाब के दौरान खूब हंगामा हुआ था। इस पर सीएम भजनलाल शर्मा ने किसानों से एमएसपी पर बाजरा खरीदने की संभावनाओं पर कदम उठाने का आश्वासन दिया था। बजट सत्र में सरकार की तरफ से आश्वासन दिया, लेकिन इसे लेकर बजट तय नहीं हो पाया। एमएसपी पर बाजरा खरीदने के लिए करीब 1400 करोड़ का बजट चाहिए।

**हरियाणा में होती है बाजरे की सरकारी खरीद**

हरियाणा में पिछले कई साल से एमएसपी पर बाजरे की खरीद हो रही है। राजस्थान के किसानों को लंबे समय से एमएसपी पर बाजरे की खरीद का इंतजार है। केंद्र की कांग्रेस सरकार के दौरान साल 2011-12 में एमएसपी पर बाजरा खरीदने की शुरुआत हुई थी, लेकिन उस दौरान 1000 टन बाजरा भी नहीं खरीदा गया था। उसके बाद पिछले 13 साल में खरीद नहीं हुई।

**देश का 31 फीसदी बाजरा राजस्थान में पैदा होता है**

राजस्थान में देश का करीब 31 फीसदी बाजरा पैदा होता है। बाजरा पैदा करने में राजस्थान नंबर वन स्टेट है, लेकिन यहां प्रभावी तरीके से कभी बाजरे की एमएसपी पर खरीद का सिस्टम विकसित नहीं हुआ। हर साल औसतन 40 से 45 लाख टन बाजरे की पैदावार होती है। उत्पादन बारिश पर निर्भर करता है इसलिए घटता-बढ़ता रहता है । बाजरे पर एमएसपी तय होने के बावजूद इसकी सरकारी खरीद नहीं होने पर किसान कल्याण समिति ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रखी है। इस याचिका के जवाब में सरकार ने हाईकोर्ट में पेश जवाब में साफ किया है कि इस साल एमएसपी पर बाजरे की खरीद नहीं होगी। राज्य सरकार पहले मिड-डे मील में बाजरा और मोटे अनाज देने की योजना पर काम कर रही थी, लेकिन फिलहाल उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया। सर्दियों में राशन में गेहूं की जगह बाजरा देने की योजना पर भी विचार किया जा रहा है, लेकिन जब तक एमएसपी पर बाजरा नहीं खरीदा जाएगा, तब तक यह संभव नहीं है।

# एमपी का चीता राजस्थान में घूमेगा

## कूनो से मुकुंदरा रिजर्व तक कॉरिडोर बनाने की तैयारी; 10 माह पहले 2 चीते इस इलाके में आए थे

कोटा, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के चीते राजस्थान में भी घूमेंगे। इसके लिए मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से राजस्थान की सीमाओं से सटे इलाकों में कॉरिडोर बनाने की तैयारी चल रही है। सितंबर में हुई मीटिंग में कूनो-गांधी सागर अभयारण्य से भैंसरोड़गढ़, भैंसरोड़गढ़ से मुकुंदरा रिजर्व और शेरगढ़ सेंचुरी से कूनो तक करीब 1500 से 2000 किलोमीटर कॉरिडोर (सर्किट) को लेकर चर्चा हुई। डीसीएफ वन्य जीव अनुराग भटनागर ने बताया- चीता पहले भी कूनो से भटक कर राजस्थान आ चुका है। ऐसे में कॉरिडोर बनता है तो निश्चित रूप से यह राज्य के लिए खुशी की बात होगी।

**चीते के बारे में जागरूक कर रहा वन विभाग**

डीसीएफ वन्य जीव अनुराग भटनागर ने बताया- 29-30 सितंबर को कूनो नेशनल पार्क में हुई मीटिंग में गांधी सागर (मध्यप्रदेश) में चीते बसाने के बारे में विस्तृत चर्चा हुई थी। हालांकि, इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। लेकिन, ये साफ है कि अगर गांधी सागर में चीता आता है तो निश्चित ही वो राजस्थान में घूमेगा। क्योंकि सीमाएं मिली हुई हैं। हमने शेरगढ़ (कोटा) में तैयारियां शुरू कर दी हैं। विभाग ने अवेयरनेस कैंप लगाकर लेपर्ड और चीतों के बारे में लोगों को जागरूक करने की तैयारी शुरू कर दी है। भटनागर ने बताया- राजस्थान में भविष्य में चीता प्रोजेक्ट को लेकर हमने शेरगढ़ व भैंसरोड़गढ़ के लिए 10 करोड़ के प्रस्ताव मुख्यालय को भिजवाए हैं। कूनो से गांधी सागर, गांधी सागर से भैंसरोड़गढ़, भैंसरोड़गढ़ से मुकुंदरा रिजर्व और शेरगढ़ सेंचुरी से कूनो तक करीब 1500 से 2000 किलोमीटर का सर्किट बन सकता है। वन विभाग के अनुसार, 10 माह पहले कूनो नेशनल पार्क से भटक कर अग्नि और वायु राजस्थान के बारां व करौली इलाके में पहुंच गए थे। चर्चाएं तभी से थीं कि अगर चीता एक बार यहां आया है तो फिर से इसके आने की संभावना बढ़ जाती है। अब इसी के चलते गांधी सागर अभयारण्य से सटी राजस्थान की भैंसरोड़गढ़, मुकुंदरा व शेरगढ़ सेंचुरी में भी जरूरी तैयारियां की जा रही है। भटनागर ने बताया- पहले 5 हेक्टेयर में एनक्लोजर बनाना था। अब 25 से 50 हेक्टेयर में एनक्लोजर बनेगा। भैंसरोड़गढ़ में साढ़े 9 करोड़ रुपए का बजट है। यहां की जावदा रेंज में पानी, शाकाहारी जीव और ग्रासलैंड भरपूर हैं। इसमें प्रे बेस (शाकाहारी जीव) के लिए 25-25 हेक्टेयर में एनक्लोजर बनाए जाएंगे। 500 हेक्टेयर में ग्रासलैंड, प्रे बेस, ब्रीडिंग ग्राउंड बनाएंगे।

# लिफ्ट के नीचे दबने से युवक की मौत

## मोबाइल लेने के लिए गया था, अचानक ऊपर से आकर गिर गई

श्रीगंगानगर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीगंगानगर में फोटो एलबम की दुकान में लिफ्ट गिरने से उसके नीचे दबे एक युवक की मौत हो गई। युवक लिफ्ट में नीचे की तरफ मोबाइल लेने के लिए गया था। इसी दौरान अचानक लिफ्ट उस पर आ गिरी। एसएचओ पृथ्वीपाल सिंह ने बताया कि सेतिया कॉलोनी निवासी मनोज कुमार (40) की मौत हुई है। युवक के पिता राजेंद्र कुमार ने बताया कि वह पी ब्लॉक की रॉयल एलबम शॉप पर काम करता था।

बुधवार रात 11 बजे युवक दुकान की सफाई कर रहा था। इसी दौरान उसका मोबाइल उस जगह पर गिर गया, जहां दुकान में लगी लिफ्ट आकर ठहरती थी। युवक जैसे ही मोबाइल लेने के लिए वहां पहुंचा, ऊपर से लिफ्ट उस पर गिर गई। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। एसएचओ पृथ्वीपाल सिंह का कहना है कि इस मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, दुकान को सीज भी नहीं किया गया। जांच अधिकारी से रिपोर्ट मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। दुकान के पार्टनर कुंदन धामू ने बताया कि संभवतः युवक सफाई या किसी अन्य काम से उस जगह पर गया था, जहां लिफ्ट जाकर ठहरती है। युवक लिफ्ट की आवाज सुन नहीं पाया। यह एक हादसा है।

**2 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

युवक के परिवार में पिता, पत्नी और 2 बेटे हैं। पिता हेल्थ डिपार्टमेंट के रिटायर्ड कर्मचारी हैं।

बड़ा बेटा यश है, जो करीब 13 साल का है और 9वीं कक्षा में पढ़ता है। छोटा बेटा खुशहाल 11 साल का है और कक्षा छठी क्लास में पढ़ता है। मनोज का छोटा भाई भी प्राइवेट जॉब करता है।

# मंदिरों की जमीन पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाएगी सरकार

## 252.39 एकड़ मंदिर भूमि पर सौर संयंत्र स्थापित करने की योजना

## पहले चरण में 5 जिलों में स्थापित किए जाएंगे संयंत्र



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंदिर की विशाल भूमि को संरक्षित करने के लिए, राज्य सरकार ने हरित ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए इन भूमियों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की पहल की है। सूत्रों का कहना है कि राज्य सरकार 252.39 एकड़ मंदिर भूमि पर सौर संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही थी। पहले चरण में, 5 जिलों-सिद्दीपेट, मेदक, निर्मल, निजामाबाद और नलगोंडा में 231.05 एकड़ में सौर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। दूसरे चरण में हनमकोंडा और महबूबाबाद जिलों में फैली 21.34 एकड़ मंदिर भूमि पर सौर संयंत्र बनाए जाएंगे।

सिद्दीपेट जिले के चेरयाला मंडल में श्री वेणुगोपालस्वामी मंदिर की 9.06 एकड़ भूमि, मेदक जिले में श्री लक्ष्मीनारायण स्वामी मंदिर की 100 एकड़ भूमि, निर्मल जिले में बिमसा श्री गोशाला की 96.36 एकड़ भूमि और निजामाबाद जिले के एडापल्ली मंडल में जनकम्पेट गांव की 9.10 एकड़ भूमि पर सौर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

इसी तरह, नलगोंडा जिले के मोथकुर मंडल के बिज्जलपुरम गांव में स्थित लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी देवस्थानम के 15.33 एकड़ क्षेत्र में सौर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को परियोजना को लागू करने और इसके रखरखाव की जिम्मेदारी दी जाएगी। राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों को सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए धन भी उपलब्ध कराएगी। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सौर संयंत्रों के रखरखाव के माध्यम से राजस्व अर्जित करने में मदद मिलेगी।

अधिकारियों ने दावा किया कि मंदिर की ज़मीन पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से न केवल मंदिरों के बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि उन्हें अतिक्रमण से भी बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इस कदम से मंदिरों को बिजली ग्रिड के ज़रिए डिस्कॉम को अतिरिक्त बिजली बेचकर राजस्व अर्जित करने में भी मदद मिलेगी।

सरकार ने पहले ही यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि मंदिर की जमीनें किसी व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत न हों और यहां तक कि बंदोबस्ती विभाग द्वारा जियो-टैगिंग का काम भी शुरू कर दिया गया है। अब तक करीब 34,000 एकड़ मंदिर की जमीन को जियो-टैग किया जा चुका है। जिला कलेक्टरों को निर्देश दिया गया है कि वे अतिक्रमित और अलग की गई बंदोबस्ती जमीनों को वापस पाने

## बीसी आयोग की जन सुनवाई में शोरगुल

करीमनगर, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा आयोजित जन सुनवाई में उस समय शोरगुल देखने को मिला जब विभिन्न पिछड़ा वर्ग समुदायों के प्रतिनिधियों ने बीआरएस विधायकों को अधिक समय दिए जाने पर आपत्ति जताई। स्थानीय निकाय चुनावों में समुदाय के लोगों को आरक्षण प्रदान करने के सरकार के फैसले पर विभिन्न पिछड़ा वर्ग समुदायों से राय एकत्र करने के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग ने शुक्रवार को यहां करीमनगर कलेक्ट्रेट सभागार में एक जन सुनवाई आयोजित की।

अन्य संगठनों के अलावा बीआरएस ने भी एक ज्ञापन सौंपा। विधायक पाडी कौशिक रेड्डी और डॉ.के संजय कुमार के साथ करीमनगर के मेयर वाई सुनील राव ने आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर स्थानीय निकाय चुनावों में पिछड़ी जातियों को 42 प्रतिशत आरक्षण देने के राज्य सरकार के फैसले का समर्थन किया। जब कौशिक रेड्डी बोल रहे थे, तब विभिन्न पिछड़ी जातियों के समुदायों और संगठनों के प्रतिनिधियों ने बीआरएस नेताओं को अधिक समय दिए जाने पर आपत्ति जताई।

उन्होंने कहा कि आयोग ने उन्हें कम समय दिया और बीआरएस विधायकों को लंबे भाषण देने की अनुमति दी। उन्होंने आयोग द्वारा उनके साथ किए जा रहे भेदभाव पर सवाल उठाया। अध्यक्ष जी निरंजन के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ। इससे पहले, आयोग के समक्ष बीआरएस पार्टी की राय रखते हुए कौशिक रेड्डी ने हाल ही में उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को समर्पित आयोग के गठन के निर्देश के मद्देनजर आयोग की पवित्रता पर सवाल उठाया।

उन्होंने सवाल किया कि जब अदालत ने सरकार को एक समर्पित आयोग बनाने का निर्देश दे दिया है, तो जनता से राय लेने की क्या ज़रूरत थी? अगर भविष्य में कोई अदालत के पास गया तो आयोग का क्या होगा? उन्होंने कहा कि भविष्य में समस्याएँ पैदा हो सकती हैं। बिहार और महाराष्ट्र में जाति जनगणना के मुद्दों का जिक्र करते हुए विधायक ने बताया कि स्थानीय अदालतों ने प्रक्रियागत खामियों के कारण रिपोर्ट को खारिज कर दिया। उन्होंने सलाह दी कि सरकार को वर्ष 2010, 2021 और 2022 में विभिन्न मामलों में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर विचार करना चाहिए। यह तर्क देते हुए कि आयोग की रिपोर्ट न्यायिक जांच में टिक नहीं पाएगी, विधायक ने कहा कि यह अदालती मामलों में जा सकती है। संविधान के अनुसार, आरक्षण का प्रतिशत 50 से अधिक नहीं होना चाहिए। सरकार पिछड़े वर्गों को 42 प्रतिशत आरक्षण कैसे दे सकती है? उन्होंने सवाल उठाया और कहा कि सरकार इस मुद्दे पर अपना रुख बताए।

# महिलाओं को आत्मसम्मान के साथ जीना चाहिए : सीएम नायुडू



